CMYK

ताप्मान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 17°C
सेंसेक्स 75,364.69 निफ्टी 22,904.45
सोना 91,455 चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 6 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 243 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## जस्टिस वर्मा ने ली इलाहाबाद में शपथ

### मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने लाइब्रेरी हॉल में पद वगोपनीयता की दिलाई शपथ

**प्रयागराज, वार्ता**



- जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हुआ

**घर से भारी** मात्रा में नोट मिलने के बाद चर्चा में आए जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतौर न्यायाधीश पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर ली है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने उन्हें लाइब्रेरी हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के शपथ ग्रहण पर आपत्ति जताई थी। रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की शपथ सुबह 9.30 पर मुख्य न्यायाधीश के लाइब्रेरी हॉल में हुई। इलाहाबाद हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर उनका नाम सातवें नंबर पर अपलोड किया गया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में रहते हुए कैश कांड में घिरे थे। उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शपथ पर आपत्ति जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा कि बार एसोसिएशन इस बात से परेशान है कि एसोसिएशन को शपथ ग्रहण की जानकारी क्यों नहीं दी गई। जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने के कॉलेजियम के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने सात दिनों तक कामकाज ठप रखा था। बाद में वादकारियों की दिक्कतों को देखते हुए 29 मार्च को हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। मंगलवार से हाईकोर्ट में कामकाज शुरू हो गया था।

## आपदा प्रभावित राज्यों के लिए 1280 करोड़ की सहायता मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में बैठक में चार राज्यों को मिली सौगात

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की शनिवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने बताया है कि उच्चस्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से तीन राज्यों को 1247.29 करोड़ रुपये और एक केंद्रशासित प्रदेश को 33.06 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो राज्य आपदा मोचन निधि में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अंतर्गत है। अभी जारी कुल 1280.35 करोड़ रुपये की राशि में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपये और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष और केंद्र शासित प्रदेश आपदा मोचन कोष में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पास है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केन्द्र सरकार ने राज्य आपदा कोष के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा कोष के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

## भारत हर परिस्थिति में श्रीलंका के साथ: मोदी

### श्रीलंका से हमारे सदियों पुराने आध्यात्मिक व आत्मीयता भरे संबंध

**कोलंबो, वार्ता**



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने कहा है कि भारत- श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं, उनकी सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है तथा भारत सच्चे पड़ोसी तथा मित्र के रूप में हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्रीलंका के साथ खड़ा है।

श्रीलंका यात्रा पर आए श्री मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के संयुक्त प्रेस वक्तव्य के अवसर पर कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है और हम अपने पार्टनर देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दोनों देश अपनी भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई और श्री मोदी ने मछुआरों को तुरंत रिहा किए जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर जोर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के लोगों के धैर्य और साहस की सराहना करता हूं और आज श्रीलंका को वापस प्रगति के पथ पर देख कर हर्ष महसूस कर रहा हूं। भारत -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत और श्रीलंका ने रक्षा सहयोग पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच कोलंबो में शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर अपने पहले सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए यूएई के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### मोदी को मिला श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**कोलंबो।** पीएम मोदी को श्रीलंका सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया है। श्रीलंका की यात्रा पर गए श्री मोदी को राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार को कोलंबो में एक समारोह में 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया और इस सम्मान के प्रतीक पदक को उनके गले में पहनाया।

### दिल्ली आयुष्मान भारत योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' में शनिवार को दिल्ली शामिल हो गई। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में यहां इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। हाल में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आयुष्मान भारत में दिल्ली राज्य को शामिल करना एक प्रमुख मुद्दा था। आयुष्मान भारत योजना में दिल्ली की जनता को केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख का रुपये का उपचार नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को पांच लाख रुपये का प्रति वर्ष उपचार भी मिलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दिल्ली सरकार के साथ आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करेगा आंदोलन





- कहा: संशोधन संविधान पर हमला, सुप्रीम कोर्ट में तीसरी याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग के साथ पूरे देश में आंदोलन करेगा। शनिवार शाम को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोड मे दो पेज का लेटर जारी किया। बोर्ड ने कहा कि हम सभी धार्मिक, समुदाय-आधारित और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे।

यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि संशोधन पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाते। वक्फ संशोधन बिल इस्लामी मूल्यों, धर्म और शरीयत, धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सद्भाव और भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचे पर गंभीर हमला है। कुछ राजनीतिक दलों का भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को दिए गए समर्थन ने उनके तथाकथित धर्मनिरपेक्ष मुखौटे को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। शनिवार को 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं लगाई गईं थीं। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई।

### कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आए रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवाड़ में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया। कारवाड़ की यात्रा के दौरान नौ पियर्स, अत्याधुनिक समुद्री उपयोगिताओं और ट्रंक सुविधाओं के साथ- साथ नाविकों और रक्षा नागरिकों के लिए 480 आवास इकाइयों सहित 2000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया गया। नौसेना के अनुसार इन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का पूरा होना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में बड़ी छलांग है।

## कनाडा में भारतीय की हत्या

- भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख जताया

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा के पास रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि वे सभी सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के साथ निकट संपर्क में हैं।

भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम ओटावा के पास रॉकलैंड में चाकू घोंपकर एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। पुलिस ने कहा है कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। उच्चायोग ने कहा कि हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक स्थानीय सामुदायिक संघ के माध्यम से निकट संपर्क में हैं। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार चार अप्रैल को कनाडा के रॉकलैंड में लालोंडे स्ट्रीट पर स्थित एक आवास में हुई घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## बीएसएफ ने किया घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक घुसपैठिए को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि चार-पांच अप्रैल की मध्य रात्रि में बीएसएफ के जवानों ने जम्मू क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा कि जवानों ने एक घुसपैठिए को अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करते देखा, जिसके बाद उसे चुनौती दी गई, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने खतरे को भांपते हुए घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जबकि समकक्षों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

### रामनवमी पर बंगाल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को रामनवमी के अवसर पर शांति सुनिश्चित करने के लिए राजधानी कोलकाता समेत पूरे राज्य में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने 10 जिला पुलिस आयुक्तालय का सीमांकन किया और रामनवमी समारोह के दौरान शांति एवं सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 29 आईपीएस अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने भी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के साथ कई बैठकें की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अंजनी पुत्र सेना और विश्व हिंदू परिषद को संवेदनशील और अत्यधिक आबादी वाले हावड़ा में अपनी-अपनी रैलियां निकालने की शुक्रवार को अनुमति दी है।

### आईएनएस सह्याद्रि कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा

**कोलंबो।** आईएनएस सह्याद्रि शुक्रवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा, जहां श्रीलंका की नौसेना ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया। 'डेली मिरर' की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री 143 मीटर लंबा फ्रिगेट है, जिस पर 320 लोगों का दल है और जहाज की कमान कैप्टन रजत कुमार के हाथ में है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री के चालक दल अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए श्रीलंका की नौसेना की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे देश भर के कई पर्यटन स्थलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के समापन पर, आईएनएस सह्याद्री सात अप्रैल को कोलंबो से रवाना होने वाला है।

### रामनवमी पर श्रद्धालुओं पर करेंगे पुष्पवर्षा : अंसारी

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करके रामनवमी मनाएंगे। बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रविवार को रामनवमी के दिन अर्थात श्रीरामजन्मोत्सव पर्व पर देश, विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या धर्म की नगरी है। अयोध्या पूज्य है, अयोध्या में सरयू नदी है, अयोध्या में हनुमानगढ़ी है और अयोध्या में भगवान राम का मंदिर है। अयोध्या में देश-दुनिया की आस्था है। अयोध्या में जितने भी श्रद्धालु आएंगे उनका हम स्वागत करेंगे।

### रामलला के ललाट पर हुआ भगवान सूर्य का तिलक ट्रायल

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर भगवान सूर्य का तिलक का ट्रायल शनिवार को किया गया। सूत्रों के अनुसार रामनवमी के पूर्व भगवान रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य ने तिलक किया। तिलक का ट्रायल ठीक बारह बजे किया गया।

## सैफ अली हमला में तीनों टुकड़े एक ही चाकू के निकले

- फॉरेंसिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमला केस में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका पर मुंबई की एक कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया।

पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपी से बरामद टुकड़ा, वारदात की जगह से मिला हिस्सा और सैफ की रीढ़ की हड्डी से निकला टुकड़ा, तीनों एक ही चाकू के हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हाथ लगे हैं। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी को जमानत मिली, तो वह बांग्लादेश भाग सकता है। आरोपी की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया था कि एफआईआर झूठी है और जांच पूरी हो चुकी है, सिर्फ चार्जशीट दाखिल होना बाकी है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला हुआ था। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे।

### वक्फ विधेयक का समर्थन करने पर शाहनवाज हुसैन को मिली धमकी

**समस्तीपुर।** वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन को जान से मारने की धमकी मिली है। श्री हुसैन ने शनिवार को समस्तीपुर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में इसका स्वयं खुलासा करते हुए बताया कि उनके मोबाइल फोन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार संदेश भेजकर धमकी दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के फायदे के बारे में पार्टी की ओर से लोगों खासकर मुसलमानों के बीच अपनी बात मजबूती के साथ लगातार रख रहा हूं।

## पंचतत्व में विलीन हुए मनोज कुमार



**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मुंबई में जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर शनिवार को उनके परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थित में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेता के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी श्मशान घाट पर थीं।

### शिवराज ने की डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ बातचीत की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन समाप्त करने की अपील की है। श्री चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पहले से तय तिथि के अनुसार चार मई को बातचीत होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच उनकी मांगों को लेकर चल रहा बातचीत का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल अब अस्पताल से वापस आ चुके हैं और हम उनके अतिशीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वह अपना अनशन समाप्त करें।

## तेलंगाना में 86 नक्सलियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

**बस्तर/हैदराबाद, वार्ता**



- लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह के छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे के बीच शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में माओवादी संगठन को एक और झटका देते हुए 86 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर दिया।

इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सामूहिक आत्मसमर्पण बस्तर में बढ़ती पुलिस कार्रवाई और सुरक्षा बलों के सतत दबाव का परिणाम है।



## संक्षिप्त समाचार

### कंपनी अधिनियम 2013 में संशोधन पर टिप्पणियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत फास्ट ट्रैक विलय के दायरे को बढ़ाने के लिए नियमों में प्रस्तावित संशोधन पर सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने आज यहां कहा कि कंपनी अधि. नियम 2013 की धारा 233 में केंद्र सरकार के अनुमोदन के माध्यम से कुछ कंपनियों (फास्ट ट्रैक विलय) के विलय या समामेलन का प्रावधान है। चालू वित्त वर्ष के बजट भाषण के अनुसार ऐसे विलय के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस उद्देश्य के लिए कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 में संशोधन का प्रस्ताव करने वाली एक मसौदा अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा संशोधन नियमों पर टिप्पणियां/सुझाव मंत्रालय की वेबसाइट पर ई-परामर्श मॉड्यूल के माध्यम से 5 मई 2025 तक भेजे जा सकते हैं।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार बरामद किए गए है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के खोंगजोम-पीएस के अंतर्गत खोंग. जोम खेबाचिंग क्षेत्र से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति थौबल जिले के खोंगजोम क्षेत्र से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल है। उसके पास से एक एम20 पिस्तौल, एक मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खुरई कोंगपाल लैशराम लेइकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पार्ट-4 से एक व्यक्ति के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल-पीएस के अंतर्गत नाम्बोल फोइलजग इलाके में घेरा. बंदी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान उक्त व्यक्ति के अपहरण में शामिल दो यूएनएलएफ (पी) कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। अपहृत व्यक्ति को भी बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि दो अन्य अभियानों में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### आईजीएनसीए में 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान'

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के संरक्षण प्रभाग एवं सांस्कृतिक अभिलेखागार 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान' में कला आलोचना के ऐतिहासिक दृष्टिकोण और उसके विकसित होते आयामों पर प्रकाश डाला गया। आईजीएनसीए की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में प्रसिद्ध कला इतिहासकार, सांस्कृतिक आलोचक, राजनीतिज्ञ और विचारक सुनीत चोपड़ा के भारतीय कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को याद किया गया। इस विशेष अवसर पर कर्नाटक चित्रकला परिषद के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के कला इतिहास विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डा. आरएच कुलकर्णी मुख्य वक्ता थे।

## अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा

# जमीनों की लूट-खसोट पर लगेगी रोक: योगी

**महाराजगंज, वार्ता**



■ संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित होने को लेकर उप्र के मुख्यमंत्री ने किया बड़ा दावा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर महाराजगंज पहुंचे। जनसभा को संबो. धित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया कि अगले तीन साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में देश की संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है, जिससे वक्फ के नाम पर जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा। सरकारी संपत्ति का उपयोग विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बैराज और आवास निर्माण जैसे जन कल्याणकारी कार्यों में होगा। सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर नाजायज तरीके से कब्जाई गई थी, जिससे गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा था। अब इस मनमानेपन पर लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री ने वासंती नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर मां बनैलिया देवी को नमन करते हुए कहा कि उन्हें नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में रोहिन नदी पर बैराज के लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बैराज से 16 हजार अन्नदाता किसानों और 54 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि यह बैराज मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। रोहिन नदी का पानी मीठा है और यह नेपाल से गोरखपुर तक बहती है। इस बैराज से किसानों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। रोहिन बैराज के बारे में उन्होंने कहा कि 25 साल से इसकी मांग थी, लेकिन पहले की सरकारें अपने परिवार की जेब भरने और जमीन की लूट में व्यस्त थीं। अब यह बैराज बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इसके आसपास वाटर बाडी, पर्यटन, नौकायन और रेस्टोरेंट बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### कांग्रेस और सपा गरीब मुस्लमानों के नहीं भूमाफियाओं के साथ: अरुण सिंह

**मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने आज विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सपा सहित सभी दल गरीब मुसलमानों के साथ नहीं बल्कि भू-माफियाओं के साथ है। वक्फ बिल दोनों सदनों में पास हो जाने के बाद अब सरकार माफियाओं के कब्जे से जमीन को मुक्त करा कर गरीब एवं पिछड़े मुसलमानों के लिए काम करेगी। अरुण सिंह भाजपा के स्थापना दिवस पर एक सप्ताह तक पार्टी द्वारा कार्यक्रम के लिए पूजा कर शुभारंभ किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मुस्लिम समुदाय में भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि उनके मंसूबों पर पानी फिर जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि विपक्षी दलों के लिए यह नया नही है। मोदी सरकार द्वारा जब भी कोई बड़े बदलाव किए जाते हैं। तब तब भ्रम फैलाने में कोई कोर कसर नही छोड़ते हैं। चाहे सीसीए बील हो या धारा 370 हो, लेकिन अब मुस्लिम समाज सब समझ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वक्फ बिल पास हो जाने के बाद गरीब मुसलमानों को इसका लाभ मिलेगा, जो अब तक कुछ माफिया लोग ले रहे थे।

### पीएम के नेतृत्व में तेजी से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है, तो अपना यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश भय और अराजकता से मुक्त हो सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका एक बड़ा उदाहरण महराजगंज में बना यह रो. हिन बैराज भी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुई कहीं। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जहां बिना किसी भेदभाव के काम होता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश एक नए भारत का दर्शन कर रहा हैं, जो भारत बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सबको देता है। किसानों हो, नौजवान, मजदूर हो या महिलाएं सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जो काम पिछली सरकारों ने सत्तर सालों में नहीं किया वो काम मोदी सरकार ने दस वालों में कर दिखाया। डबल इंजन की सरकार में आज देश के 80 करोड़ लोगों को फी राशन मिल रहा है। चार करोड़ गरीब परिवारों को उनका अपना आशियाना मिला है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई से लेकर लोगों की दवाई तक के लिए भाजपा सरकार काम कर रहीं हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए विकास और सुशासन में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल व संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

सीएम योगी ने बताया कि पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। 2017 में यूपी देश में सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुसहर, वनटांगिया और थारू जैसी जनजातियों के गांवों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर और महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि यह विकास और विरासत का अनूठा समन्वय है। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में बनी परियोजना को पूरा होने में 49 साल लग गए, वो भी तब पूरा हुआ, जब भाजपा की सरकार आई।

# भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



■ जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी जीरो, अखिलेश ने कसा योगी सरकार पर तंज

राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी यूपी में जीरो हो गई है।

सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टालरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था। जो लोग 80-20 का नारा देते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए भाजपा से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे भाजपा के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं। भाजपा यही चाहती है कि हम लोग बुनियादी सवालों पर चर्चा ना करें। क्या यूपी में गेहूं की सरकारी खरीद हो रही है। सरकार ने खरीद के लिए प्राइवेट लोगों को लाइसेंस दे दिया है। यूपी और उत्तरखंड से सबसे ज्यादा युवा फौज में जाते थे। लेकिन पक्की भर्ती बंद करके अग्निवीर योजना शुरू कर दी गई। सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति से सीखे कि वह लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए दूसरे देशों पर पाबंदी लगा रहे हैं। क्या हमारी सरकार चीन पर पाबंदी लगा पाएगी? ये सरकार झूठ के एक्सप्रेसवे बना रही है। एक पोस्टर में लिखा था कि छह बन चुके हैं और सात निर्माणधीन हैं, तो क्या बाकी हवा में बन रहे हैं।

# अमेरिका से व्यापार समझौते पर बने टास्क फोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस ने ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता जताते हुए उठाई मांग

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, पश्चिम एशिया, चीन, जापान, लैटिन अमे. रिकी देश तथा अफ्रीकी संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौतता (एफटीए) पर नए सिरे से विचार करने तथा अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करते रहने और इसके लिए टास्क फोर्स बनाने का सुझाव दिया है, जिसमें सभी क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हों।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो दिन पहले अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, जिससे पूरी दुनिया के व्यापार को चोट पहुंची है और इस फैसले से सात दशक पुरानी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था एक झटके में चौपट हो गई है। दशकों से दुनिया में निवेश के लिए सहमति बनी और टैरिफ तथा व्यापार पर आम सहमति के बाद विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई थी। इस व्यवस्था के बाद अब पहली बार किसी बड़े देश ने रेसिप्रोकल टैरिफ शब्द का इस्तेमाल किया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहला फैसला है, जिससे पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना और इससे अमीर तथा गरीब देश सीधे प्रभावित हो रहे हैं। इसकी वजह है कि आज दुनिया के सभी देश अपनी आर्थिक और सामाजिक प्रगति के अलग-अलग पयदान पर खड़े हैं। कुछ अमीर हैं, कुछ विकासशील अर्थव्यवस्था में हैं, कुछ बहुत गरीब हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव होगा, इस पर देश की क्या रणनीति है, इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इसको लेकर भारत की जो भी प्रतिक्रिया हो, उसमें राष्ट्रहित ही सबसे ऊपर रहे। अमेरिका के साथ भारत के कई बड़े समझौते हैं और बड़े ट्रेडिंग पार्टनर भी हैं। संकेत हैं कि सरकार द्विपक्षीय ट्रेड के लिए कुछ टर्म्स और रिफ्रेंस तैयार किए जा रहे हैं। वो क्या हैं और उसके मापदंड क्या हैं, इस पर देश को विश्वास में लेना चाहिए। बिना बताए ऐसे कोई निर्णय न हों, जिसकी कीमत लंबे समय तक देश चुकाता रहे। बेहतर होता कि संसद में सरकार इस पर बयान देती और चर्चा की जाती। अब विपक्ष के नेताओं से बैठक कर सरकार बताए कि उनकी इस पर क्या रणनीति है। इस पर जो समझौता हो, वो संतुलित और सम्मानजनक होना चाहिए।

### खड़गे-राहुल ने समता दिवस पर जगजीवन राम को किया नमन

**नई दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और दिग्गज नेता रहे बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर उनकी समाधि समता स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। खड़गे व गांधी ने समता स्थल पर जगजीवन राम की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वहां जगजीवन राम की पुत्री तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। इस दौरान वहां सर्व धर्म सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों की लोगों ने हिस्सा लिया। खड़गे ने कहा कि समता दिवस पर महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि। समता के महानायक, बाबू जी समाज के कमज़ोर, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान एवं उनके न्याय के लिए नि:स्वार्थ भाव से संघर्षरत रहे।

# निजी स्कूलों-भाजपा सरकार की सांठगांठ की हो सीबीआई जांच: सिसोदिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के निजी स्कूलों में हुई बेहताशा फीस वृद्धि की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। आप के वरिष्ठ नेता वएवं दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, वह रोजाना कुछ न कुछ दिल्ली के लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई जनहित की योजना शुरू की थीं। इसमें अब बसों में महिलाओं को फी टिकट मिलना बंद हो गया है, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो गए हैं, अस्पतालों में दवाइयां मिलनी बंद हो गई हैं, टेस्ट होने बंद हो गए हैं। भाजपा की सरकार हर रोज कुछ न कुछ ऐसे कदम उठा रही है, जिससे दिल्ली के लोग परेशान हो रहे हैं। अब दिल्ली के निजी स्कूलों ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ानी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 2015 में जब मैं दिल्ली का शिक्षा मंत्री बना था, उस वक्त निजी स्कूलों की मनमानी और फीस वृद्धि पर लगाम लगाई गई थी। 'आप' की सरकार से पहले निजी स्कूलों का खुला राज चलता था। 2015 से पहले किसी बच्चे का निजी स्कूल में दाखिला हो गया, तो फिर निजी स्कूल हर साल कितना भी पैरेंट्स को लूट सकते थे और पैरेंट्स असहाय महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि 'आप' की सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए एक-एक स्कूल का ऑडिट कराया। हर निजी स्कूल को निर्देश दिया गया कि बिना सरकार की अनुमति के कोई भी स्कूल फीस नहीं बढ़ाएगा। फीस वृद्धि से पहले सरकार की अनुमति लेना आवश्यक कर दिया था।

आप नेता ने कहा कि हर निजी स्कूल 10 से 30 फीसदी फीस मनमाने तरीके से बढ़ा दे रहा है। आखिर भाजपा की सरकार की निजी स्कूलों से क्या मिली भगत है। दिल्ली में लोगों को लूटने का खुला भ्रष्टाचार शुरू हो गया है। दिल्ली के लोगों की जेब पर डाका डालने का खुलेआम काम हो रहा है और भाजपा इस काम को करा रही है। नौकरी पेशा लोग बघी मुश्किल से पैसा बचाकर अपने बच्चों की फीस देते हैं। हर महीने अभिभावकों से 30 से 40 फीसदी की लूट को बढ़ा देना भ्रष्टाचार है और इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

# निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से वाकिफ: वानी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी ने शनिवार को कहा कि निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से भली-भांति वाकिफ है।

वानी ने संवाददाताओं से बात. चीत के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा मध्यम श्रेणी के अधिका. रियों के तबादले के अपने फैसले का बचाव करने के संदर्भ में यह टिप्पणी की। सत्तारूढ़ गठबंधन ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है और केंद्र को लो. कतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के अधिकार को कमजोर करने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने कहा कि हमें भी अपना अधिकार क्षेत्र पता है। हमारा रुख वही है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। उपराजयपाल के अपने फैसले को संसद द्वारा पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अनुरूप बताए जाने के संदर्भ में पूछे जाने पर वानी ने कहा कि निर्वाचित सरकार भी चाहती है कि शासन अधि. नियम और स्थापित व्यावसायिक नियमों के अनुरूप ही चले।मुख्यमंत्री कार्यालय और उपराज्यपाल के बीच गतिरोध 01 अप्रैल को उस समय बढ़ गया, जब सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा के 48 अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किए।

### यूपी के कई जिलों में लू की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में गर्मी पूरी तरह से अपने पैर पसार चुकी है। प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश की ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ ही तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और बुलंदशहर के लिए लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा।

# खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन** : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान मूंग दाल, उड़द दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### आनंदीबेन ने दी देशवासियों को रामनवमी की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने देश एवं प्रदेशवासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके द्वारा स्थापित नैतिकता, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने कामना की कि भगवान श्री राम की कृपा से देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त हो।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत हर ...**

के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने एक सच्चे पड़ोसी मित्र के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो, या हाल में आया आर्थिक संकट, हर कठिन परिस्थिति में, हम श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े रहे हैं।

मोदी ने कहा कि श्रीलंका की उनकी पिछली यात्रा 2019 में बहुत ही संवेदनशील समय में हुई थी और उस समय उन्हें विश्वास था कि श्रीलंका और अधिक मजबूत होकर उभरेगा। उन्होंने महान तमिल संत थिरुवलुवर को याद करते हुए उनके हवाले से कहा कि चुनौतियों और शत्रुओं के विरुद्ध एक सच्चे मित्र और उसकी मित्रता की ढाल से बढ़कर और क्या सुरक्षा हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंका का भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर दृष्टिकोण में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सामपुर सोलर पावर प्लांट से श्रीलंका की ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। मल्टी-प्रोडेक्ट पाइपलाइन के निर्माण, और त्रिकोमाली को ऊर्जा हब के रूप में विकसित किए जाने के लिए जो समझौता हुआ है, उसका लाभ श्रीलंका के सभी लोगों को मिलेगा। दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी समझौते से श्रीलंका के लिए बिजली निर्यात करने के विकल्प खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है।

भारत भागीदार देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देता है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में ही हमने 10 करोड़ डॉलर से अधिक राशि के ऋण को ग्रांट में बदला है। हमारे द्विपक्षीय 'डेट रिस्ट्रक्चरिंग एग्रीमेंट' से श्रीलंका के लोगों को तत्काल सहायता और राहत मिलेगी। आज हमने ऋण की दर को भी कम करने का निर्णय लिया है। यह प्रतीक है कि आज भी भारत श्रीलंका के लोगों के साथ खड़ा है।

### जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी: विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। गुप्ता ने रोहिणी में आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अध्यक्ष की कुर्सी बड़ी है, इसलिए जिम्मेदारी भी बड़ी है। मेरी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का सदन, दिल्ली की जनता ने अपने लिए चुनकर भेजा है। दिल्ली के कोने-कोने से जो 70 विधायक चुनकर आए हैं, हमारा काम है कि विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा हो, विचार-विमर्श हो और उनके समाधान निकाले जाएं। गुप्ता ने बताया कि मेरा एक ही प्रयास रहता है कि सदन व्यवस्थित रूप से चले। सदन में विचार-विमर्श हो।

# नौ वर्षों में सपनों को पोषित किया है स्टैंड अप इंडिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य 5 अप्रैल 2016 को शुरू की गई स्टैंड अप इंडिया योजना ने नौ वर्षों में न केवल व्यवसायों को वित्त पोषित किया है, बल्कि इसने सपनों को पोषित किया है, आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है।

वित्त मंत्रालय ने इस योजना को नए व्यवसाय शुरू करने में मदद करने के लिए बैंक लोन प्रदान करके बाधाओं को तोड़ने और समाज के कमजोर और महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था। योजना ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दिखाई है, जिसकी शुरुआत के बाद से स्वीकृत कुल राशि 31 मार्च 2019 तक 16,085.07 करोड़ रुपए से बढ़कर 17 मार्च 2025 तक 61,020.41 करोड़ रुपए हो गई। इसने मार्च 2018 से मार्च 2024 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदायों और महिला उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सशक्तिकरण को प्रतिबिंबित किया किया है।

इस योजना का लाभ उठाने वाले अनुसूचित जाति के खाते बढ़कर 9,399 से 46,248 हो गए, तथा लोन की राशि 1,826.21 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,747.11 करोड़ रुपए हो गई। अनुसूचित जनजाति के खाते बढ़कर 2,841 से 15,228 हो गए तथा स्वीकृत लोन की राशि 574.65 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,244.07 करोड़ रुपए हो गई। इस अवधि में महिला उद्यमियों के खाते 55,644 से बढ़कर 1,90,844 हो गए तथा स्वीकृत राशि 12,452.37 करोड़ रुपए से बढ़कर 43,984.10 करोड़ रुपए हो गई।

मंत्रालय की कहना है कि योजना एक बदलावकारी पहल रही है, जिसने अनुसूचित जाति, अनुस. ूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को अपने व्यावसायिक विचारों को हकीकत में बदलने के लिए सशक्त बनाया है। लोन स्वीकृति और वितरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ, यह समावेशी विकास को प्रोत्साहन देना जारी रखता है। यह योजना केवल लोन के बारे में नहीं है, यह अवसर पैदा करने, बदलाव को प्रेरित करने और आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने के बारे में है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दिसम्बर तक बजट का 80 प्रतिशत तक खर्च करें विभाग: सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ बजट खर्च की नियमित मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए, राज्य की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजना पर कार्य किया जाए, पिछले तीन वर्षों से राज्य की जीएसडीपी वृद्धि दर लगातार 13 प्रतिशत से अधिक रही

**देहरादून।** राज्य के समावेशी विकास के लिए नये संसाधन जुटाने की दिशा में प्रयास किये जाएं। विभागों द्वारा माह दिसम्बर तक बजट का 80 प्रतिशत तक खर्च किया जाए। लक्ष्य के हिसाब से बजट प्राप्ति और खर्च की सचिव अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करें। हर माह मुख्य सचिव और तीन माह में मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे। बजट खर्च की नियमित मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए। जीएसटी कलक्शन और बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में वित्त विभाग की समीक्षा के दौरान दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्राप्ति की दिशा में और प्रभावी प्रयास किये जाएं। केन्द्र पोषित योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन योजनाओं में केन्द्रांश और राज्यांश क्रमश: 90 और 10 के अनुपात तथा 70 और 30 के अनुपात की योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा जाए। विभागों द्वारा बजट का ससमय और सही तरीके से उपयोग हो इसके लिए नियोजन विभाग और वित्त विभाग अन्य विभागों के साथ नियमित बैठक करें। राज्य की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजना पर कार्य किया जाए। आगामी 10 सालों और 2050 में राज्य की गोल्डन जुबली वर्ष तक राज्य की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए। नवाचार और एआई की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के साथ मानव संसाधन की क्षमता विकास, शिक्षा स्वास्थ्य और खेल में निवेश करना होगा। सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण करने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सब्सिडी पात्र लोगों को ही मिले।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि राजस्व के प्रमुख स्रोत राज्य कर, वन, ऊर्जा, जल कर की नियमित समीक्षा कर बजट लक्ष्यों की प्राप्ति की जाए। जल जीवन मिशन और अटल आयुष्मान योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए इनका प्रभावों का विश्लेषण किया जाए। बाजार से उधार को कम करने के साथ ही अवस्थापना विकास पर अधिक ध्यान दिया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले तीन वर्षों में राज्य की जीएसडीपी वृद्धि दर लगातार 13 प्रतिशत से अधिक रही। इस वित्तीय वर्ष में खनन राजस्व में लगभग 400 करोड़ की वृद्धि हुई है। पूंजीगत व्यय में 11 हजार करोड़ से अधिक का व्यय हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट के सापेक्ष व्यय प्रतिशत 90 प्रतिशत रहा।

बैठक में उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव शैलेश बागेली, दिलीप जावलकर, अपर सचिव हिमांशु खुराना और मनमोहन मैनाली उपस्थित थे।

# निर्मल आश्रम अस्पताल में आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ बाबा राम सिंह महाराज व संत जोध सिंह महाराज ने किया उद्घाटन, अस्पताल में चार नई वातानुकूलित ओपीडी का भी लोकार्पण

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम अस्पताल क्षेत्र के हर वर्ग को गुणवत्ता युक्त चिकित्सीय सेवा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने अपने रेडियोलोजी डिपार्टमेंट में एक और नवीनतम मॉडल की अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की है। विजिटिंग सुपर स्पेशलिस्टस और स्पेशलिस्टस के लिए बनी चार नई वातानुकूलित ओपीडी का लोकार्पण भी किया गया है। अल्ट्रासाउंड मशीन व चारों नई ओपीडी का उद्घाटन निर्मल आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज ने किया। आश्रम परिवार के लिए मानवता की सेवा आत्मशांति प्राप्त करने का सशक्त साधन है। संत जोध सिंह महाराज ने बताया कि चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम परिवार ने चिकित्सालय, नेत्र संस्थान और विद्यालयों के जरिए समाज की सेवा का जो संकल्प लिया था उसे पूरा किया जा रहा है। बोले, निर्मल आश्रम की सभी संस्थाएं भविष्य में भी इसी प्रकार जनमानस की सेवा में कार्यरत रहेंगी।

अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा. अजय शर्मा ने बताया कि यह मशीन 3डी व 4डी अल्ट्रासाउंड करने में सक्षम है। आधुनिकीकरण के साथ अस्पताल ने अपनी अल्ट्रासाउंड की दरों में कोई भी वृद्धि नहीं की है। अस्पताल में सभी अल्ट्रासाउंड-सीटी स्कैन बाजार से कम दरों पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हैं।

अन्य जांचें जैसे एनसीवी, ईएमजी, वीईपी, ब्लिंक रिफ्लेक्स, ईईजी, टीएमटी, ईको कार्डियोग्राफी, ओडियोमीटरी, टिम्पेनोमीटरी, स्पीच थैरेपी, यूरोफ्लोमीटरी की भी सुविधा है। मौके पर बिक्रमजीत सिंह, डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. अश्वनी कंडारी, डॉ. रजत चौधरी, डॉ. अंजु, डॉ. जगमोहन सिंह राणा, डॉ. हेमंत कपुरुवान, डॉ. अखलेश, सरदार करमजीत सिंह, प्रदीप बक्शी, अतुल उनियाल आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों की मनमानी के प्रति सरकार सजग, अब नही हो पायेगा अभिभावकों का उत्पीड़न: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ अभिभावकों के लिए टोल फ्री नम्बर और अधिकारियों से सीधे शिकायत का विकल्प

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सरकार सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के कार्यों को लेकर सजग है और अभिभावक निजी संस्थानों की मनमानी से पीड़ित नही हो सकेंगे। सरकार इस दिशा मे पूरी तरह से सजग है और जरूरी कदम भी उठाये गए है।

चौहान ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की निजी विधालयों द्वारा मनमानी की आशंका पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी किसी भी उत्पीड़ननात्मक मामले मे सख्त कार्यवाही को कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों से सम्बंधी विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के लिये टोल फ्री नम्बर 1800 180 4275 जारी कर दिया गया है। अब उक्त नम्बर पर अभिभावक निजी विद्यालयों से सम्बंधित शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। वहीं शिक्षा विभाग से सम्बंधित सभी जानकारियां व सूचनाएं शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को आसानी से मिल सके, इसके लिये भी विभाग द्वारा नई अधिकारिक वेबसाइट लांच कर की गई। चौहान ने कहा कि प्रदेश भर से अभिभावकों द्वारा निजी स्कूलों के शुल्क बढ़ाने, स्कूली ड्रेस एवं महंगी किताबें थोपे जाने को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसको देखते हुये विभाग द्वारा एक टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। दर्ज शिकायतों को निदेशालय स्तर से सक्षम अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन कर सम्बंधित जनपद के अधिकारियों को निस्तारण हेतु भेजा जायेगा। वहीं सम्बंधित जनपद के अधिकारी प्राप्त शिकायत का निराकरण करते हुए निदेशालय को रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही मे कुछ बिधालयों और स्टेशनरी द्वारा मनमानी पर कार्यवाही भी हुई और इसके नतीजे भी सामने आये हैं। शुल्क बढ़ाना और किताब थोपना अब आसान नही होगा। स्कूलों को व्यौरा मुहैया कराना होगा और इसमें फीस, किताबे तथा ड्रेस सभी होंगी। उन्होंने कहा कि टोल फ्री नंबर के अलवा जिले के शिक्षा अधिकारी को भी अभिभावक शिकायत दे सकते हैं।

चौहान ने कहा कि धामी सरकार सुलभ और गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र मे प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। शिक्षा मे मनमानी को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

## चीड़ पिरूल एकत्रीकरण पर दिया जाय जोर: निशांत

देहरादून। अपर प्रमुख वन संरक्षक, वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन निशांत वर्मा ने चीड़ पिरूल एकत्रीकरण एवं पैलेट्स/ब्रिकेट्स यूनिटों की स्थापना के लिए समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारियों/उप निदेशकों के साथ-साथ पैलेट्स/ब्रिकेट्स यूनिटों के उद्योगियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी वनाग्नि सत्र में वन सतह से अधिक-से-अधिक चीड़ पिरूल एकत्रीकरण कर पैलेट्स/ब्रिकेट्स या अन्य उत्पाद तैयार किये जा सके एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार उत्पन किया जा सके। राज्य के अन्तर्गत वर्तमान में 05 पैलेट्स/ब्रिकेट्स यूनिटें स्थापित की गयी है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा वन प्रभाग द्वारा 03 उद्योगियों एवं चम्पावत वन प्रभाग द्वारा एक उद्यमी के साथ चीड़ पिरूल के लिए समझौता किया गया है। प्रभागीय वनाधिकारियों द्वारा महिला/युवा मंगल दल, स्वयं सहायता समूहों, वन पंचायत सदस्यों आदि द्वारा चीड़ पिरूल एकत्रीकरण कराकर स्थापित यूनिटों के सुचारू सम्पादन को उद्योमियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

# सरकारी विद्यालयों में गूंजेगी ढोल-दमाऊ और मशकबीन की धुन: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ स्थानीय लोक संगीत, कला एवं वाद्य यंत्रों से परिचित होंगे नौनिहाल, कहा, खेलों के प्रोत्साहन को 12 जनपदों में बनेंगे स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स

**देहरादून।** नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप सरकारी विद्यालयों में नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के दृष्टिगत प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में लोकधुन कार्यक्रम चलाये जायेंगे। इसके अलावा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये 12 जनपदों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स बनाये जायेंगे। इन नवाचारी कार्यक्रमों के लिये भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा परियोजना के तहत बजट प्रावधान किया गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार विद्यालयों में नवाचारी गतिविधियों पर भी विशेष फोकस कर रही है, ताकि छात्र-छात्राओं को सह-शैक्षिक गतिविधियों में शामिल कर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके। डॉ. रावत ने बताया कि स्थानीय लोक संगीत, कला, वाद्य यंत्र इत्यादि को प्रोत्साहित एवं जीवंत बनाये रखने के लिये प्रथम चरण में प्रदेश के 380 राजकीय विद्यालयों में लोकधुन कार्यक्रम चलाये जायेंगे और छात्र-छात्राओं को विभिन्न विद्याओं में प्रशिक्षित किया जायेगा। बच्चों को स्थानीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ अथवा कलाकारों द्वारा ढोल-दमाऊं, मशकबीन का प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही उन्हें संगीत व कला में भी दक्ष किया जाएगा। इसी प्रकार विद्यालय स्तर पर बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के मकसद से 12 जनपदों में स्पोर्ट्सकाम्पलैक्स बनाये जायेंगे, जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। इन स्पोर्ट्स काम्पलैक्स में खेल विशेष यथा बॉक्सिंग, बैडमिंटन, बास्केटवॉल, टेवल टेनिस आदि खेलों का प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को दिया जायेगा। डॉ. रावत ने बताया कि बच्चों में तर्क शक्ति विकसित करने के लिये भी शिक्षा विभाग ने अभिनव पहल की है। इस पहल के तहत प्रदेश के सभी विद्यालयों में अभिरूचि परीक्षण कार्यक्रम चलाया जायेगा। जिसमें बच्चों का प्रत्येक माह ओ.एम.आर. सीट आधारित परीक्षण किया जायेगा, ताकि बच्चे भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयार हो सके। इसके साथ ही राजकीय विद्यालयों में चलाये जा रहे सुपर 100 कार्यक्रम का दायरा बढ़ाकर 200 कर दिया है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को मेडिकल व इंजी. नियरिंग की परीक्षा के लिये तैयार किया जा सके। भारत सरकार द्वारा इन सभी नवाचारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये समग्र शिक्षा परियोजना के तहत राज्य को बजट आवंटित कर दिया है। विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को लगातार बेहतर किया जा रहा है। सरकार की तमाम कोशिशों के उपरांत राज्य में शैक्षिक संकेतकों में सुधार आया है। सकल नामांकन अनुपात (जीईआर), शुद्ध नामांकन अनुपात (एनईआर) में खासी वृद्धि हुई है। इसके अलावा ड्रापआउट दर में कमी जैसे घटक सरकार के शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की कोशिशों को इंगित करते हैं।

# चारधाम को लेकर 24 अप्रैल को मॉक ड्रिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ सचिव आपदा प्रबंधन ने ली विभागीय बैठक, जरूरी दिशा-निर्देश दिए, एनडीएमए और यूएसडीएमए संयुक्त रूप से आयोजित करेगा मॉक ड्रिल

**देहरादून।** आगामी चारधाम यात्रा को लेकर उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी संभावित आपदा का प्रभावी तरीके से सामना करने तथा चारधाम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 24 अप्रैल को चार धाम यात्रा से जुड़े जनपदों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने शनिवार को आईटी पार्क स्थित यूएसडीएमए बिल्डिंग में मॉक ड्रिल को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि वे एक सुरक्षित वातावरण में अपनी चारधाम यात्रा पूरी करें।

उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग सभी तैयारियों को पुख्ता कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री लगातार चारधाम यात्रा को लेकर सभी रेखीय विभागों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं और उसी के अनुरूप विभागों द्वारा अपनी तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी जनपदों को आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से चार धाम यात्रा का डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान तथा एसओपी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से पिछले वर्ष भी चारधाम यात्रा के सफल व सुचारू संचालन हेतु मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। एनडीएमए द्वारा कई अहम सुझाव दिए गए थे, जिन्हें गत वर्ष की चार धाम यात्रा में शामिल करते हुए यात्रा का सफल संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि यह मॉक ड्रिल सात जनपदों में की जाएगी।

मॉक ड्रिल में विभिन्न जनपदों की चार धाम यात्रा संचालन को लेकर तैयारियां को धरातल पर परखा जाएगा। इस दौरान विभिन्न जनपदों में अलग-अलग आपदाओं को लेकर सिनेरियो जनरेट किए जाएंगे और यह देखा जाएगा की राहत और बचाव दलों द्वारा कितनी तवरित गति से कार्य किया गया तथा कहां कमियां रहीं। जहां-जहां भी कमियां रहेंगी, उन्हें दुरुस्त कर चारधाम यात्रा संचालन को लेकर प्रभावी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में विभागीय स्तर पर गठित विभिन्न कमेटियों के कार्य दायित्वों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, वित्त नियंत्रक अभिषेक कुमार आनंद, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद ओबेदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राकेश मोहन खंकरियाल के साथ ही यूएसडीएमए, यूएलएमएमसी तथा यू प्रिपेयर के विशेषज्ञ और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एनडीएमए परखेगा जनपदों की तैयारियां**

देहरादून। 16 अप्रैल को ओरियंटेशन एंड कोआर्डिनेशन कांफ्रेंस, 22 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज तथा 24 अप्रैल को मॉक ड्रिल होगी। यह मॉक ड्रिल एनडीएमए के अधिकारियों की देखरेख में संपन्न होगी। इस दौरान भूस्खलन, अतिवृष्टि, भीड़ प्रबंधन आदि के दौरान जनपदों की तैयारियां कैसी हैं, इन्हें परखा जाएगा। चारधाम यात्रा को लेकर उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग मुख्य जनपद हैं, जबकि टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार और देहरादून ट्रांजिट जिलों की श्रेणी में आते हैं।

**जिले बताएंगे, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कैसे की जाएगी**

देहरादून। मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न रेखीय विभागों की चार धाम यात्रा प्रबंधन को लेकर तैयारियों को परखा जाएगा। इसके साथ ही यदि चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ बढ़ने पर भगदड़ की स्थिति होती है, अतिवृष्टि के कारण भूस्खलन होता है और मार्ग बंद होते हैं, ट्रैफिक के दबाव के कारण सड़कों तथा बाजारों में जाम लगता है तो विभिन्न विभाग यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या करेंगे, इसकी रिहर्सल की जाएगी।

# जोशी ने महाअष्टमी पर मसूरी में किया 51 कन्या पूजन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

मसूरी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में चौत्र नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर 51 कन्या पूजन किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देवी रूपी कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राजपुर स्थित सुरा देवी मंदिर पहुंचकर मां सुरा देवी का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, मोहन पेटवाल, सतीश ढौंडियाल, रजत अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# चारों धाम में यात्री सुविधाओं को तत्काल करें बहाल: आयुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ यात्रा रूट पर सड़क सुधारीकरण कार्यों को प्रत्येक दशा में 25 अप्रैल तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

**देहरादून।** आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप कार्यालय ऋषिकेश में विगत माह फरवरी में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रूप से सड़कों के रखरखाव के लिये कार्यदायी निर्माणदायी इकाईयां लोनिवि, एनएच, एनएचआईडीसीएल, बीआरओ, एनएचएआई से चल रहे निर्माण एवं चौडीकरण, पैचवर्क, डामरीकरण आदि कार्यो की विस्तार से प्रगति की समीक्षा की गई और सभी जिलाधिकारियों से उनके जनपदों में सड़कों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। गढ़वाल आयुक्त ने प्रत्येक दशा में 25 अप्रैल तक सड़क सुधारीकरण कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान यात्रा व्यवस्थाएं समयबद्ध पूर्ण करने, पार्किंग क्षमता बढाने, पैदल मार्ग का सुधारीकरण, यात्री रजिस्ट्रेशन को सुविधाजनक बनाने, स्वास्थ्य सुविधा व हेली सर्विस सहित अन्य सुगम सुविधा हेतु संचालित कार्यो को यात्रा से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि धनराशि की कोई कमी नही है।

सभी जिलाधिकारी अपनी डिमांड उपलब्ध करें। आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित, सुविधाजनक बनाने और चारधाम यात्रा की सफलता के लिए सड़के सुगम और सुरक्षित होनी आवश्यक है। उन्होंने यात्रा रूट की सभी सड़कों को गढ़ढामुक्त करने और स्लाइड जोन पर प्रोटेक्शन कार्यो को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए। केदारानाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धामों में व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए गढ़वाल आयुक्त ने बर्फवारी से क्षतिग्रस्त रैन सेल्टर, आस्था पथ व पैदल मार्गो को जल्द से जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए। चारों धामों में शुद्व पेयजल की व्यवस्था एवं घोडे खच्चरों के लिए गरम पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी विभाग चारधाम यात्रा से जुड़े कार्यो को उच्च प्राथमिकता से पूरा करें। बैठक में आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, जिलाधिकारी पौड़ी डा. आशीष चौहान, जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेंद्र सिंह, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग डा. सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी चमोली डा. संदीप तिवारी, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल आयुष अग्रवाल, एसपी उत्तरकाशी सरिता डोभाल, एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय प्रहलाद कुंडे, पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेस पंवार, एसपी सिटी हरिद्वार पंकज गैरोला, अपर आयुक्त गढ़वाल उत्तम सिंह चौहान, नगर आयुक्त ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी, एसपी देहात देहरादून जया बलूनी, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश स्मृता परमार सहित यात्रा से जुड़े विभागों के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# पत्नी के साथ बर्बरता करने का मामला अत्यंत दु:खद: कुसुम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

■ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा, पत्नी के प्राइवेट पार्ट में नुकीले हथियार से हमले के आरोपी को मिलेगी कड़ी सजा, लिया संज्ञान, दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून।** राजधानी के पटेलनगर में पत्नी के प्राइवेट पार्ट में नुकीले हथियार से हमले के मामले उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वत: संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले में दुख प्रकट करते हुए कहा कि यह अत्यंत निन्दनीय घटना है।

उन्होंने मामले में एसपी देहात जया बलूनी व सीओ सिटी से फोन पर वार्ता करते हुए मामले की जानकारी ली है तथा उन्होंने मामले के आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के घटिया मानसिकता के व्यक्ति को कठोर दण्ड मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जैसी जानकारी पीड़िता के परिवार से मिल रही है उसके आधार पर प्रतीत होता है कि इस घटना को उसने पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया है। क्योंकि पत्नी के साथ इस प्रकार से दुर्व्यवहार उसकी आपराधिक प्रवत्ति को दर्शाता है। उन्होंने एसपी देहात जया बलूनी को निर्देशित करते हुए कहा कि मामले में पुलिस को गंभीर जांच करनी चाहिए क्योंकि ऐसी मानसिकता के अपराधी समाज के लिए खतरा है, आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

वही आयोग अध्यक्ष ने कहा कि वो स्वयं भी पीड़िता से मुलाकात करेंगी और इस निंदनीय मामले में गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी आरोपी को किसी भी हाल में बख्शा नही जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की बधाई'

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। रामनवमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम हमारी आस्था के प्रतीक हैं, उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम का व्यक्तित्व धैर्य, मर्यादा, त्याग, तपस्या, नैतिक आचरण, सदाचार व परोपकार से युक्त गुणों का उदाहरण प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने स्वयं ब्रह्मस्वरुप होते हुए भी मानव रूप में हम सभी के कल्याण के लिए अवतार लिया तथा आदर्श व सद्चरित मनुष्य का जीवन कैसा होना चाहिए इस का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाईओं का सामना जिस आदर्शता के साथ किया वह मानव समाज के लिए सदैव प्रेरणा देने वाला है।



# खेल सुविधाओं के उन्नयन और केंद्रीय विद्यालय स्थापना को डीएम ने दिए निर्देश

■ नरेंद्रनगर में बैडमिंटन हॉल और फुटबॉल ग्राउंड का निरीक्षण, कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश

मदन नेगी और नरेंद्रनगर में केंद्रीय विद्यालय संचालन की प्रक्रिया तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शनिवार को नरेंद्रनगर स्थित जिला खेल कार्यालय पहुंचकर बैडमिंटन हॉल, टेबल टेनिस हॉल, फुटबॉल ग्राउंड और समीपवर्ती रा.इ.कॉ. भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जारी सौंदर्यीकरण और मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैडमिंटन हॉल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय, चेयर्स, नेट, लाइट, और पेयजल जैसी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने इन कार्यों को एक माह की समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। फुटबॉल ग्राउंड में दीर्घा निर्माण और अन्य अवस्थापनाओं का भी जायजा लिया गया। जिला खेल अधिकारी को कार्यालय परिसर में रंग-रोगन और फील्ड में वॉल पेंटिंग आदि कराने के लिए प्रस्ताव जिला योजना में शामिल करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद टिहरी में स्वीकृत दो केंद्रीय विद्यालयों दृ मदन नेगी और नरेंद्रनगर में दृ संचालन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। मदन नेगी में विद्यालय भवन की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है, जबकि नरेंद्रनगर में केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर रा.इ.कॉ. परिसर का निरीक्षण कर उन्होंने अधिकारियों एवं अध्यापकगणों के साथ विस्तृत वार्ता की। उन्होंने विद्यालय संचालन से संबंधित सभी आवश्यक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निद.ेशालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति जानी। उन्होंने जनपद में बनाए जा रहे पार्किंग स्थलों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला प्राधिकरण कार्यालय के लिए लॉन, मुख्य गेट और बाउंड्रीवॉल से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र तैयार किए जाएं, ताकि सौंदर्यीकरण कार्यों को गति मिल सके। निरीक्षण और समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, अधिशासी अभियंता सिंचाई नरेंद्रनगर कमल सिंह, जिला खेल अधिकारी दीपक रावत, जिला शिक्षा अधिकारी वी.पी. सिंह, प्राधिकरण के दिग्विजय तिवारी और पंकज पाठक, तहसीलदार ए.पी. उनियाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जब भी शुरू होती है सडक निर्माण की कार्यवाही ,आजाता है विध्न

**रुद्रप्रयाग।** मां मठियाणा पहुंचने के लिए कई मार्ग हैं, जहां जवाड़ी रौठिया, सौंराखाल-घेंघड़खाल, क्वीलाखाला व सकलाना तक सड़क मार्ग से जाने के बाद दो से तीन किमी का पैदल सफर तय करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो जब भी इस धार्मिक स्थल के लिए सड़क बनाने की कार्यवाही हुई तो कोई ना कोई विघ्न जरूर उत्पन्न हुआ है। मां स्वयं नहीं चाहती कि उनके क्षेत्र में किसी भी पत्थर के साथ छेड़छाड़ हो। इसलिए मां का मंदिर बुग्यालों से घिरा हुआ है, जो बहुत ही भव्य नजर आता है। पंडित सतीश सेमवाल ने बताया कि मां का मंदिर चारों ओर से बुग्यालों के बीच में स्थित है। यहां बांज-बुरांश का जंगल है। जब भी यहां सड़क निर्माण को लेकर कार्यवाही शुरू हुई तो कोई ना कोई विघ्न जरूर पैदा हुआ है। नवमी पर्व पर लगता है भक्तों का तांता, रुद्रप्रयाग। अष्टमी और नवमी पर्व के दिन मां मठियाणा के दरबार में भक्तों का तांता लगता है। दूर-दराज क्षेत्र के भक्त मां के मंदिर में पहुंचते हैं, जबकि देश के विभिन्न राज्यों से भी भक्त मां के दरबार में पहुंचकर मनो.तियां मांगते हैं।

# मैक्स हॉस्पिटल देहरादून ने 31 वर्षीय महिला की बचाई जान

■ पहली बार ईसीएमओ का इस्तेमाल कर किया इलाज,स्वाइन फ्लू के कारण गंभीर निमोनिया से पीड़ित महिला को मिला नया जीवनदान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के डॉक्टरों ने सहारनपुर निवासी 31 वर्षीय कीर्ति मलिक को जीवनदान दिया है, जो स्वाइन फ्लू के कारण गंभीर निमोनिया से पीड़ित थीं और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था।

चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, अस्पताल ने सफलतापूर्वक एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजनशन का इस्तेमाल किया। यह एक अत्याधुनिक जीवनरक्षक तकनीक है, जिसका उपयोग उन गंभीर स्थितियों में किया जाता है जब हृदय या फेफड़े प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पाते और शरीर को आवश्यक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान नहीं कर पाते हैं।यह पहली बार है, जब मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून में ईसीएमओ का सफलतापूर्वक प्रयोग किया है। यह प्रयास डॉ. वैभव चाचरा, प्रिंसिपल कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून व डॉ. ऋचा लोहानी ईसीएमओ फिजिशियन ने अपनी प्रशिक्षित टीम के साथ किया



।कीर्ति मलिक को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, जिसके इलाज के लिए वह सहारनपुर के एक स्थानीय अस्पताल में गई लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया, जहां से वह मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून आई।जनवरी 2025 में जब कीर्ति मैक्स अस्पताल देहरादून पहुंचीं, तब उनकी हालत काफी गंभीर थी। उन्हें निमोनिया के कारण फेफड़ों में काफी नुकसान हुआ था। डॉ. वैभव चाचरा, कंसलेन्टेंट, पल्मोनोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने बताया कि डॉक्टर्स ने परिवार से बात करके ईसीएमओ का सहारा लेने का निर्णय लिया।

ईसीएमओ पर छह दिन बिताने के बाद उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। फेफड़ों की सूजन कम होने लगी, और क्षतिग्रस्त फेफड़े पुनः स्वस्थ होने लगे। लगभग एक महीने तक संघर्ष के बाद, 10 फरवरी को उन्हें स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अब वह पूरी तरह स्वस्थ और रोगमुक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं।" डॉ. चाचरा ने आगे कहा कि ष्कोई भी बीमारी मामूली नहीं होती, विशेष रूप से वायरल बुखार या हल्का निमोनिया। यदि इन्हें अनदेखा किया जाए, तो ये गंभीर और जानलेवा हो सकते हैं। इस मामले में, यदि कीर्ति को सही समय पर ईसीएमओ सपोर्ट नहीं मिला होता, तो उनकी जान बचाना मुश्किल हो जाता।

## नौटियाल बने लोकसभा पौड़ी के सोशल मीडिया सह संयोजक

**श्रीनगर।** कांग्रेसी रामलाल नौटियाल को लोकसभा पौड़ी के सोशल मीडिया का सह संयोजक बनने पर कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की। कांग्रेस के सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा एवं पूर्व काबिना मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी की संस्तुति पर रामलाल नौटियाल को पौड़ी लोकसभा पौड़ी के सोशल मीडिया का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। नौटियाल को दायित्व देने पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर भंडारी, सेवादल जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद, नगर पंचायत कीर्तिनगर के नगर अध्यक्ष दीपक थपलियाल, पीसीसी सदस्य मोहनानंद डोभाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व प्रदेश सचिव श्याम लाल आर्य, जिला उपाध्यक्ष रावत वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश स्नेही ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नौटियाल को जो दायित्व सौंपा गया है कि उससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और आने वाले 2027 में कांग्रेस फतेह करेगी।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव में अनिल शर्मा अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह सचिव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला बार एसोसिएशन टिहरी गढ़वाल के वार्षिक चुनाव वर्ष 2025-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई।

अध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव सहित विभिन्न पदों पर हुए मतदान के बाद परिणाम घोषित कर दिए गए। इस बार चुनावी मुकाबला कड़ा रहा, जिसमें अध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा को विजेता घोषित किया गया।

अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ। अनिल शर्मा को 56 मत, जयवीर सिंह रावत को 49 मत और महावीर प्रसाद उनियाल को 24 मत प्राप्त हुए। बहुमत से विजय हासिल करते हुए अनिल शर्मा को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद के लिए हुए मुकाबले में चंद्रभान सिंह राणा ने 75 मतों के साथ जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी चंद्रभानु तिवारी को 53 मत प्राप्त हुए। इस पद पर एक मत अवैध घोषित किया गया। सह-सचिव पद पर कविता भट्ट ने 66 मत प्राप्त कर कन्हैया लाल डोभाल को हराया, जिन्हें 58 मत मिले।

इस पद पर पांच मत अवैध घोषित किए गए। उपाध्यक्ष पद पर दिनेश चंद्र उनियाल और कोषाध्यक्ष पद पर पवना को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव परिणामों की घोषणा के पश्चात बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य राजवीर सिंह बिष्ट और अर्जुन सिंह भंडारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आश्वस्त किया कि नए नेतृत्व के साथ अधिवक्ताओं के हित में कार्य किए जाएंगे।निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश पांडे और सहायक निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश उनियाल ने पूरी चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए बार काउंसिल सदस्यों का आभार व्यक्त किया और नव निर्वाचित टीम को बधाई दी। चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई।

# यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर जनपद की सीमांतर्गत सिरोहबगड़ से सोनप्रयाग तक जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में उन्हें आवंटित किए गए क्षेत्रों में यात्रा मार्ग की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित करने का कार्य करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती ने बताया कि केदारनाथ धाम की यात्रा के दृष्टिगत सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा संचालन के साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर सिरोहबगड़ से जवाड़ी बाईपास क्षेत्र के लिए जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार को जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। वहीं, पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता भाव सिंह को सेक्टर, जबकि सहायक कृषि अधिकारी अजयराज असवाल को सब सेक्टर बनाया गया है। इसी तरह जवाड़ी बायपास से रुद्रप्रयाग-तिलवाड़ा के लिए ग्रामीण निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता आलोक सिंह को सेक्टर तथा सहकारिता विभाग के सहायक निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को सब सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि तिलवाड़ा से अगस्त्यमुनि क्षेत्र के लिए पीएमजीएसवाई के प्रधान सहायक अजय कुमार सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा नगर पालिका परिषद के कनिष्ठ सहायक भूपेंद्र सिंह राणा सब सेक्टर बनाए गए हैं।

अगस्त्यमुनि से कुंड तक के लिए राजस्व उप निरीक्षक अमित सिंह राणा व वरिष्ठ सहायक लघु सिंचाई योगेंद्र सिंह कुंड से गुप्तकाशी के लिए कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद्र उनियाल व राउनि मनोज सती, गुप्तकाशी से फाटा के हेतु लोनिवि के अपर सहायक अभियंता प्रदीप कुमार तथा आशीष सुयाल सिंचाई खंड केदारनाथ, जबकि फाटा से सोनप्रयाग तक के लिए लोनिवि के कनिष्ठ अभियंता अंकित पंवार सेक्टर तथा लोनिवि के वरिष्ठ सहायक संदीप सिंह सब सेक्टर नामित किए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त सभी नामित सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्मिक उन्हें आवंटित क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई व्यवस्था सहित शौचालय, स्वच्छता एवं पेयजल की सुविधाओं, यातायात व आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्य तथा केदारनाथ धाम पर पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों को ससमय खाद्य राहत आदि व्यवस्थाओं को सुचारू रखने का कार्य करेंगे। साथ ही निर्देशित किया कि यात्रा के सफल संचालन हेतु सौंपे गए दायित्वों का तत्परता से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उक्त नामित मजिस्ट्रेट आगामी 30 अप्रैल तक के लिए नामित किए गए हैं।

## एक नजर .......

### उत्तरकाशी भूकंप से कांपी धरती, दहशत में लोग

**उत्तरकाशी :** जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में शनिवार सुबह 10 बजकर 37 मिनट पर एक पुनः भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होने पर लोग दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकले।

हालांकि जिले के अन्य तहसील अन्तर्गत भूकंप महसूस नहीं हुआ। इधर जिला आपदा परिचालन केन्द्र उत्तरकाशी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता कम होने के रेक्टर पैमाने पर दर्ज नहीं हुई। गौरतलब है कि उत्तरकाशी जनपद में 1991 में भूकंप से सब बड़ी तबाही हुई थी। जिसमें हजारों लोग मरे थे। इसके साथ ही कई लोगों के मकान ध्वस्त हुए थे। उत्तरकाशी में जब भी भूकंप के झटके महसूस होते हैं तब लोगों के जहन में 1991 की कड़वी यादें ताजा हो जाती है। बता दें कि बीते जनवरी माह और फरवरी महिने जनपद में 8-9बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। बरहाल जिले में लगातार आ रहे भूकंप से लोग दहशत में हैं।

### भाजपा धूमधाम से मनाएंगी स्थापना दिवस

**कोटद्वार ।** भाजपा पदाधिकारियों ने पार्टी का स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। इस संबध में पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती के लिए गठित जिला टोली की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ विधानसभा क्षेत्रों से पहुंचे वरिष्ठ पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं जिला प्रभारी नवीन ठाकुर ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल रविवार को पूरे देश में पार्टी का स्थापना दिवस उत्सवपूर्वक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपनी चार दशक की संघर्षपूर्ण यात्रा में अनेकों पड़ाव देखे। हजारों राष्ट्रनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बलिदान एवं समर्पण की वजह से भाजपा ने दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल बनने में सफलता प्राप्त की। कहा कि 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्य स्थापना दिवस मनाएंगे।

### केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग

**कोटद्वार ।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर लैंसडौन के ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी से कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के लिए पहल करने की मांग की है। इस संबध में शनिवार को परिषद की ओर से ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि परिषद सैनिक बाहुल्य विधानसभा कोटद्वार में सन् 2011 से लगातार केन्द्रीय विद्यालय स्थापना की मांग कर रही है, परन्तु यह क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य है कि इस महत्वपूर्ण मांग पर अब तक किसी भी स्तर से कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व में उनकी ओर से कोटद्वार में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिकों को इस संबध में पहल करने के लिए आश्वस्त किया गया था, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। पूर्व सैनिकों ने पत्र में रेजीमेंट ब्रिगेडियर से इस संबध में अविलंब कार्रवाई करने की अपील की है।

### सेना के जवान का पिंडर नदी के संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**थराली** / बीते शुक्रवार को सड़क हादसे का शिकार हुआ सेना के जवान का पिंडर नदी के संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. जवान के अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमर पड़ा. इस दौरान लोगों की आंखें नम दिखी थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने मौके पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी, आपको बता दें कि शुक्रवार को भारतीय सेवा का जवान अपनी पत्नी के साथ अपने बुआ के घर थराली गांव जा रहा था .और तभी अचानक थराली - सूना मोटर मार्ग पर प्राणमती पुल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई और भारतीय सेना का जवान दीपक जोशी पुत्र केदार दत्त जोशी उम्र 29 के सिर पर गंभीर चोट लग गई वहीं. बुरी तरह घायल हो गया पत्नी मोनिका उम्र 23 को भी हल्की छोटे आई . वहां मौजूद स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायल दोनों दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य थराली पहुंचा उपचार के दौरान दीपक ने दम तोड़ दिया , जवान के मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर हैं,

### अंडर 16 बालक और बालिकाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

**कोटद्वार।** अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल विभाग पौड़ी के द्वारा अंडर 16 बालक और बालिकाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन सुबह 5.30 पर होना सुनिश्चित हैं।स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहते है,वो सुबह 5.15 तक शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में पहुंच कर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें।सभी प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,स्थाई प्रमाण पत्र या मूल निवास प्रमाण पत्र लाना आवश्यक हैं।

### छात्रों ने किया बीएचईल कंपनी का शैक्षणिक भ्रमण

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने हरिद्वार स्थित अल्ट्रा क्राफ्ट मोल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचइएल) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी मशीनरी और निर्यात संबंधी गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के साथ ही सम्बंधित जानकारी बटोरी। इस मौके पर हरिद्वार में स्थित बीएचईल कंपनी का भी शैक्षणिक भ्रमण कर टर्बाइन, ट्रांसफॉर्मर, जनरेटर आदि भारी उपकरणों के निर्माण की प्रक्रिया को जाना व समझा। शिक्षकों ने भ्रमण के दौरान छात्रों को उद्योगों से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी और औद्योगिक क्षेत्र में संभावनाओं पर चर्चा की। शैक्षणिक भ्रमण में विभाग के डॉ. प्रशांत कंडारी, डॉ. हिरॉनमोय रॉय और डॉ. चंद्र शेखर सहित आदि मौजूद थे।

# यमुनोत्री यात्रा पड़ाव में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत ने यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव पर मेडिकल रिलीफ पोस्टो का जायजा लिया है। गौरतलब है कि सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, डॉ आर राजेश कुमार एवं जिला अधिकारी, डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट के दिए गए दिशा - निर्देशों के क्रम में आगामी शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरकाशी ने यमुनोत्री धाम डॉ आर सी आर्य द्वारा शनिवार को यमुनोत्री धाम के यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सभी स्वास्थ्य चिकित्सा इकाइयों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव, बड़कोट, खरादी, राणाचट्टी, जानकीचट्टी एवं पैदल मार्ग पर स्थापित होने वाले मेडिकल रिलीफ पोस्टों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने समस्त चिकित्सा इकाइयों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सा इकाइयों में सारी व्यवस्थाएं चाक - चौबंद कर ली जाएं। उनके द्वारा निर्देश दिए गए कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व ही चिकित्सा इकाइयों में आवश्यक जीवनरक्षक औषधियां, ऑक्सीजन सिलिंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, आवश्यक उपकरण/ सामग्री एवम स्टाफ की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाय। इसके अतिरिक्त स्क्रीनिंग केंद्र बड़कोट दोबाटा के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की उचित देखभाल हेतु आवश्यक जीवनरक्षक औषधियां, उपकरण/सामग्री की आपूर्ति यात्रा शुरू होने से पहले ही जनपद मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर पूरी कर ली जाएं। जानकीचट्टी में नवनिर्मित चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि शेष बचे हुए कार्य को 15 अप्रैल तक पूरा कर चिकित्सालय को स्वास्थ्य विभाग को सौंप लिया जाए। डॉ आर सी आर्य द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष मेडिकल रिलीफ पोस्ट भंडेलीगाड़ को फेब्रिकेटेड बनाया जाना प्रस्तावित है

# बैंकों से गायब 10 रुपये की गड्डी, बाजार में बिक रही 1600 रुपये की

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** शादी-ब्याह के सीजन के चलते बैंकों में छोटे नोटों की गड्डियां ही नहीं मिल पा रही। शहर के बाजारों में भी 10, 20 रूपए की गड्डियां मनमाने दामों पर बेची जा रही है। 10 के नोट की गड्डी 1000 रुपए की जगह 1600 में बेची जा रही है, वहीं 20 रुपए के नोट की गड्डी 2400 रुपए में बेची जा रही है।

शादी-विवाह के मौसम में नेग देने व जश्न के माहौल में निकासी, बारात आदि स्थानों पर नोट लुटाने की वजह से लोग छोटे कड़क नोटों को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए शादी समारोहों में 10 और 20 के नोटों की अच्छी खासी मांग रहती है। इन छोटे नोटों की गड्डियां सहजता से नही मिलने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बैंक के कर्मचारी भी आमजन को केवल चक्कर कटा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति की किसी कर्मचारी



से जान पहचान है तो तब जाकर एक - दो गड्डी प्राप्त हो सकती है अन्यथा बाजारों में बिकने वाली गड्डियों का सहारा ही लेना पड़ रहा है ।

कड़क नोटों के अलावा दूल्हा-दुल्हन को पहनाई जाने वाली नोटों की माला भी महंगी हो गई है। बाजार क्षेत्र के एक दुकानदार ने नाम ना प्रकाशित होने की शर्त पर बताया कि 10 रुपए के 10 नोटों की एक माला 180 रुपए, 20 के 25 नोटों की माला 700 और 50 के 20 नोटों की माला 1200 रुपए में मिल रही है। इसी प्रकार 10, 20 एवं 50 के नोटों की कड़क गड्डियां बेचने वाले दुक.ानदार इन्हें ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं।

# वन सरपंच चुनाव में लकी ड्रा से मुकेश रावत चुने गए सरपंच

■ पिपलोगी गांव में सर्वसम्मति से चुने गए वन पंचायत सदस्य ग्रामवासियों ने नव निर्वाचित सरपंच का किया भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर ब्लॉक की पट्टी उपली रमोली स्थित ग्राम पंचायत पिपलोगी में शनिवार को वन सरपंच पद के लिए चुनाव का आयोजन उत्साह और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक गेंदालाल शाह और राजस्व उप निरीक्षक अब्बल सिंह भंडारी की निगरानी में पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण की गई। चुनाव के दौरान वन पंचायत के सभी सदस्यों को सर्वसम्मति से चुना गया, जिससे पंचायत में सामूहिकता और सहयोग की भावना देखने को मिली। हालांकि वन सरपंच के पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने दावेदारी प्रस्तुत की, जिससे प्रतिस्पर्धा की स्थिति बन गई। निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव के लिए लकी ड्रा प्रणाली को अपनाया गया, जिसमें मुकेश रावत का नाम सामने आया और उन्हें ग्राम पंचायत पिपलोगी की वन पंचायत का सरपंच घोषित किया गया।चुनाव परिणाम घोषित होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। नव निर्वाचित सरपंच मुकेश रावत के साथ अन्य निर्वाचित सदस्यों का भी ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने नई वन पंचायत टीम से विकास कार्यों और पारदर्शिता की उम्मीद जताई।इस अवसर पर संदीप रावत, राम सिंह बिष्ट, केशव रावत, सुशीला देवी, उमा देवी, राजपाल सिंह बिष्ट सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे और उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सराहा। ग्रामीणों ने आशा जताई कि नई वन पंचायत गांव के वन क्षेत्रों के संरक्षण व प्रबंधन में बेहतर कार्य करेगी।

# भाजपा पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। युवा कांग्रेस द्वारा 'मेरा वोट मेरा अधिकार' कार्यक्रम के तहत भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कार्यक्रम के जिला प्रभारी अंशुल रावत ने कहा कि भाजपा आम मतदाताओं के वोटिंग अधिकारों पर साजिशन हमला कर रही है और फर्जीवाड़े के जरिए कांग्रेस समर्थकों के वोट लिस्ट से नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में हाल ही में हुए निकाय चुनावों और अन्य राज्यों में संपन्न विधानसभा चुनावों में फर्जी वोटिंग और नामों को लेकर अनियमितताएं सामने आई हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि वोटर लिस्ट में हेराफेरी की जा रही है।

शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अंशुल रावत ने कहा कि कांग्रेस मानसिकता वाले मतदाताओं के नाम जानबूझकर सूची से हटाए जा रहे हैं, और यह सब सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि नाम हटाने की प्रक्रिया में न तो मतदाता की सहमति ली जाती है, और न ही कोई स्पष्ट रिकार्ड उपलब्ध है कि यह आदेश किसने और क्यों दिया। इस स्थिति को देखते हुए युवा कांग्रेस ने टिहरी जिले में व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से बिना जानकारी के हटाए गए हैं, उनकी जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से मांगी जाएगी।

साथ ही वोट से वंचित लोगों के बयान और वीडियो तैयार कर उन्हें सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि यह मुद्दा व्यापक जनचर्चा में आ सके और प्रशासन को भी जवाबदेह बनाया जा सके। अंशुल रावत ने कहा कि युवा कांग्रेस का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सतर्क रहें। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखवीर चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नवीन सेमवाल, कपिल जोशी, वैभव, गौतम, दीपक, शिवम, गजेंद्र रावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा ने की स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा इकाई की बैठक में पार्टी स्थापना दिवस और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को जनजागरण और संगठन विस्तार के माध्यम से भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा गया कि विपक्ष ने हमेशा डॉ. अंबेडकर के योगदान की अनदेखी की है और संविधान को केवल अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल किया है।



■ कार्यकर्ताओं से हर घर पर झंडा लगाने और गांव-गांव जाकर जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान, बैठक में कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा बाबा साहेब को कभी नहीं दिया सम्मान

शनिवार को थत्यूड़ में आयोजित बैठक में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष और जनपद प्रभारी शैलेंद्र बिष्ट, जिलाध्यक्ष उदय रावत और नवनियुक्त राज्य मंत्री गीता रावत का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि 6 अप्रैल को हर कार्यकर्ता अपने घर और आसपास के स्थानों पर पार्टी का झंडा लगाकर स्थापना दिवस का शुभारंभ करेगा, जो 12 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 13 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक डॉ. अंबेडकर जयंती से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर न केवल जनमानस का विश्वास जीता है, बल्कि सामाजिक न्याय और समरसता को भी मजबूती दी है। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि पार्टी की जड़ें बहुत गहरी हैं और आज जिस मुकाम पर भाजपा है, उसमें शुरुआती कार्यकर्ताओं के समर्पण को भी हमेशा याद रखा जाना चाहिए।

विधायक प्रीतम सिंह पंवार और डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष रमोला ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। उसके उपरांत 25 अप्रैल तक गांव-गांव और बूथ स्तर पर जाकर बाबा साहेब के जीवन, विचारों, और उनके नाम पर केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएगी।

बैठक में यह भी कहा गया कि कांग्रेस पार्टी केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान की दुहाई देती रही है, लेकिन असल में उसने कभी भी बाबा साहेब को उचित सम्मान नहीं दिया। जबकि भाजपा ने उनके विचारों को जमीन तक पहुंचाने का कार्य किया है।

बैठक में ब्लॉक प्रशासक सीता रावत, मंडल अध्यक्ष नरेश पंवार, सुनील थपलियाल, जय सिंह अजवाण, निहाल सिंह रावत, भोला परमार, राजेंद्र कोली, पृथ्वी रावत, हीरामणी गौड़, बीना देवी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार के जनता दरबार में नहीं पहुंचे विभाग, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

## आठ विभागों की गैरमोजूदगी ने सरकार की मंशा पर खड़े कर दिए सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए गए जनता दरबार में अधिकांश विभागों की गैरहाजिरी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। चकराता विकास खंड की ग्राम पंचायत मैलोथ कुवानू के ग्रामीणों ने दरबार को ह्यमहज एक दिखावा करार देते हुए नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों की मुख्य शिकायतें वन माफी न मिलने और बाघ द्वारा वन्यजीवों के पशुधन को नुकसान पहुंचाने को लेकर थीं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से वन विभाग का कोई भी अधिकारी या



कर्मचारी जनता दरबार में नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी फैल गई। जनता दरबार में कुल 11 विभागों को आमंत्रित किया गया था, परंतु केवल तीन विभागों के ग्राम विकास विभाग से ग्राम विकास अधिकारी अमित प्रकाश, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. मंजीत और डॉ. दीप्ति, तथा बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर झूलो तोमर व कार्यकर्ता अंजू तोमर ही मौके पर मौजूद रहे। शेष आठ विभागों की अनुपस्थिति ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब मुख्य शिकायत ही वन विभाग से हो और वही विभाग न पहुंचे, तो जनता दरबार का आयोजन केवल 'औपचारिकता' बनकर रह जाता है। ग्राम प्रधान संगठन चकराता के अध्यक्ष दिलीप सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह तोमर, मातबर सिंह तोमर, खजान सिंह, मदन सिंह व परमेंद्र सिंह तोमर सहित कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह दरबार ग्रामीणों को बेवकूफ बनाने का एक जरिया मात्र है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में सभी विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# शाकुंभरी देवी मंदिर में दुर्गाष्टमी पर विशाल भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को दुर्गाष्टमी के उपलक्ष में छावनी बाजार स्थित शाकुंभरी देवी मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दर्शन कर लोगों ने झंडे पर माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की।

भंडारे की शुरूआत कन्या पूजन के साथ हुई, जिसमें आयोजक समिति द्वारा नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भंडारा शुरू हुआ, जिसमें छावनी बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मां शाकुंभरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक आयोजन में तीर्थ कुकरेजा, एस.पी. चड्ढा, सुनील जैन, अनिल चांदना, जागृत चड्ढा, अंकित मोहल, शशांक जैन, जिशान्त कुकरेजा, प्रदीप जोशी, अनूप चौरसिया, आशीष कुकरेजा, नीटू, प्रभु, कीर्ति, मातवर सहित कई श्रद्धालु व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**चकराता।** भारतीय जनता पार्टी क्वासी मंडल कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस तथा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने की। मुख्य वक्ता रितेश असवाल ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती को भव्य और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं को इसके लिए समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने कहा कि आगामी पंचायती चुनावों को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए ताकि पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत हो सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाना कार्यकताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है, विशेषकर दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पंवार, देव माली अमित सिंह चौहान, बलवीर राणा, जयपाल सिंह, शरण दत्त शर्मा, सुल्तान पंवार, सरदार सिंह और पुरण सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जोशी ने नींबूवाला में विकास कार्यों का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के नींबूवाला क्षेत्र का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उच्च टेंशन विद्युत लाइन (33 केवी) के तारों को भूमिगत करने के संबंध में विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निमार्णाधीन सड़क स्थानीय निवासियों के घरों से ऊंची न हो। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण इस प्रकार किया जाए जिससे लोगों को कोई असुविधा न हो और उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नींबूवाला स्थित शिव मंदिर के शिफ्टिंग हेतु चिन्हित किए गए स्थान का भी निरीक्षण किया कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और गति बनाए रखने पर जोर दिया तथा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, पीबीओआर शमशेर सिंह बिष्ट, महेश प्रसाद, एस.डी.डंगवाल, विपुल, सागर, जसपाल सिंह सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस और डॉ. अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को लेकर बैठक

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आगामी 06 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस

> • कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ किया मंथन

पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक है, वहीं अंबेडकर जयंती समाज में समरसता, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को याद करने का अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, पूर्व मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता आर. एस. परिहार, आशीष थापा, भावना चौधरी, चुन्नी लाल, मंजीत रावत, अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सोलफिट मिलेट फेस्टिवल में बताई मोटे अनाज की उपयोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोलफिट की ओर से मिलेट फेस्टिवल का आयोजन राजपुर रोड स्थित स्टर्लिंग मारबेला होटल में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कैंट विधायक सविता कपूर यू कॉस्ट के डायरेक्टर दुर्गेश पंत टिक्की फ्लो उत्तराखंड की चेयरपर्सन गीता खन्ना मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर आयोजक रूपा सोनी डायरेक्टर ने कहा कि उन्होंने तीन साल पहले यह मिलेट जर्नी आरंभ की थी। और वे इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद देना चाहेंगे कि उन्होंने इस साल को मिलेट ईयर घोषित किया और यह उनकी जिंदगी का एक अटूट हिस्सा बन गया। इस मौके पर स्मृति बट्टा न्यूट्रीशनिस्ट ने भी मिले यानी मोटा अनाज किस तरीके से हमारे जीवन में जरूरी है विषय पर अपने विचार व्यक्त करें कार्यक्रम में फिक्की फ्लोर की चेयर पर्सन गीता खन्ना दुर्गेश पेंट एवं सविता कपूर ने भी कार्यक्रम की




सराहना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए की किस तरह से मोटा अनाज हमारे जीवन से लुप्त हो चुका था और आज एक बार पुनः हमारे जीवन शैली का ही नतीजा है कि हमें मोटे अनाज पर ही निर्भर होना पड़ रहा है आज किस तरह से फिर मोटा अनाज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है । इस मौके पर कार्यक्रम के दौरान फिक्की फ्लो नेशनल सेक्रेट्री नेहा शर्मा रेड एफएम की मार्केटिंग डायरेक्टर रजत शक्ति ओहो रेडियो से आर जे काव्य हर्षल फाउंडेशन से रमा गोयल समाजसेवी सिंधु गुप्ता अंजना साहनी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर एक मिलेट बेस्ड कुकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें बतौर जज माया देवी यूनिवर्सिटी की होटल मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की प्रिंसिपल दीपा चावला इनफ्लुएंसर योजना चौहान आभा गोदियाल मौजूद रहे । कुकिंग कंपटीशन में सनराइज अकैडमी माया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने प्रतिभा किया वहीं अंजना वही एवं अन्य महिला प्रतिभागी ने भी प्रतिभाग किया।

## महागौरी की पूजा कर श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि



**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** देवी भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी की पछवादून क्षेत्र के मंदिरों में धूमधाम से पूजा की गयी। अष्टमी पूजे जाने के कारण आज मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की खूब भीड़ रही। लोगों ने अष्टमी पूज कर घरों में कन्याओं का पूजन किया और अपने व्रतों का पारण किया। शनिवार को अष्टमी का पूजन किया गया। घरों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता महागौरी का पूजन-हवन कर कन्याओं की पूजा की। छोटी-छोटी कन्याओं को घर बुला कर उनकी पूजा की गयी। प्रसाद और उपहार भी कन्याओं को दिये गये। मंदिरों में भी आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। लोगों ने कन्याओं का पूजन कर अपने व्रतों का पारण किया।

# फसल बीमा क्लेम के लिए जताया कृषि मंत्री का आभार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से नैनबाग क्षेत्र के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इस दौरान नैनबाग क्षेत्र के किसानों ने फसल बीमा के क्लेम पर त्वरित संज्ञान लेने तथा

> • नैनबाग क्षेत्र के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री जोशी से की मुलाकात

नैनबाग क्षेत्र के किसानों का सेब के फसल बीमा का वर्ष 2023-24 फसल बीमा के क्लेम मिलने पर कृषि मंत्री गणेश जोशी का आभार जताया। किसानों ने कहा कि कृषि मंत्री गणेश जोशी के प्रयासों से उनका फसल बीमा क्लेम का भुगतान संभव हो पाया है। जिसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कृषि मंत्री गणेश जोशी का आभार प्रकट किया। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार हमेशा किसानों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर है और उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर नरेश पंवार, मुन्ना सिंह पंवार, बलबीर राणा, राहुल शाह आदि उपस्थित रहे।

## अधिशासी अभियंताओं ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

# काली पट्टी बाँध कर दी अपनी डयूटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के अभियंताओं ने शुक्रवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। उन्होंने दफ्तरों में काली पट्टी बांध कर काम कर अपना आक्रोष प्रकट किया। शुक्रवार को उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत सदस्यों द्वारा उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा अधिशासी अभियंता के पदोन्नति विवाद में सीधी भर्ती के सहायक



अभियंताओं के हित में पारित स्पष्ट निर्णय को प्रबंधन द्वारा लागू ना किए जाने के आक्रोश में, प्रथम चरण में काली पट्टी बांधकर आक्रोश प्रदर्शित किया। कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन पूरे उत्तराखंड राज्य में विभिन्न कार्यालयों तथा हल्द्वानी, रुड़की, हरिद्वार, डाकपत्थर, रुद्रपुर, देहरादून मुख्यालय, रामनगर तथा पर्वतीय जिलों सहित ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में किया गया।

## नशा तस्करों के हर पैंतरे को नाकाम करती पछवादून पुलिस

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर में 'कर्नल आदित्य जे पॉल' भारतीय सैन्य अकादमी वर्तमान में कमांडिंग आफिसर (एनसीसी 11 यूके बटालियन) में अपनी सेवाएं देने वाले का सेपियंस विद्यालय विकासनगर में स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल का निरीक्षण भी किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा रशिता सपरा ने उनका अभिनंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर कर्नल आदित्य पॉल ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी के फायदे बताए तथा विद्यालय की भी प्रशंसा की।

# नेचर गाइड प्रशिक्षण के चौथे दिन प्रशिक्षुओं ने जाना औषधीय पौधों का महत्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** चकराता वन प्रभाग द्वारा नागथात में चल रहे नेचर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रतिभागियों को रामपुर मंडी में रिसर्च आधारित फील्ड इंप्लीमेंटेशन ट्रेनिंग दी गई। यह प्रशिक्षण मेडिकल एंड अरोमैटिक प्लांट्स (एमएपीएस) की जानकारी पर केंद्रित था, जिसमें प्रतिभागियों को उत्तराखंड में पाए जाने वाले औषधीय व सुगंधित पौधों की पहचान, उनके संरक्षण, पंजीकरण प्रक्रिया तथा इन पौधों से आजीविका के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा हर्बल उत्तराखंड की विविधता और उसके आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षुओं को इन पौधों का प्रत्यक्ष अवलोकन भी कराया गया, जिससे वे भविष्य में पर्यावरणीय संरक्षण और जैव विविधता के संवर्धन में अपनी भूमिका को समझ सकें। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. सुदीप चंद्रा, डॉ. अभिषेक जमलोकी, कोर्स कोऑर्डिनेटर अमित चौहान तथा पक्षी विशेषज्ञ अरुण सरकार ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में औषधीय पौधों की भूमिका, पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक विधियों के समन्वय पर जोर दिया।

# कुलदीप कुमार के राज्य मंत्री बनने पर भाजयुमो ने किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** भाजपा युवा मोर्चा देहरादून के जिलाध्यक्ष संजय तोमर के नेतृत्व में युवा मोर्चा द्वारा पूर्व विधायक विकासनगर कुलदीप कुमार को प्रदेश सरकार में वन पंचायत परिषद् का अध्यक्ष राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार नियुक्त होने पर उनके विकासनगर आवास पर जाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

नवीन दायित्व मिलने पर पूर्व विधायक कुलदीप कुमार ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ सभी कार्यकताओं का साधुवाद किया। कुलदीप कुमार ने बताया कि वन पंचायत परिषद् में होने वाले विकास कार्य को गति देने का प्रयास करेंगे एवं साथ ही वन एवं पर्यावरण को संरक्षित हेतु अपील की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजयुमो संजय तोमर, मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग, विपुल मुसला, विनायक नौटियाल, नरेश कुमार, नीरज चौहान, रोहित पाल, राहुल भट्ट, सारांश डोगरा, सुनील कश्यप, आशीष कुमार, सागर ठाकुर, नीरज नौटियाल, राहुल भारती, हर्ष रोजे, प्रशांत नेगी, विशाल तोमर आर्यन आदि उपस्थित रहे।

# फिल्मी स्टाइल में मादक पदार्थो की तस्करी करने वाला एक नशा पुलिस की गिरफ्त में

**सहसपुर (शाह टाइम्स संवाददाता)।** थाना सहसपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीते रोज 4 तारीख को सभावाला मार्ग से एक आरोपी को अवैध मादक पदार्थो के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 51.45 ग्राम अवैध स्मैक के बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी भूरा पुत्र असगर निवासी कुंजाग्रांट, थाना विकासनगर द्वारा बताया गया कि वह उक्त स्मैक को उसने मिजार्पुर के स्थानीय नशा तस्कर से खरीदकर लाया था, जिसे वह नशे के आदि लोगो को महंगे दामों में बेचने की फिराक में ले जा रहा था। आरोपी अवैध स्मैक को सहारनपुर के स्थानीय नशा तस्करों से खरीदकर चावल के नये कट्टों में छुपा कर उन पर टेप से निशान लगाकर बस के माध्यम से देहरादून भेजता था, तथा फोन के माध्यम से अपने साथियों को जानकारी देकर उन कट्टो को रास्ते मे ही उतरवा लेता था। पुलिस टीम में एसएसआई विकास रावत थाना सहसपुर, एसआई विवेक राठी चौकी प्रभारी धमार्वाला, सिपाही सचिन, मनदीप, अजीत शामिल रहे।

# मदन बिष्ट ने निभाया एक जनप्रतिनिधि होने का फर्ज : गरिमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सोशल मीडिया पर द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट के एक वीडियो वायरल होने पर उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने प्रतिक्रिया दी है। दसौनी ने कहा की मुख्यमंत्री सिर्फ बीजेपी के नहीं समस्त प्रदेशवासियों के होते हैं, ऐसे में विधायक मदन बिष्ट की विधानसभा में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लगा हुआ था और वहां से निर्वाचित विधायक होने के नाते मदन बिष्ट को प्रोटोकॉल के तहत उस कार्यक्रम में उपस्थित होना था। गरिमा ने कहा कि वैसे भी हमारी संस्कृति "अतिथि देवो भव "की है, वैचारिक मतभेद अपनी जगह पर हैं पर जब मुख्यमंत्री मदन बिष्ट की विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे तो स्थानीय विधायक और मेजबान होने के नाते यह मदन बिष्ट का कर्तव्य बनता था कि वह प्रदेश के मुखिया के सत्कार और स्वागत में कोई कमी ना रखें। दसौनी ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक मदन बिष्ट ने प्रदेश के मुखिया से अपने क्षेत्र में एक स्पेशियलिटी अस्पताल स्वीकृत करने का निवेदन किया उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि द्वाराहाट के लोगों को दुख बीमारी में या तो अल्मोड़ा या हल्द्वानी या फिर देहरादून ले जाना पड़ता है ऐसे में एक अच्छा अस्पताल यदि उनकी खुद की विधानसभा में खुल जाएगा तो वह स्वयं अपने क्षेत्र की जनता के साथ धन्यवाद और आभार स्वरूप मुख्यमंत्री धामी का जयकारा लगाएंगे। गरिमा ने कहा कि मदन बिष्ट की इसी बात को सोशल मीडिया पर तोड़ मरोड़ कर चलाया जा रहा है। गरिमा ने कहा की मदन बिष्ट कांग्रेस के नेता होने के साथ-साथ द्वाराहाट विधानसभा के निर्वाचित विधायक हैं और द्वाराहाट की सम्मानित जनता के प्रति उनकी जिम्मेदारी, जवाबदेही और प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। ऐसे में प्रदेश का हर विधायक चाहता है कि उसके क्षेत्र में सर्वाधिक विकास और जनहित के कार्य हों, इसी कड़ी में मदन बिष्ट की भी प्रदेश के मुखिया से यही अपेक्षा है। गरिमा ने यह भी कहा की उत्तराखंड कांग्रेस को गर्व है की मदन बिष्ट एक जनप्रतिनिधि के तौर पर खरे उतरे हैं और उन्होंने अपने वैचारिक मतभेद को क्षेत्रीय जनता के विकास के आढ़े नहीं आने दिया।

# बंगाणी भाषा समृद्ध भाषा है : पुरोहित

**विकासनगर (शाह टाइम्स संवाददाता)।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर विकासनगर में प्री पीएचडी कोर्स 2025 के अंतर्गत आयोजित एक कार्यक्रम में एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. और लोक संस्कृति एवं निष्पादन केंद्र के पूर्व निदेशक डीआर पुरोहित ने शोधार्थियों को बताया कि शोध यात्रा में कई पड़ाव आएंगे, मुश्किल भी होंगी, परन्तु अपनी मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच, शोध यात्रा को एक नया आयाम प्रदान करती है। प्रो. दाताराम पुरोहित ने रिसर्च मेथोडॉलॉजी, रिसर्च पब्लिकेशन एंड एथिक्स पर विस्तृत चर्चा की और जौनसार बावर की परंपरागत प्रथाओं, लोक देवता से संबंधित मौखिक परंपराओं को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. अरविंद अवस्थी, रिसर्च सेल के नोडल अधिकारी डॉ. विजय बहुगुणा, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. नीलम ध्यानी, डॉ. आरपी बडोनी, डॉ. खुशीकांत बंगवाल, असिस्टेंट प्रो. अविनाश भट्ट, असिस्टेंट प्रो. अनिल कुमार, गौरांग पुनेडा, निलिशा थापा, प्रदीप दर्शन, हिमांशु कुमार, विजय नेगी, रिंकू दास, अंकिता, संगीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# मुशायरे व काव्य गोष्ठी में गंगा जमुनी तहजीब के लिए शायरों व कवियों ने किया आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** ओल्ड मसूरी रोड में आयोजित मुशायरे व काव्य गोष्ठी में जब परवाज ए अमन की अध्यक्ष अंबिका रूही ने अपनी नज्म कान्हा के नाम खत पढ़ा तो श्रोताओं की आंखें नम हो गई।

कान्हा खुद आओ या बुलालो मुझे
फाग सूना पड़ा है तुम्हारे बिना
दिल की गलियों की रौनक है रूठी हुई
राग सूना पड़ा है तुम्हारे बिना
आज मथुरा की रंगत पे छाया धुंआ
देखते क्यों तमाशा छुपकर वहां
उस तरफ है जुलेखां सिसकती हुई
इस तरफ कोई मीरा सौदाई हुई
देवता प्यार के आ भी जा छोड़ ज़िद
इश्क तन्हा पड़ा है तुम्हारे बिना ...।

युवा कवित्री मोनिका मुंतशिर ने अपनी नज्म
याद की हिचकी हमारे दिल को ऐसी आई है, शहर ए जॉ का मौसम भीना भीना हो गया , गा कर खूब तालियां बटोरी।

उर्दू के शायर सुनील साहिल ने
उफ्फ ! ये दिल पे कैसी आफत आ गयी
रूह तक दिल की अजीयत आ गयी।
तुमने तितली को पकड़ कर क्या किया
उसके रंगों पर मुसीबत आ गयी
खूब वाह वाही लूटी।

युवा शायर आरिफ अतीब की नज्म
तौबा कर ली इश्क पुराना छोड़ दिया।
उसकी गली में आना जाना छोड़ दिया।।
देखो इश्क कफस से भी हो सकता है।
पंछी ने अब सर टकराना छोड़ दिया।



खूब पसंद की गई।

उर्दू के शायर बदरुद्दीन जिया की शायरी ने भी खूब तालियां बटोरी, जब उन्होंने अपनी गजल
फिर संवारे कहाँ संवरती है । कोइ तस्वीर जब बिगड़ती है ।। मेरे चेहरे की सलवटें देखो। जिंदगी किस तरह मसलती है ।। पड़ा तो उनको खूब वाह वाही मिली। इसके अलावा दर्द गढ़वाली , अमजद खान अमजद ने भी अपनी रचनाओं से रंग जमाया।

मौका था ओल्ड मसूरी रोड में एक शाम परवाजे अमन के नाम मुशायरा व कवि गोष्ठी का । देहरादून के मशहूर शायर इकबाल की सदारत में संपन्न हुई इस खूबसूरत शाम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् सरदार डी एस मान पूरे समय शायरों व कवियों की रचनाओं पर उनकी हौसला अफजाई करते रहे। धस्माना ने बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में परवाजे अमन की अध्यक्ष सुश्री अंबिका रूही को बधाई देते हुए कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत अनेकता में एकता का सिद्धांत है और सर्वधर्म संभाव व आपसी प्रेम हमारे देश की रग रग में बसा हुआ है इसीलिए देश भर में अमन के दुश्मनों के लाख चाहने के बाद भी बीते दिनों होली और जुम्मे की नमाज शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। धस्माना ने कहा कि हिंदी और उर्दू मौसेरी बहनें हैं व अन्य सभी भारतीय भाषाएं इनकी छोटी बहने हैं इसलिए जो बहनों को आपस में लड़ाने भिड़ाने की बात करते हैं वे देश के और अमन के दुश्मन हैं। धस्माना ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ियों को इस अनेकता में एकता के मंत्र को समझाना और उस पर अम्ल करना सिखाना होगा तभी देश तरक्की करेगा।

शिक्षाविद् व दून इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष सरदार डी एस मान ने परवाज ए अमन की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि देहरादून व पूरे उत्तराखंड में इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए।

# डाकपत्थर के छात्रों ने किया हरिद्वार औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण

**विकासनगर (शाह टाइम्स संवाददाता)।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला हरिद्वार में औद्योगिक भ्रमण किया गया। उद्यमिता विकास योजना के नोडल ऑफिसर डॉ. हरीश चन्द्र जेटली ने बताया कि उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के 100 छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण के लिए निकले, जिसमें उन्हें विभिन्न उद्योगों के बारे में जानने का अवसर मिला। इस भ्रमण के दौरान, छात्रों ने हस्त निर्मित कागज उद्योग और इकोब्लूम इंडस्ट्री का दौरा किया, जिसकी स्थापना श्री संजय तलवार और श्री रोहित चौधरी ने की है। इस अवसर पर, हस्त निर्मित कागज उद्योग के फाउंडर संजय तलवार और इंडस्ट्री के फाउंडर रोहित चौधरी ने छात्रों को उद्योग के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी।

# अपर सचिव शिक्षा उरेडा ने विभिन्न क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

## पोषण किट न मिलने की शिकायत पर सीडीओ को जांच कर समाधान करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** अपर सचिव ऊर्जा तथा माध्यमिक शिक्षा रंजना राजगुरु ने शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र 12 ओर 19 सलेमपुर बहादराबाद, ग्राम पंचायत बहादराबाद में वाटर टैंक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अत्मलपुर बौंगला व विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान छोटे बच्चों ने 'हाथी राज कहा चले' आदि पर अभिनय करते हुए कविताएं सुनाई। छोटे-छोटे बच्चों के अभिनय करते हुए कविताएं सुनाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर 12 में महिला लाभार्थी को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान की। इस दौरान कुछ महिलाओं ने पांच महीने से पोषण किट न मिलने की शिकायत की जिस पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे को जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय अत्मलपुर बौंगला में उन्होंने निरीक्षण के दौरान बच्चों से मुलाकात करते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यालय पर 3 से 6 साल तक के बच्चो का लर्निंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। विद्यालय में शिक्षा, बच्चों की देखभाल, टेक होम राशन, पोषण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजन चार्ट के अनुसार ही पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए, भोजन स्वादिष्ट बना हो, सफाई रहे, और बच्चो की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। राजकीय प्राथमिक विद्यालय अत्मलपुर बौंगला में उन्होंने बच्चों से कविता ओर कहानी सुनी विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए कि सफाई पर विशेष ध्यान रखें, प्रतिदिन ब्रश करें, खाना खाने से पहले हाथ धोए, बाल काटकर रखे और प्रतिदिन स्कूल आकर सही से पढ़ाई करें। इस दौरान दस साल से सेवा निवृत हो चुके मास्टर सतीश कुमार जो निशुल्क पिछले दस साल से बच्चों को पढ़ा कर अपनी सेवाए दे है रहे है उनकी तारीफ की ओर हौसला अफजाई की।



उन्होंने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। खूब मेहनत करे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। ग्राम पंचायत बहादराबाद में विश्व बैंक के अंतर्गत बनाए गए वाटर टैंक का निरीक्षण किया। ईई शशि भूषण द्वारा बताया गया कि वाटर टैंक की क्षमता 750 केएल है। अपर सचिव ऊर्जा तथा माध्यमिक शिक्षा रंजना राजगुरु ने कहा कि आम जनता को जागरूक करे कि जो पानी सप्लाई कर रहे है वो पीने योग्य है, ग्राम पंचायत में डिसप्ले करे ओर पब्लिक प्लेस में जाकर लोगों को जागरूक करे साथ ही सौर ऊर्जा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्र बहादराबाद का भी स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने लैब द्वारा किये जा रहे परीक्षणों, कृषकों तथा मृदा पर प्रभाव, मृदा परीक्षण प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान किसानों से भी मुलाकात की और स्वास्थ्य कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड देख कर जानकारी ली गई। सरस विपणन केंद्र द्वारा शगुन बेकरी ओर ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित सहायता समूह की महिलाओं से मिल कर रोजगार और आमदनी के बारे जानकारी ली और स्वयं सहायता समूह द्वारा खोले गए विभिन्न सेंटरों का भी निरक्षण किया। बेकरी में तैयार होने वाले बिस्कुट, ब्रेड, बंद और कुलचे की बिक्री बढ़ाने के लिए मार्केटिंग के माध्यम से प्रचार करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भगतनपुर आबिदपुर में चंद्रभागी मत्स्य सेवा केंद्र का निरीक्षण किया, मत्स्य अधिकारी गरिमा मिश्रा ओर प्लांट के मालिक संदीप पंचवाल ने प्लांट और रूही, एनएफसी मछली की बारे में जानकारी, तालाब के पानी को रिसाईकल करने की मशीन द्वारा प्रोसेस की जानकारी दी गई। उन्होंने पुलिस स्टेशन बहादराबाद के निकट निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थलीय निरीक्षण किया, प्रभारी एमएस डॉ आरती बहल ने बताया कि 06 महीने पहले सेंटर तैयार हो चुका है लेकिन अभी तक हैंड ओवर नहीं हुआ है । उन्होंने निरीक्षण के दौरान लैब में साफ सफाई ओर वहां पड़ा समान के हटाने के निर्देश दिए। अग्निशमन के लिए दीवार के ऊपर से डाले गए पाइप को लेकर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, पीडी केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी वाई.एस बिष्ट, बीडीओ मानस मित्तल, एपीडी नलनीत घिल्डियाल एवं अन्य अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस और प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बैसाखी स्नान व चारधाम यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के प्रयासों में जुटी पुलिस ने विष्णु घाट, चमगादड़ टापू, रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने मेला क्षेत्र में अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाने के साथ दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। आगामी स्नान पर्व व चारधाम यात्रा के मद्देनजर व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाने हेतु एसएसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में सिटी पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत विष्णु घाट, चमगादड़ टापू, रोड़ीबेलवाला व अन्य स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाया। पुलिस ने नगर क्षेत्र के व्यापारियों एवं वाहन स्वामियों से अपील भी है कि क्षेत्र में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। अपने प्राइवेट वाहनों को निधारित पार्किंग में पार्क करें एवं यातायात सुचारू रूप से चलाए जाने व व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

# गंदे पानी की शिकायत पर गांव में पहुंची वर्ल्ड बैंक की टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**खबर का असर**

**बहादराबाद।** बीते दिनों कस्बा बहादराबाद में शिकायत मिली थी कि कुछ घरों के अंदर टंकी का पानी गंदा आ रहा है। जिसकी सूचना संबंधित विभाग वर्ल्ड बैंक के अधिकारी ऐ.ई. सुशील बहुगुणा को मिली जिन्होंने मामला संज्ञान में लेते हुए। तुरंत अपने नेतृत्व में एक टीम बनाई जिसमें जे.ई. पल्लवी ने टीम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया। तो पता चला कि एक या दो घरों के कनेक्शन का पाइप गांव की नाली से होकर गुजर रहा है। जो लीकेज होने के कारण इन घरों में गंदा पानी जा रहा था। जिनको विभाग द्वारा ठीक कराया जा रहा है। विभाग द्वारा इस तरह के और भी कनेक्शनो की जांच की जा रही है। वर्ल्ड बैंक के अधिकारी सुशील बहुगुणा ने कहा है। वर्ल्ड बैंक द्वारा बनाई गई पानी की टंकी को समय-समय पर चेक किया जा रहा है। ताकि हर घर स्वच्छ जल पहुंच सके। जे ई पल्लवी ने ग्रामीणों से अपील की है कि अपने पानी के कनेक्शन को समय-समय पर चेक करते रहे। यदि कनेक्शन लीकेज हो तो इसकी सूचना दें। ताकि समय पर उनको ठीक किया जा सके।

# स्वामी यतिश्वरानंद ने दर्जाधारी ओमप्रकाश जमदग्नि व डा. जयपाल सिंह चौहान का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने प्रदेश सरकार में नवनियुक्त दर्जाधारी ओम प्रकाश जमदग्नि, डा.जयपाल सिंह चौहान व भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि दायित्वधारियों की नियुक्ति होने से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिलेगा और पार्टी मजबूत होगी। शनिवार को वेद मंदिर आश्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार में दर्जाधारी की जिम्मेदारी मिलने पर डा.जयपाल सिंह चौहान एवं ओमप्रकाश जमदग्नि का जिले भर से बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर एवं मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। जहां सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है। जिस प्रकार से वरिष्ठ नेताओं को सम्मान दिया गया है। निश्चित ही सरकार को इससे और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सभी वर्ग का समुचित विकास कर रहे हैं। डा.जयपाल सिंह चौहान एवं ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि उन पर जो विश्वास मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी ने जताया है, उसी के अनुकूल काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशु चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, संजय सहगल, लव शर्मा, अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रधान, सुशील राठी, प्रमोद शर्मा, कमल जौरा, धर्मपाल चौधरी, धर्मेंद्र प्रधान, सत्यकुमार चौधरी, बृजमोहन पोखरियाल, अनिल अरोड़ा, श्रवण चौहान, मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, पार्षद अनुज सिंह, अभिनव चौहान, राजकुमार अरोड़ा, राजीव भट्ट, शांतनु पाराशर, कुंवर बाली, दीपांशु शर्मा, नवजोत वालिया, मोहम्मद सफी लोढा, सतविंदर सिंह, गुरबाज सिंह, सचिन शर्मा, गुरबाज सिंह, आयुष, सचिन चौहान, राजेंद्र चौधरी, रमेश चंद, दीपचंद, अजय शर्मा, अंकित शर्मा, सुशांत, अमित आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



# एबीवीपी हरिद्वार की जिला समीक्षा एवं योजना बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हरिद्वार की जिला समीक्षा एवं योजना बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य गत वर्ष 24-25 की गतिविधियों की समीक्षा करना तथा आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए संगठनात्मक योजना जैसे इकाई गठन, सदस्यता, आगामी कार्यक्रम की योजना तैयार करना था। बैठक में जिलेभर से सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रवासी के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमन पंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास, राष्ट्रीय चेतना के विस्तार और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एबीवीपी की भूमिका पर विचार साझा किए। बैठक तीन सत्रों में आयोजित हुई। पहले सत्र में बीते कार्यकाल के दौरान स्कूल, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर चलाए गए सदस्यता अभियान, कार्यक्रमों एवं आंदोलनों की समीक्षा की गई। इसमें विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर किए गए प्रयासों, जैसे फीस वृद्धि विरोध, परीक्षाओं में पारदर्शिता, रोजगार उन्मुख शिक्षा व छात्रावास की समस्याओं को उठाने की चर्चा हुई। दूसरे सत्र में आगामी सत्र के लिए योजनाएं तय की गईं। इसमें तय किया गया कि स्कूल स्तर पर शविद्यार्थी नेतृत्व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिससे छोटे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो। महाविद्यालय स्तर पर स्वाध्याय मंडल, सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से जल, जंगल, जमीन, जानवर के संरक्षण हेतु अभियान चलाए जाएंगे। साथ में इस वर्ष चार धाम यात्रा प्रारंभ होने पर अनेकों कार्यक्रम किए जाएंगे। तीसरे सत्र में कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए तथा संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा हुई। तय किया गया कि नए क्षेत्रों में इकाइयों का गठन कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एबीवीपी हरिद्वार के जिला प्रमुख राहुल सिंह ने की। बैठक में प्रांत एसएफएसकार्य प्रमुख डा. रितेश वशिष्ठ, प्रांत सह मंत्री विशाल भारद्वाज,जिला प्रमुख राहुल सिंह,विभाग संगठन मंत्री मनीष राय, प्रांत शोध कार्य सह संयोजक मेघा शर्मा, तुषार, सूर्यप्रताप, आर्यन चौधरी, पीयूष मलिक, अच्युतांश व विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आम मुसलमानों के हित में है वक्फ संशोधन बिल : शहनवाज

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल आम मुसलमानों के हित में है। यतीम बच्चों और बेवा महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। प्रैस को जारी बयान में शहनवाज सलमानी ने वक्फ संशोधन बिल पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन बिल से आम मुसलमान को कोई नुकसान नहीं है। वक्फ कानून में किए गए संशोधन लागू होने पर वक्फ की संपत्ति से होने वाली आमदनी से जरूरतमंद, गरीब मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति को सुधाराने में लगाया जाएगा। कमजोर आर्थिक स्थिति की वजह से शिक्षा से वंचित यतीम बच्चों को शिक्षा के अवसर मिलेंगे। बेवा महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# कन्या पूजन से प्राप्त होती है मां भगवती की कृपा : निर्मल दास

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी पर श्रवणनाथ नगर स्थित श्री तारकेश्वर धाम में गौ गंगा धाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मल दास ने 51 कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आता है। बाल स्वरूप कन्यायें साक्षात मां भगवती का अवतार हैं। कन्या पूजन से व्यक्ति के जीवन में धन-धान्य, सुख समृद्धि का वास होता है। माता प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान पवित्र मन से की गई आराधना व्यक्ति का जीवन भवसागर से पार लगाती है और उसके कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। नवरात्र पर्व आत्मकल्याण और आत्म शुद्धि की अवधि है। माता के सभी स्वरूपों का आशीर्वाद साधक को प्राप्त होता है। इसलिए यदि व्यक्ति को अपना जीवन सफल बनाना है तो मां के शरणागत अवश्य आना चाहिए। इस दौरान स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी आनन्द महाराज, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, महंत कपिल मुनि, स्वामी शिवम महंत, आचार्य पंडित रामचंद्र, पंडित प्रकाश उप्रेती, आचार्य योगेंद्र मिश्रा, आचार्य अजीत त्रिपाठी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वक्फ कानून में संशोधन का किया समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वक्फ कानून में संशोधन का समर्थन करते हुए इसे गरीब मुसलमानों के हित में उठाया गया कदम बताया है। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद शमशाद मीर ने कहा कि वक्फ कानून में किए गए संशोधन आम मुसलमानों के हित में है। कुछ लोग निजी फायदे के लिए इसका विरोध कर रहे हैं। शमशाद मीर ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर हमेशा अशराफ (उच्च जातियों) का कब्जा रहा है। इसलिए वक्फ संपत्तियों में पसमांदा मुसलमानों को कभी हिस्सेदारी नहीं मिली। वक्फ कानून में किए गए संशोधन लागू होने पर पसमांदा मुसलमानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हो या अन्य मुस्लिम संगठन, किसी ने भी पसमांदा मुसलमानों की स्थिति पर विचार नहीं किया। पसमांदा मुसलमानों को वक्त संपत्ति का लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वक्फ कानून में किए गए संशोधन के खिलाफ तमाम मुस्लिम संगठन मिलकर अभियान चला रहे हैं। लेकिन किसी भी संगठन ने पसमांदा मुसलमानों की बेहतरी के लिए कभी कोई अभियान नहीं चलाया। मोहम्मद शमशाम मीर ने पसमांदा मुसलमानों से किसी के बहकावे में नहीं आने और वक्फ कानूनों में किए गए संशोधनों का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि इसके लिए अभियान चलाकर घर-घर जाकर लोगों को वास्तविकता से अवगत कराया जाएगा। सभी प्रदेशों में प्रैस कांफ्रेंस कर भी लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रैसवार्ता में शाहनवाज अब्बासी, नईम अब्बासी, कारी सदरे आलम, सोनू अंसारी, नदीम, सराफुद्दीन अब्बासी, शौकीन आदि मौजूद रहे। प्रैसवार्ता से पूर्व मंच के अध्यक्ष मोहम्मद शमशाद मीर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देवपुरा चौक पर वक्फ कानून में संशोधन का विरोध कर रहे लोगों का पुतला दहन भी किया।

# मां भगवती की आराधना और साधना को समर्पित हैं नवरात्र की नौ दिव्य रात्रि : स्वामी कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि नवरात्र की नौ दिव्य रात्रि जगदंबा मां भगवती की आराधना और साधना को समर्पित है। नवरात्र का यह पावन पर्व धार्मिक महत्व के साथ सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक है। नवरात्र में हर दिन जगत जननी मां दुर्गा के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंध माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जाती है। श्री दक्षिण काली मंदिर में नवरात्र साधना के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि नवरात्र भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का प्रतीक है। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि गुरूदेव रविवार को दुर्गा नवमी पर 101 कन्याओं का पूजन कर नवरात्र साधना का समापन करेंगे।

# राष्ट्र की एकता अखण्डता कायम रखने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका : स्वामी संतोषानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद ने कहा कि समाज को आध्यात्मिक रूप एकजुट कर राष्ट्र की एकता अखण्डता कायम रखने में संत महापुरूषों की हमेशा अहम भूमिका रही है। भारतमाता पुरम स्थित एकादृश रूद्रपीठ आश्रम के वार्षिक समारोह के अवसर पर आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद महाराज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड संतों की भूमि है। हरिद्वार और उत्तराखंड के संतों के श्रीमुख से प्रसारित होने वाले आध्यात्मिक संदेशों से पूरे विश्व को मार्गदर्शन प्राप्त होता है। सतों के मार्गदर्शन में प्राप्त ज्ञान से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद महाराज विद्वान और तपस्वी संत हैं। उनके द्वारा चलाए जा समाज कल्याण के प्रकल्प सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि समाज सेवा और सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे राजगुरू स्वामी संतोषानंद महाराज का जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। उनकी प्रेरणा से उनके शिष्य भी धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में योगदान कर रहे हैं। स्वामी हरिहरानंद ने कहा कि राजगुरू स्वामी संतोषानंद महाराज समाज में धर्म जागरण करने के साथ प्रतिवर्ष कई गरीब कन्याओं का विवाह और निर्धन परिवारों की सहायता के माध्यम से समाज सेवा में भी अहम योगदान कर रहे हैं। स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, आचार्य स्वामी पारसमुनि, महंत साधनानंद, महंत सूरज दास ने भी संत सम्मेलन को संबोधित किया और श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर पार्षद आकाश भाटी, आचार्य अमित थपलियाल, सतीश पाराशर, हरिमोहन, सुरेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, जीतू सिंह सेंगर, निरंजन सिंह गुर्जर, मनोज भाटी, अन्नु धाकड़ सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



# पार्षद अहसान अंसारी ने नगर निगम कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उपनगरी ज्वालापुर के वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के पार्षद अहसान अंसारी द्वारा नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर किरण जैसल रही। कार्यक्रम में निगम के कर्मचारी, अनुबंधित कंपनी के कर्मचारियों को शॉल, मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कर्मचारियों को हौसला अफजाई के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 44 के नागरिकों सहित शहर के सम्मानित एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शनिवार को ज्वालापुर के ईदगाह रोड स्थित ईवा ड्रीम्स अकादमी में वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों को शॉल, मिठाई, मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि महापौर किरण जैसल रही। पार्षद अहसान अंसारी ने महापौर को बुके व शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वार्ड 47 से निर्दलीय पार्षद आदेश सैनी, चौकी प्रभारी बाजार देवेंद्र तोमर, पूर्व पार्षद इसरार सलमानी, रियाज अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि शाहबुद्दीन अंसारी, कांग्रेसी नेता दिनेश दुबे, सद्दीक गौड़, मंडी यूनियन अध्यक्ष इमरान मंसूरी व आशु खान अतिथि के रूप में मौजूद रहे। महापौर किरण जैसल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से कर्मचारियों में हौसला बढ़ता है और वह अधिक मेहनत के साथ काम करते है। शहर को साफ रखने में सबसे बड़ा हाथ कर्मचारियों का ही होता है। पार्षद अहसान अंसारी ने कहा कि रमजान, ईद व नवरात्र के दौरान सभी कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा और किसी भी गली-मोहल्ले में सफाई की कोई कमी नही रही। कर्मचारी ही सम्मान के असली हकदार है। हमें समय-समय पर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने और उनकी मेहनत के लिए उन्हें सम्मानित करना चाहिए। सम्मानित होने वालों में सेनेटरी इंस्पेक्टर विकास छाछर, ईकान वाटरग्रेस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अक्षय तोमर, सहायक मैनेजर सुधीर चौधरी, विद्युत विभाग से मोबिन हसन, हवलदार कुशुम पाल, सुपरवाइजर शिवम, सुपरवाइजर अखिल व सोनू, भोला, शिवा, अतुल, मोहित, सोनिया, संतोष आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया। इस दौरान वाजीद अंसारी, सुहैल अंसारी, पप्पू मंसूरी, इखलाक कुरैशी, सम्मुन कुरैशी, हसरत कुरैशी, इमरान हसन, शाकिर हुसैन, अनस अंसारी, शादाब सलमानी, सद्दाम हुसैन, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।






**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लि0 (CIFCL) शाखा हरिद्वार के उपभोक्ता श्री जयपाल सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह निवासी 236 वार्ड नं0 4 रसूलपुर कलां, 93 मोहिदनपुर, करनाल (हरियाणा) ने एक आवासीय मकान जिसका क्षेत्रफल 820 वर्गफुट है, जिसका खसरा नम्बर 296 है, स्थित गोकुल ग्रीन सिटी ग्राम फेरूपुर रामखेडा, तहसील व जिला हरिद्वार में है, को श्रीमती ममता पत्नी श्री रोहित कुमार से क्रय करने के लिए मेरी व्यवहारी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लि0 से ऋण प्राप्त करके, उक्त मकान को मेरी व्यवहारी के पक्ष मे बंधक करना चाहता हैं। यह कि उपरोक्त सम्पत्ति की श्रंखला में एक मूल दस्तावेज जिसका पंजीकरण बही नं0 1 जिल्द 3867 के पृष्ठ 151 से 168 दस्तावेज संख्या 6902 पर दिनांकित 02.12.2016 जो श्री उदय सिंह पुत्र स्व0 श्री कृपा राम ने श्री अमित पुत्र सुरेश बन के पक्ष मे उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार में निष्पादित किया था व दूसरा मूल दस्तावेज विक्रय पत्र जिसका पंजीकरण बही नं0 1 जिल्द 4107 के पृष्ठ 147 से 170 दस्तावेज संख्या 5031 दिनांकित 08.09.2017 को उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे श्री अमित पुत्र सुरेश बन ने श्री भूपेन्द्र कुमार रवि पुत्र श्री रमेश चन्द के पक्ष मे उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे निष्पादित किया था। यह कि श्रीमती ममता पत्नी श्री रोहित कुमार ने घोषणा की है कि उपरोक्त मूल दस्तावेज विक्रयपत्र संख्या 6902 दिनांकित 02.12.2016 व मूल दस्तावेज विक्रय पत्र संख्या 5031 दिनांकित 08.09.2017 ग्राम फेरूपुर मे कहीं पर गुम हो गया है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना वर्तमान सम्पत्ति मालिक श्रीमती ममता पत्नी श्री रोहित कुमार ने सम्बन्धित थाने पर दर्ज करा दी है। यदि किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त सम्पत्ति को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 दिनों में मुझसे सम्पर्क करे। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। सुभाष कुमार एडवोकेट, दुकान नं0 1, गुर्जर धर्मशाला निकट त्यागी कॉम्पलैक्स हरिद्वार, तहसील व जिला हरिद्वार। मो.नं. 9719608924

# डीएम ने दिए एसटीपी कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पेयजल निगम को एसटीपी कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर अधिशासी अभियंता पेयजल ने बताया कि काशीपुर एसटीपी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर है।

सहायक अभियंता पेयजल निगम रुद्रपुर ने बताया कि सितारगंज, किच्छा, बाजपुर एसटीपी कार्य मई तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी एसटीपी कार्य आगामी मई तक पूर्ण कर संचालित करने के निर्देश दिय। उन्होंने सभी निकायों को कलस्टर बनाते हुए लिगेसी वेस्ट का पूर्ण निस्तारण करने व फ्रेश वेस्ट का भी सेग्रीगेशन करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए । डीएम ने फ्रेस वेस्ट निस्तारण हेतु निकायो में भूमि चयन करते हुए ट्रोमल मशीन लगवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पर्यटन अधिकारी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जनपद में संचालित होटलों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा जो होटल पंजीयन नहीं करा रहे हैं उन्हे नोटिस भेजें। जिलाधिकारी ने गंगा की सहायक नदी गौला व कोसी नदी को स्वच्छ व ड्रेजिंग कराने हेतु राजस्व, वन एवं सिचाई विभाग संयुक्त सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में जिन औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषित पानी सीधे नदियों में जा रहा है आरएम सिडकुल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग व नगर निकाय संयुक्त रूप से चिन्हित करते हुए जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, मुख्य चिकत्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, एसीएमओ डा. राजेश आर्य, एसडीओ वन शशि देव, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि ओपी सिंह, सिंचाई भूवन पाण्डे, एएस नेगी, अजय कुमार जौन, विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, नामित सदस्य डा. आशुतोष पंत सभी ईओ नगर निकाय मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## अब पारदर्शिता के साथ होगा राशन वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सरकार के द्वारा राशन वितरण की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड में समस्त सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को ई पोस मशीन उपलब्ध गई है, इसी कड़ी में शनिवार को सितारगंज क्षेत्र में भी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को ई पोस मशीन उपलब्ध कराई गई। इस मशीन के माध्यम से सभी कार्ड धारकों को इसी माह से राशन वितरण किया जाएगा, जिसमें सभी प्रकार के कार्ड धारक को बायोमेट्रिक के माध्यम से ही राशन वितरण किया जाएगा। जिन कार्ड धारकों के बायोमेट्रिक थम्प नहीं आएंगे, उनको पोस मशीन से कार्ड धारकों के आंखों के रेटिना लेने के पश्चात राशन दिया जाएगा। यहां एमआई दीपक सक्सैना, कोटा धारक नरेंद्र कुमार, नरेश अग्रवाल ,राजेश खन्ना, चिराग जैन, प्रवेश कुमार काका, हरेंद्र बिष्ट, ललित रावत थे।

# दलित समाज ने फूंका पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत का पुतला

**पूर्व सीएम रावत ने दलित समाज से माफी नहीं मांगी तो होगा बड़ा आंदोलन: कुलविंदर सिंह किंदा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पूर्व सीएम और हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दलितों को अपशब्द कहना एवं राज्य में अवैध खनन को खनन अधिकारियों की मिली भगत से कराय जाने का आरोप लगाते हुए बंद करने की मांग की।

वरिष्ठ भाजपा नेता और बाजपुर गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष कुल. विंदर सिंह किंदा के नेतृत्व में आक्रोशित दलित समाज और खनन कारोबारियों ने सैकड़ों की संख्या में कृषि मंडी परिसर से जन आक्रोश रैली निकालकर शहीद भगत सिंह चौक पर सांकेतिक धरने पर बैठकर पूर्व सीएम का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि यह टेलर है अभी तो पिक्चर बाकी है। सीएम ने माफी नहीं मांगी तो इससे बड़ा आंदोलन राज्य में होगा। कुलविंदर सिंह किंदा के एक इशारे पर हजारों की संख्या में रॉयल गार्डन में भिड़ एकत्र हो गई। यहां से गाड़ियों में बैठकर कृषि मंडी परिसर पहुंचे। जहां से उन्होंने मंडी गेट से दलित समाज और आकर्षित खनन कारोबा. रीयों ने उनके नेतृत्व में मेन बाजार में रैली निकालते हुए शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सांकेतिक धरना दिया।उसके बाद पूर्व सीएम वर्तमान हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का पुतला दहन करते हुए उन्होंने चेतावनी दी की सीएम द्वारा माफी नहीं मांगी गई तो इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दलित समाज का किसी भी कीमत पर अपमान सहन नहीं किया जाएगा। त्रिवेंद्र रावत को दलित समाज के लोगों से मीडिया के सामने आकर माफी मांगनी होगी।

उन्होंने कहा है कि हरिद्वार में सबसे ज्यादा दलित समाज है और दलित समाज की वजह से वहां से सांसद बने हैं, उसके बावजूद भी उनकी इतनी खटिया मानसिकता हो सकती है यह जनता को अंदाजा नहीं था। इस मौके पर सतनाम सिंह वाल, रणजीत सिंह, मंगा सिंह, अजमेर मांड, सुरेंद्र बारवाल, हरकेश सिंह केशी, सोनू मांड, जीता सिंह, प्रेम शर्मा, हरदयाल सिंह, महेंद्र शर्मा, जसविंदर सिंह सन्नी, गुरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधायक आदेश चौहान ने गेहूं में लगी आग वाले खेतों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गेहूं के खेत में आग लगने से पूरी फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल विधायक आदेश चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने ऊर्जा निगम और राजस्व अधिकारियों के साथ घटना का निरीक्षण किया और पीड़ित किसानों के फसल के नुकसान के मुआवजे का सही आकलन करने के निर्देश दिए।

मंडी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष ग्राम कालिया वाला निवासी सरवन सिंह संधू एवं गुरप्रीत सिंह की सात एकड़ में गेहूं की पक्की हुई फसल तैयार खड़ी थी। खेत के ऊपर से ऊर्जा निगम की 33 केवीए की लाइन गुजर रही है। हाई टेंशन लाइन के पोल का इंसुलेटर फट गया, इससे उठी चिंगारी से फसल में आग लग गई। अग्निशमन कर्मियों



के पहुंचने से पहले ही पूरी फसल जलकर राख हो गई। खबर मिलने पर विधायक आदेश चौहान जले हुए गेहूं खेत पर पहुंचे और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। जसपुर एसडीएम चतर सिंह चौहान ने भी मौके का मुआयना किया और बताया कि विद्युत कर्मचारी एवं राजस्व अधिकारियों ने घटना का निरीक्षण किया है।

उनकी ओर से नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। नियमानुसार मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी। ऊर्जा निगम के जेई अनिल कुमार ने बताया कि इंसुलेटर में फाल्ट होने की वजह से आग लगी है।

# एडीएम ने लिया आदि कैलाश एवं ओम पर्वत दर्शन यात्रा की व्यवस्थाओं का जाएजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के निर्देशों के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ के विकासखंड धारचूला के अन्तर्गत आगामी आदि कैलाश एवं ओम पर्वत दर्शन यात्रा के सफल संचालन एवं श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह एवं अन्य संबन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा उक्त क्षेत्रान्तर्गत यात्रा मार्गों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने यात्रा मार्गों की वर्तमान स्थिति, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, शौचालय व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने एवं तीर्थयात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने कहा कि आदि कैलाश एवं ओम पर्वत की यात्रा धार्मिक महत्व की होने के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं यादगार बनाया जा सके। उन्होंने यात्रा मार्ग पर कार्यरत विभिन्न एजेंसियों एवं स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की ताकि यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी धारचूला मंजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी धारचूला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### विद्यालय के निकट संचालित मदिरा की दुकान हटाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर नगर के डी एन कान्वेंट स्कूल के निकट संचालित मदिरा की दुकान को हटाने की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत द्वारा, उप जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया की नगर में डी एन कान्वेंट स्कूल के लगभग 150 मीटर की दूरी पर, मदिरा की दुकान का संचालन हो रहा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी हुई कि मदिरा की दुकान ग्रामीण क्षेत्र की है जिसे अधिक मुनाफा कमाने के लिए शहर में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के आसपास ऐसी दुकानों का संचालन नहीं होना चाहिए, जिससे स्कूलों में अध्यनरत बालक- बालिकाओं के जीवन में विपरीत प्रभाव पढ़ने का अंदेशा रहता है। ज्ञापन में कहा कि स्कूल के निकट मदिरा की दुकान के संचालन से वहां नशेड़ी एवं अभद्र व्यक्तियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे बच्चों के जीवन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, साथ ही मदिरा की दुकान के आसपास माहौल अत्यधिक खराब होने लगा है । उन्होंने उप जिलाधिकारी से विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के भविष्य के दृष्टिगत उक्त दुकान को हटाने की मांग की।

### मांगों को लेकर शिक्षकों ने प्रभारी एबीईओ को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर 6 सूत्री ज्ञापन प्रभारी एबीईओ को सौंपा प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीआरसी पहुंचे शिक्षकों ने प्रभारी एबीईओ को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के पूर्व मंत्री पंकज चौहान ने कहा कि अधिकारीयों द्वारा कार्यालय में आए हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान ,सकारात्मक रूख अपनाने वह पक्षपात न करने की मांग करते हुए वर्ष 2009 में नियुक्त शिक्षकों के चयन का अवशेष भुगतान दिलाने को कहा शिक्षकों ने कहा कि वर्ष 2014 में नियुक्त शिक्षकों का जिले से चयन स्वीकृत हो चुका है इसलिए उनके चयन वेतनमान का निर्धारण ,अवशेष देयकों का भुगतान करने शिक्षकों को उनकी सेवा पंजिका का अवलोकन कराने आए दिन कार्यालय में हो रही है असामा. जिक गतिविधियों को रोकने की मांग की उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से शिक्षक समाज की छवि धूमिल हो रही है मौके पर पूर्व अध्यक्ष पंकज चौहान दीपक कुमार अरविंद कुमार नरेंद्र कुमार राजाराम जितेंद्र कुमार गिरवर सिंह चंचल कुमार आशीष गुप्ता अनिल कुमार महेश सिंह शैलेंद्र सिंह संजय कुमार महिपाल सिंह आदि शिक्षक रहे।

### महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास में भूमिका निभा रहा नंद घर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल नंद घर ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर 8,044 आँगनवाड़ियों को महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए आधुनिक केंद्रों में परिवर्तित किया गया है। यह पहल भारत के 15 राज्यों में संचालित है। नंद घर के माध्यम से अब तक 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं को प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास की सुविधाओं का लाभ मिला है।

नंद घर पारंपरिक आँगनवाड़ियों का आधुनिक रूप हैं, जो उन्नत सुविधाओं से परिपूर्ण हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहाँ स्मार्ट शिक्षा उपकरण, इंटरएक्टिव ई-लर्निंग मड्यूल, बाला डिजाइन और स्मार्ट टीवी जैसी सुविधाएँ भी दी जाती हैं, ताकि 3-6 साल के बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया जा सके। नंद घर महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बना रहा है, इससे महिलाएं प्रति माह औसतन घ10,000 तक की आय अर्जित करने में सक्षम हो रही हैं। इस वर्ष मार्च में अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन ने गर्वपूर्वक महाराष्ट्र के पहले नंद घरों का उद्घाटन किया, जिसमें ठाणे में 25 नए केंद्रों की शुरुआत की गई। अपनी पहुंच को और विस्तारित करते हुए, फाउंडेशन आगामी दो वर्षों में राजस्थान में 20,000 और नंद घर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल भारत सरकार के महिला और बाल विकास के ष्टिकोण के अनुरूप है। पूरे देश में 14 लाख से आँगनवाड़ी केंद्र 7 करोड़ से ज्यादा बच्चों को सेवाएँ दे रहे हैं। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता लिमिटेड की नन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रिया अग्रवाल हेब्बर, ने कहा कि, 8,000 नंद घरों की यात्रा हमारे इस संकल्प को दर्शाती है कि हम जमीनी स्तर पर जीवन में बदलाव लाने के लिए तत्पर हैं। शशि अरोड़ा, नंद घर के सीईओ, ने कहा कि, नंद घर में, हमारा उद्देश्य सिर्फ आँकड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन जिंदगियों में बदलाव लाना है, जो हमारे संपर्क में आती हैं।

### सील मदरसों को खुलवाने के लिए एसडीएम से मिले मदरसा प्रबंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मदरसा फैजुल उलूम एवं मदरसा रियाजउल उलूम के प्रबंधकों ने अपने अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम चतर सिंह चौहान से मुलाकात की उन्होंने एसडीएम से सील मदरसों को खुलवाने के लिए अपनी बात अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से रखी।



अधिवक्ता अखलाक अहमद एवं मोहम्मद एहतेशाम एड0 ने एसडीएम को बताया कि कि प्रशासन की ओर से सील किए मदरसों में दीनी तालीम दी जाती है जिसे मकतब कहा जाता है मकतब मदरसों की श्रेणी में नहीं आते हैं उन्हें सामाजिक सुलभता के लिए मकतब कहा जाता है जबकि मदरसों में बोर्ड से जुड़ी कक्षाएं संचालित होती है सील मदरसे वक्फ बोर्ड में भी पंजीकृत है उन्होंने एसडीएम को मदरसों के पंजीकृत अभिलेख प्रस्तुत कर मदरसों की सील खोले जाने की मांग की। एसडीएम ने बताया कि कार्यालय की ओर से सील मदरसा प्रबंधकों को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए थे उनकी ओर से नोटिस के जवाब में प्रस्तुत अभिलेख की जांच कर आला अधिकारियों को रिपोर्ट बनाकर भेजने की कार्रवाई की जा रही है मुख्यालय से आदेश आने के बाद ही सील खोले जाने से संबंधी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेसी नेता सुल्तान भारती मदरसा रियाज उल उलूम के सदर मुबारक हुसैन,अखलाक हुसैन एडवोकेट, हाजी सलीम, वसीम खान, अख्तर हुसैन ,नौशाद एडवोकेट, वसीम फैजी, मोहम्मद मोहसिन ,मोहम्मद आसिफ एडवोकेट सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ससुराल से घर लौट रहे बाइक सवार मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था।




ग्राम गूलरगोजी निवासी हरस्वरूप सिंह 35 वर्ष पुत्र जसवंत सिंह उद्धोवाला थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर स्थित अपनी ससुराल गया था। ससुराल से वह देर शाम घर बाइक से लौट रहा था। गांव से निकलते ही अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे राहगीर व परिजनों ने उसे कासमपुर गढी के सीएससी सेंटर में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही हरस्वरूप ने दम तोड़ दिया।

कोतवाल सुमित कुमार राठी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# ग्रीष्मकालीन धान की पौध को नष्ट करने के विरोध में सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन के युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों और भाकियू के पदाधिकारियों ने शासन /प्रशासन द्वारा किसानों की ग्रीष्मकालीन धान की पौध को नष्ट करने के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चतर सिंह चौहान को सौंपा ।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व क्षेत्रीय कृषक अनाज मंडी में एकत्र हुए वहां पर आपस में विचार विमर्श करने के पश्चात भाकियू नेता व कृषक उपजिलाधिकारी कार्यालय जसपुर पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम चतर सिंह चौहान को ग्रीष्मकालीन धान की पौध व खेती खेती को प्रशासन द्वारा नष्ट किए जाने के विरोध स्वरूप शासन प्रशासन के खिलाफ अपना



रोष व्यक्त किया तथा उक्त कार्रवाई को रोकने से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तराखंड को प्रेषित करते हुए एसडीएम को सौंपा। भाकियू युवा ब्लाक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसानों के संबोधन में बताया था कि इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की खेती लगाने की परमिशन दे दी गई है, लेकिन जब कृषकों की पौध तैयार हो गई है तो शासन प्रशासन द्वारा फसल व पौध को पीले पंजे द्वारा रौंदा जा रहा है, जिससे किसानों में अत्यधिक रोष व्याप्त है।

सरकार का यह हिटलर शाही रवैया किसानों के हित में प्रतीत नहीं हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने बिजली के बिलों पर सिक्योरिटी चार्ज हटाने की मांग भी दोहराई। उन्होंने कहा कि किसानों को धान के अलावा दूसरी खेती मक्का आदि फसलों के बोने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यदि किसानों को सरकार मक्का की फसल को एसएमपी मूल्य पर खरीदने की गारंटी दे तो वह मक्का की ओर आएंगे।

उन्होंने आशा जताई कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी किसानों की समस्याओं और आजीविकाओं को दृष्टिगत रखते हुए शासन प्रशासन को फसल नष्ट करने से रोकने का आदेश पारित करेंगे। ज्ञापन देने वालों में अमनप्रीत सिंह, सुखबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, मौका सिंह, गोपी सिंह, विक्टर हरमिंदर सिंह, निशांत सिंह, यश त्यागी, विक्की चौहान, यूसुफ यूसुफ, दिगरा आदि किसान मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिता का पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** मुख्यमंत्री उद्दिमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत समस्त वय वर्ग के बालिकाओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन नगर के न्यू लाइट स्कूल नानकमत्ता में किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल द्वारा किया गया। आयोजित बालिका वर्ग मे 600 मीटर दौड़, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, 30 मीटर फ्लाइंग दौड़, 6 व 10 शटल दौड़, मेडिसिन बॉल थ्रो प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए योजना में प्रतिमाह मिलने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी दी। आयोजक विद्यालय न्यू लाइट स्कूल के प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को प्रतियोगिताओं के आयोजन की व्यवस्था हेतु सीआरसी समन्वयक जसौद मेहता सहित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। खिलानंद अटवाल ने अपने संचालन में सभी निर्णायक शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ परिणाम घोषित करने के लिए कहा। सीआरसी समन्वयक



जसौद मेहता ने प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं को संपन्न करने के लिए किशन चौहान फिजिकल टीचर न्यू लाइट स्कूल, निमाई चंद्र मांझी, खजान सिंह, कुंवर सिंह राणा, हिमाचल कुमार, वीरेंद्र सिंह, पवन कुमार , जितेंद्र राणा, मोहित राणा, लीला रौतेला, नीलम रानी, निर्मल सिंह ,पुष्पेंद्र कटियार, आरएस यादव, भावना राणा , प्रेम सिंह,आदि उपस्थित रहे।

# वनों को आग से बचाना वन विभाग के लिए किसी युद्ध से नहीं है कम: वन संरक्षक

**दावाग्नी से वनों को बचाने के उपायों का किया स्थलीय निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** वनों को आग से बचाने के लिए स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर उनकी पूरी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीणों से लगातार संपर्क स्थापित किया जाना चाहिए। वन में आग लगने पर सबसे पहले इसकी जानकारी पास में रहने वाले ग्रामीणों को ही होती है। यह बात क्षेत्रीय भ्रमण पर आई निदेशक वानिकी प्रशिक्षण केंद्र एवं नोडल अधिकारी तेजस्विनी पाटिल ने व्यक्त किए।

श्रीमती पाटिल ने विभिन्न स्थानों में उपलब्ध संसाधनों एवं क्रू स्टेशन का भी जायजा लेते हुए कहा कि वनाग्नि से जंगलों को बचाना वन विभाग के लिए किसी युद्ध से कम नहीं है। विभागीय रणनीति ऐसी होनी चाहिए कि जिससे कम नुकसान में अधिक सफलता मिल सके, इसमें सबसे कारगर वह गांव के लोग ही होते हैं जिनके पूर्वजों ने इस वन संपदा को आग से बचाया है।

इस कार्य में वन कर्मियों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान देना चाहिए। बाद में उन्होंने प्रभागीय कार्यालय में डीएफओ



नवीन चंद्र पंत एवं उनके सभी अधिनस्त कर्मियों से सीधा संवाद स्थापित कर इस कार्य में आ रही दिक्कतों की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चीड़ बाहुल वनों से पिरूल के एकत्रीकरण के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर भी विशेष जोर दिया।

अब शासन द्वारा पिरूल के अच्छे रेट दिए जा रहे हैं तथा ग्राम स्तर पर अधिकाधिक लोगों को इस कार्य में लगाया जाए जिससे उन्हें आय होने के साथ वन भी बच सकें। डीएफओ श्री पंत ने विभागीय प्रयासों की नोडल अधिकारी को जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में ग्राम स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# शराब का ठेका खोले जाने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा सरकार द्वारा ग्राम मालधन चौड़ में शराब का ठेका खोले जाने के खिलाफ महिला एकता मंच ने आठ अप्रैल को जुलूस प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की है। मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू होकर जुलूस शराब के ठेके तक जाएगा।

महिलाओं ने मालधन क्षेत्र को नशे के चंगुल से बचाने के लिए जनता से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। मालधन पंचायत भवन में आयोजित बैठक में महिलाओं ने कहा कि जनता को नशा नहीं अस्पताल में इलाज चाहिए। महिलाओं ने कहा कि जनता पिछले लंबे समय से मालधन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, प्रसव, चिकित्सकों की नियुक्ति व 24 घंटे इमरजेंसी सुविधाओं आदि की मांग कर रही है, लेकिन धामी सरकार जनता को इलाज की जगह नशा दे रही है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। सरकार राजस्व बढ़ाने के नाम पर हमारे परिवारों को तबाह बर्बाद करने पर उतारू हो गई है। महिलाओं ने भाजपा सरकार को चेतावनी दी कि वह मालधन क्षेत्र की जनता को वोट बैंक समझना बंद करें और शराब का ठेका तत्काल बंद करने का आदेश जारी करे। इस दौरान बैठक में भगवती देवी, पुष्पा चंदोला, विनिता टम्टा, सरस्वती जोशी, पिंकी, ममता, पुष्पा देवी, ममता देवी, आन्नदी देवी, नीमा,कमला, गंगा शाह,भावना आदि महिलाएं शामिल रही।

# निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ खोला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खटीमा में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाने तथा उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने आरोप लगाया है कि निजी विद्यालयों द्वारा कापी, किताबों, बैग व ड्रेस के लिए अपनी-अपनी दुकान सुनिश्चित की गई है, जिनके द्वारा मनमानी तरीके से अधिक मूल्य पर कापी किताबें व अन्य दस्तावेजी सामान अभिभावकों को विक्रय किए जाते हैं, जिससे विद्यालयों को भी भारी कमिशन जाता है। ज्ञापन में लिखा है कि कई निजी विद्यालयों द्वारा कॉपी किताबों के लिए पैकेज तथा कलर कोड बनाए गए हैं, जिसमें से अभिभावक द्वारा यदि एक भी सामान कम लिया जाता है तो अभिभावकों के साथ कठोर व्यवहार दुकानदार द्वारा किया जाता है और कॉपी, किताबें, बैग व ड्रेस आदि देने से मना कर दिया जाता है। जिसकी वजह से अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर निजी विद्यालयों की मनमानी को रोकने तथा उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष मनोज कुमार मौर्य, अमर शर्मा, राकेश कुमार गंगवार, राक. ेश कुमार मौर्य, अनुज गंगवार, सुशील, शंकर सिंह तथा राशिद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# निचली अदालत का फैसला पलटा

## दहेज के आरोपी को दस साल की सजा मिली थी, हाईकोर्ट ने बरी किया



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने निचली अदालत से दहेज के आरोपी को दस साल की सजा व दो हजार का अर्थदंड दिए जाने के मामले पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने निचली अदालत के आदेश को उलटते हुए आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया तथा उस पर लगाए गए सभी आरोप गलत साबित करार दिया। मामले के अनुसार कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के ग्राम बिबड़ी तहसील भनोली निवासी रमेश चन्द्र की शादी मुन्नी देवी के साथ वर्ष 2000 में हुई थी। शादी के एक वर्ष के भीतर उसकी अज्ञात कारणों से मौत हो गयी लेकिन मृतका के परिजनों ने उस पर गलत आरोप लगाया था कि उसने उनकी पुत्री की हत्या दहेज कम दिए जाने के कारण से कर दी है। परिजनों का यह भी कहना था कि जब उनकी लड़की मायके आती थी तो वह हमेशा कहा करती थी कि ससुराल वाले शादी में कम दहेज देने के ताने उसे बार बार देते रहते हैं, अब उसका पति उससे 1 लाख 25 हजार नकद व 4 तोला सोना मायके वालों से लाने की मांग कर रहा है।

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान आरोपी पति की तरफ से कहा गया कि उसे दहेज मांगने के चक्कर मे गलत फंसाया गया है, उसने व उसके परिजनों ने कभी भी दहेज की मांग नहीं की। जब से शादी हुई लड़की खुद अपने रोग से परेशान थी तथा लड़की को मिर्गी रोग से पीड़ित थी तथा आये दिन उसे मिर्गी के दौरे पड़ते रहते थे, इससे परेशान होकर उसने जहर खा लिया था। उसके परिजनों ने यह रोग शादी तय होने के वक्त उनसे छुपाया था, अब उसे व उसके परिवार के सदस्यों को दहेज कब मुकदमे में झूठा फंसाया गया। जब यह मुकदमा निचली अदालत में चल रहा था तो मिर्गी रोग के बारे में कोई सुनवाई नहीं हुई। बयान के दौरान न इसके बारे में अभियोजन पक्ष की तरफ से यह प्रश्न पूछा गया। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से सुनवाई के बाद निचली अदालत के आदेश को पलटते हुए उसे बरी करने के आदेश दिए साथ में कोर्ट ने उसे दहेज मांगने व हत्या के आरोप से बरी भी कर दिया।

## डीएफओ का जवाब, गांव वालों के लिए रास्ता खोल दिया है

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बर्ड सेंचुरी के नाम से फेमस नैनीताल जिले के पंगूट क्षेत्र का बुढ़ पंगूट के लोगों का ब्रिटिश कालीन रास्ता वन विभाग के द्वारा बंद करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने सरकार से जवाब पेश करने को कहा है साथ में कोर्ट ने डीएफओ से रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बता दें शनिवार को हुई सुनवाई पर डीएफओ कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि गांववासियों के रास्ता खोल दिया है जिस पर कोर्ट ने इसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बता दें कि शुक्रवार को कोर्ट ने डीएफओ से गाँववासियों के रास्ता खोलने को कहा था। मामले के अनुसार बुढ पंगूट निवासी भावना व प्रेमलता बुधलाकोटी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वन विभाग ने बर्ड सेंचुरी के नाम पर उनका ब्रिटिश कालीन आम रास्ता बंद कर दिया गया है जबकि यह रास्ता एक बटिया है, जबकि बर्ड सेंचुरी बाद में घोषित हुई है। जनहित याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि वन विभाग ने एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया है। बिल्डर ने वन विभाग की भूमि पर अवैध रोड का निर्माण तक करा लिया है। पूर्व में भी विभाग ने इसी तरह का निर्णय लेकर एक अन्य गांव का रास्ता बंद कर दिया गया था जिसको भी कोर्ट ने खोलने के आदेश दिए थे। याचिका में आगे कहा गया कि उनके वहां कई तरह के मरीज है लेकिन रास्ता बंद होने के कारण वे लोग उपचार करने के लिए गांव से बाहर नहीं जा पा रहे हैं इसलिए इस प्रतिबंध को हटाया जाए।

## नशे की तस्करी में पति-पत्नी सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की।

बीते शुक्रवार की रात्रि एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने नशे की तस्करी करने वाले पति-पत्नी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चारों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सटीक सूचना पर एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बीते शुक्रवार की रात्रि लाल. कुआं सुभाष नगर बैरियर पर संदिग्ध व्यक्ति रोडवेज की बस संख्या-यूपी25एफटी-4177 से सवार होकर हल्द्वानी को आ रहा था तभी टीम ने शक होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 200 नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मो. अकरम हुसैन उर्फ मुला बताया। टीम में एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, प्रभारी चौकी बिंदुखत्ता सोमेंद्र सिंह, कानि. दिलीप कुमार, कानि. आनंदपुरी, कानि. तरुण मेहता, कानि. संतोष बिष्ट, चंदन बिष्ट शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने रामलीला ग्राउंड, मंगलपड़ाव में चे‍ि. कंग के दौरान एक महिला सहित एक पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के पास से 6.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों में मोनिषा पत्नी मौ. इकरार, निवासी इन्द्रानगर, सरगम गंगवार पत्नी सन्नी गंगवार निवासी वार्ड नं. 13, राजपुरा और सन्नी गंग. वार पुत्र केशव प्रसाद गंगवार, निवासी वार्ड नं. 13, राजपुरा शामिल हैं। टीम में एसएसआई रो. हताश सिंह सागर, हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह, कांस्टेबल मनमोहन सिंह (एएनटीएफ), कांस्टेबल राजेन्द्र जोशी (एएनटीएफ), महिला कांस्टेबल राजेश्वरी नेगी शामिल रहे।

**अदालती सूचना**
**न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन कम्पनसेशन, श्रम न्यायालय, मन्दसौर (म0प्र0)**

क्रमांक 142 प्रकरण क्रमांक 01/w.c.f./2025

**सूचना पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक मातबरसिंह पिता रूपराम निवासी ग्राम नराया, जमुवा जिला देहरादून (उत्तराखंड) की दिनांक 19.10.2024 को घटित दुर्घटना के परिणामस्वरूप मृत्यु हो जाने के कारण नियोक्ता लार्सन एण्ड टुबो लिमिटेड हैवी सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर, गांधीसागर पी.एस.पी, खेमला ब्लॉक, मनासा जिला- नीमच द्वारा कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत मुआवजा राशि रूपये 11,56,252/- अक्षरी रूपये ग्यारह लाख छप्पन हजार दो सौ बावन केवल मृतक के आश्रितों में वितरण हेतु इस न्यायालय में जमा किये है। अत: जो कोई भी व्यक्ति धारा 2 (डी) कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो दिनांक 13/03/2025 को सुबह 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर मुआवजा प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र, पहचान प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा साक्ष्याकित किये गए मृतक के आश्रितों के फोटो एवं बैंक खाते के विवरण सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत करे तथा मृतक के आश्रितों के नाबालिग बच्चे यदि हो तो उन्हें भी साथ लायें। यह ध्यान रहे कि उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्र पर बाद में मेरे द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 13/02/2025 को जारी किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद् डोईवाला ( देहरादून )

पत्रांक 25/अ0वि0यो0/2025-26 दिनांक05.04.2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् डोईवाला, देहरादून को वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 मे अवस्थापन विकास निधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद डोईवाला में पंजीकृत ठेकेदारो से **दिनांक 22-04-2025** को समय **2:00** बजे तक **16 निर्माण कार्य** कराये जाने के लिए सीलबन्द निविदायें आर्मंत्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन सायं 4.00 बजे गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा निविदादाताओं / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे, निविदा प्रपत्र पालिका कार्यालय से **निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरांत से दिनांक 21-04-2025 तक** को नगद भुगतान पर विक्रय किये जायेंगे। किसी एक या समस्त निविदाओं को विना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, निविदा समिति मे निहित होगा। निर्माण कार्यो की निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस मे जानी जा सकती है। निविदा की वैधता 45 दिन होगी। निविदा प्राप्त होने की तिथि मे किसी भी प्रकार का सार्वजनिक अवकाश होने पर अगला कार्यदिवस ही निविदा प्राप्ति की तिथि मानी जायेगी।

| क० सं० | कार्य सं० | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र मूल्य रू० मे | जी०एस०टी० 18% | योग | धरोहर राशि रू० | श्रेणी | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 1 | वार्ड नं0-2 में आर्यनगर में राजेश कुमार के घर से रोहित रावत के घर तक एवं सुधीर रावत के घर से फते सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 29000 | I | 90 दिन |
| 2 | 2 | वार्ड नं0-2 में भानियावाला आर्यनगर में गुरूग्राम वाली सडक में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 28600 | I | 90 दिन |
| 3 | 4 | वार्ड नं0-4 में कालुसिद्व मेन रोड पर कलम सिंह के चक्की से घमण्ड सिंह के घर तक एवं भटट गुरूजी वाली सडक पर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 25900 | I | 90 दिन |
| 4 | 5 | वार्ड नं0-4 थानो रोड से आदित्य वर्मा (मालदार) जी के जी के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 38500 | I | 90 दिन |
| 5 | 6 | वार्ड नं0 07 अपर जौली में टयूबवैल से कमलेश श्रीसवाल के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 38000 | I | 90 दिन |
| 6 | 7 | वार्ड नं0 07 ऋषिकेश रोड से आरसी जोशी के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 21000 | I | 90 दिन |
| 7 | 8 | वार्ड नं0 07 मे ऋषिकेश रोड से होटल हाईवे से नरेन्द रावत क घर तके इन्टरलाकिंग सडक घर तक निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 20000 | I,II | 90 दिन |
| 8 | 9 | वार्ड नं0 08 कोटी में चौक न० 03 के पास मेंन रोड संजय तिवारी की दुकान से सचिन बगोडा के घर तक एंवम दर्शन सिंह के घर से पुनम रमोला के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 32500 | I | 90 दिन |
| 9 | 10 | वार्ड नं0 08 कोटी में प्रकाश गोड से सुनील पैन्यूली के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 23500 | I | 90 दिन |
| 10 | 11 | वार्ड नं0 09 में मेन रोड से विरेन्द रावत के घर की ओर एंवम मेंन रोड से मनोज बिष्ट के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य | 1500 | 270 | 1770 | 30300 | I | 90 दिन |
| 11 | 12 | वार्ड नं0 09 में मेंन राड से पूरन जोशी के घर तक एंवम मेन राड से सरिता खरोला के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 39600 | I | 90 दिन |
| 12 | 13 | वार्ड नं0 10 भानियावाला में गणपति चौक मोहनी लाज रणवीर सिंह रावत एंवम गीता भण्डारी के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 37900 | I | 90 दिन |
| 13 | 14 | वार्ड नं० 10 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अवतार सिंह चौक पर केंदारपुरम में संजीव सैन के घर से विशाल गुसाई एंवम हरिद्वार रोड से भूपेन्द के के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 37500 | I | 90 दिन |
| 14 | 15 | वार्ड नं0 17 रेडियन पब्लिक स्कूल से राठौर जी के घर से जगत राम तिवारी के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17800 | I,II | 90 दिन |
| 15 | 16 | वार्ड नं0 17 बीके इन्डस्ट्रीज वाली गली में विजय रावत से रणवीर रावत के घर तक एंवम दूधली मेंन रोड पर सन्तोष बहुगुणा के घर से मुकेश रावत के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 34500 | I | 90 दिन |
| 16 | 17 | वार्ड नं0 18 मे ज्ञान विहार में प्राथमिक पाठशाला से राजवीर के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14000 | I,II | 90 दिन |

**( उत्तम सिंह नेगी )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् डोईवाला**

**( नरेन्द्र सिंह नेगी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

## कार्यालय नगर निगम रूडकी जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक: 19 / स्वा0अनु0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 04.04.2025

**'निविदा शुद्धि पत्र'**

नगर निगम रुड़की वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजीकृत ठेकेदारो तथा अनुभवी कैन्टीन संचालको से नगर निगम परिसर में एक कैन्टीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की सूचना पत्रांक सं0 09/स्वा0अनु0/निविदा सूचना/कैन्टीन /2025-26 दिनांक 02.04.2025 दैनिक जागरण एवं शाह टाइम्स अखबार में दिनांक 03.04.2025 को प्रकाशित की गई, उसमें निविदा खोले जाने की तिथि दिनांक 16.04.2025 के स्थान पर दिनांक 17.04.2025 पढ़ी जाये, शेष समय व शर्ते यथावत लागू रहेगी।

**सहायक नगर आयुक्त**
नगर निगम रूडकी

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला

पत्रांक: 24 / कोटेशन / 2024-25 दिनांक: 05 / 04 / 2025

**अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

निराश्रित घायल और बीमार पशुओं की उचित देखरेख हेतु रबर मैट, झाड़ू, तसला, डस्टबीन कय किए जाने हैं। उक्त सम्बन्ध में इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो/कंपनियों से कोटेशन के माध्यम से दिनांक 08.04.2025 तक दोपहर 02 बजे तक कोटेशन आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन सायं 03.00 बजे कोटेशनदाताओं के सम्मुख खोली जाएंगी। कोटेशन को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क.सं. | सामग्री का नाम | दर जीएसटी सहित |
|---|---|---|
| 1 | 50 रबर मैट | |
| 2 | 50 बड़े झाडू बांस के डंडे लगे हुए | |
| 3 | 50 तसला लोहे के | |
| 4 | 50 बड़े डस्टबीन(120 लीटर) | |

**(अंकिता जोशी),**
अधिशासी अधिकारी

**(नीलम बिजल्वाण),**
**अध्यक्ष**

## उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गोपेश्वर
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867 दूरभाष:-01372-262463

**No:- 168/EE(CM)/UPCL/A-2** **विद्युत बाधित सूचना** **Dated:05.04.2025**

अधिशासी अभियन्ता 132 केवी0 परि०एंव अनु० खण्ड श्रीनगर पौडी के कार्यालय पत्रांक 58/अधि0अभि0 (परियोजना / पिटकुल / दिनॉक 04.04.2025 के द्वारा अवगत कराया गया है कि 400 के0वी0 श्रीनगर / पीपलकोटी लाइन का निर्माण होना है जिस हेतु शटडाउन की आवश्यकता है अत -विद्युत वितरण खण्ड के समानित उपभोक्ताओं को सुचित किया जाता है कि निम्न दिनॉक को पोषक से पोषित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति निमवत रूप से बाधित रहेगी।

| क0 सं0 | उपसंस्थान/फीडर का नाम | शटडाउन का दिनांक | समय | | प्रभावित क्षेत्र/ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 66 के0वी0 उपसंस्थान कर्णप्रयाग से 66 के0वी0 कोठियालसैण, 66 के०वी० कोठियालसैण से 66 के०वी० उपसंस्थान (मारवाडी) | 06/04/2025 से 09/04/2025 तक | प्रातः 7:30 बजे से | सांय 02:00 तक | 33/11 के०वी० उपसंस्थान कोठियालसैण, जोशीमठ पाडुकेश्वर, नन्दानगर एवं नन्दप्रयाग समस्त क्षेत्र एवंम ग्राम। |
| 2 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान तलधारी गौचर से 33/11 के0वी0 उपसंस्थान छांतिखाल पोखरी तक की 33 के0वी0 लाइन | | प्रातः 7:30 बजे से | सांय 02:00 तक | 33 के०वी० लाइन से पोषित 11 के0वी0 फीडर एवं फीडर से पोषित सम्बन्धित समस्त क्षेत्र एवं ग्राम |

अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखें

**अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें (टोल फ्री न० 1912)"
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री न० 1800 180 4185 / फैक्स संख्या - 0135-2760911 पर दें)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग

email id:- npprudraprayag6@gmail.com , Tel. 8791041698

पत्रॉक: 17 / निविदा आ0सूचना / 2025-26 दिनॉक:- 05.04.2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग द्वारा राज्य वित्त/15वें वित्त से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26 के लिए नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आवश्यकता के मध्य नजर निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत मोहरबन्द निविदाएं कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग में दिनांक 23-04-2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख सांय 3:00 बजे खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य + जीएसटी जमाकर के कार्यालय दिवस में दिनांक 17-04-2025 से 22-04-2025 तक प्राप्तः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार समिति मे निहित होगा। सूचना को जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in में भी देखी जा सकती हैं।

**नोट: उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0 223817 दिनॉक 10.07.24 के क्रम में निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व सम्बन्धित फर्म/निविदाकार को GST सम्बन्धी अदेय प्रमाण पत्र NO Dues Certificate तथा समस्त देय विवरण Statement एवं विवरण Return जमा होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाना अनिवार्य होगें। अनुपालन नहीं किए जाने की दशा में सम्बन्धित निविदाकार को निविदा में प्रतिभाग किए जाने हेतु अनर्ह Ineligible घोषित किया जाएगा।**

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राकलन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 04 जगतोली में सार्वजनिक शौचालय के निकट पार्किंग निर्माण कार्य | 24.90 लाख | 75,000 | 2000+GST | 04 माह |
| 2 | .वार्ड 03 कोटेश्वर में नगर पालिका आवासीय कॉलोनी के निकट पार्किंग निर्माण कार्य | 20.74 लाख | 62,500 | 2000+GST | 04 माह |
| 3 | रूद्रप्रयाग जनपद में च्वीत पानी के श्रोत से रैंतोली रोड तक पेयजल लाईन का निर्माण कार्य | 24.93 लाख | 75,000 | 2000+GST | 04 माह |
| 4. | वार्ड नं0 03, खुरड, रूद्र प्रयाग में शिक्षा विभाग के पास सीसी रोड एवं इंटरलॉक टाइल्स की मरम्मत कार्य। | 8.51 लाख | 26,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 5. | वार्ड न0 03, रूद्रप्रयाग में श्रीराजपाल सिंह के घर के पास से चोपडा रोड तक सीसी रोड और इंटरलॉक टाईल्स की मरम्मत कार्य | 14.19 लाख | 43,000 | 1500+GST | 04 माह |
| 6. | वार्ड न0 07 रूद्रप्रयाग में ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सुरक्षा दीवार का मरम्मत एव निर्माण कार्य | 7.80 लाख | 23,500 | 1000+GST | 04 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग**

# अष्टमी के दिन भी जारी रहा एफडीए का राज्यव्यापी अभियान

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** नवरात्रि पर्व के दौरान व्रत उपवास में प्रमुखता से इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखण्ड खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। आज अष्टमी के दिन भी एफडीए का राज्यव्यापी अभियान जारी रहा। स्वास्थ्य सचिव व आयुक्त एफडीए डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के दिशा निर्देशों पर राज्यभर में कुट्टू के आटे, साबूदाने, सेंधा नमक, दूध, पनीर समेत व्रत में प्रयुक्त खाद्य सामग्री की सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीमों ने आज प्रदेशभर में 94 से अधिक खाद्य



### ब्लिंकिट में खाद्य सुरक्षा मानकों का सीधा उल्लंघन

ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के माध्यम से एक्सपायरी सामग्री की आपूर्ति की शिकायत मिलने के बाद खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन देहरादून द्वारा आज बड़ी कार्रवाई की गई। उपयुक्त गढ़वाल मंडल आर. एस. रावत और जिला अभिहीत अधिकारी देहरादून मनीष सयाना के नेतृत्व में एफडीए की टीम ने ब्लिंकिट के दो स्टोरों पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान दोनों स्टोरों में बिना निर्माण अथवा समाप्ति तिथि के चिप्स पैकेट और एक्सपायरी ब्रेड स्टॉक में रखी पाई गई।

यह खाद्य सुरक्षा मानकों का सीधा उल्लंघन है। मौके पर ही दोनों स्टोरों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त जवाब के आधार पर दोनों स्टोरों के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस छापेमारी अभियान में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह (नगर निगम), संजय तिवारी (विकासनगर), एफडीए विजिलेंस टीम से जगदीश रतूड़ी और संजय नेगी शामिल रहे।

### खुले आटे की बिक्री नहीं मिली

आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि कुमाऊं मंडल के अंतर्गत पिथौरागढ, चंपावत, बागेश्वर, अल्मोडा, नैनीताल और उधमसिंहनगर जिलों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण में पाया गया कि किसी भी स्थान पर खुले कुट्टू के आटे की बिक्री नहीं हो रही है, जो कि विभाग की सख्ती और जागरूकता का परिणाम है। सभी जगह ब्रांडेड और लेबलयुक्त आटा ही बिक्री में था, जिन पर निर्माण तिथि, बैच नंबर, एक्सपायरी डेट जैसी अनिवार्य जानक. ारियाँ दर्ज थीं। 84 से अधिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई और 10 खाद्य नमूने परीक्षण के लिए हल्द्वानी स्थित राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला को भेजे गए। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर पूरे अभियान की समीक्षा की जा रही है और सभी जिलों में कार्रवाई निरंतर जारी है। आयुक्त डॉ राजेश ने बताया कि खाद्य संरक्षा विभाग ने देहरादून से 2, हरिद्वार से 1, नैनीताल से दूध व पनीर, अल्मोडा से बेसन, पिथौरागढ से मैदा व बेसन, उधमसिंहनगर से साबूदाना, और चंपावत से सेंधा नमक व साबूदाना के नमूने विश्लेषण को प्रयोगशाला भेजे।

**■ मिलावटी कुट्टू के आटे पर शिकंजा, 94 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, देहरादून में 50 किलो आटा नष्ट, साबूदाने, सेंधा नमक, दूध, पनीर समेत व्रत में प्रयुक्त खाद्य सामग्री की सघन जांच, कई जिलों से नमूने जांच को भेजे गए - डॉ आर राजेशब्लिंकिट के दो स्टोरों पर भी एफडीए की बड़ी कार्रवाई, एक्सपायरी ब्रेड और बिना तिथि वाले चिप्स बरामद, दोनों स्टोरों को जारी हुआ नोटिस**

### 50 किलो आटा किया गया नष्ट

आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा सभी टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ अभियान में जुटी हुई हैं। देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार के आलावा चारधाम यात्रा मार्ग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। यहां जांच के लिए मोबाइल वैन के साथ ही अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। इसके साथ ही अन्य सभी पर्वतीय जनपदों में भी टीमों द्वारा लगातार विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत व्रत के दौरान उपयुक्त खाद्य सामग्री विशेषकर कुट्टू के आटे की शुद्धता की जांच की जा रही है। आज 5 अप्रैल को देहरादून में 21 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कांवली रोड स्थित एक प्रतिष्ठान से 50 किग्रा संदिग्ध कुट्टू का आटा जब्त कर नष्ट किया गया। इसी दिन राज्य के विभिन्न जिलों से कुट्टू के आटे समेत कुल 13 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच को एकत्र किए गए हैं। शासनस्तर पर रोज कार्रवाई की समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बदार्शत नहीं की जायेगी।

प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, 13 नमूने जांच के लिए एकत्र किए। इसके साथ ही देहरादून जनपद में 50 किलो संदिग्ध कुट्टू के आटे को नष्ट भी कराया गया।

अभियान का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान उपभोक्ताओं को मिलावटी या असुरक्षित खाद्य सामग्री से बचाना है। शासन स्तर से अभियान की कडी निगरानी की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि ऑनलाइन खाद्य सामग्री प्राप्त करते समय निर्माण एवं समाप्ति तिथि अवश्य जांचें, और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें।

# नैनीताल में प्रतिबंधित टैक्सी वाहनों पर रोक



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में आखिरकार प्रशासन की ओर से शहर में पार्क व चल रहे प्रतिबंधित टैक्सी वाहनों का संचालन रोक दिया है। प्रशासन, पुलिस व आरटीओ की टीम ने शहर में चलने वाले प्रतिबंधित 225 वाहन संचालकों के के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रशासन की कार्रवाई से टैक्सी चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में 2017 के बाद पंजीकृत टैक्सी वाहनों का संचालन नैनीताल शहर में बंद किया गया था। लेकिन प्रतिबंध के बाद भी नैनीताल में लगातार प्रति. बंधित टैक्सी वाहन दौड़ाए जा रहे थे। कोई कार्रवाई नहीं होने के चलते यहां दिनों दिन वाहनों की संख्या बढ़ गई थी। लेकिन बीते दिनों दो बैठकों के बाद प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश का संज्ञान लेते हुए नैनीताल में प्रति. बंधित टैक्सी वाहनों के खिलाफ अभियान चला दिया है। शनिवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग की ओर से सड़कों के किनारे पार्क वाहनों को हटवाया। मुनादी के बाद भी जो वाहन सड़क के किनारे से नहीं हटाए गए तो उनको पिकअप में भरकर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं शहर के अंदर चल रहे प्रतिबंधित वाहनों को रोक चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई से टैक्सी चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल ने बताया कि बीते एक सप्ताह से टैक्सी चालकों को सूचित कर चयनित पार्किंग स्थलों पर जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन टैक्सी बाइक संचालकों की ओर से पार्किंग स्थलों पर नहीं पहुंचाई। जिसके चलते शनिवार को अभियान चलाकर प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों को शहर से हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम में एसपी अपराध व यातायात डा. एआरटीओ गुरदेव सिंह तथा नंदन आर्या व सीओ प्रमोद साह तथा कोतवाल हेम पंत व एसओ रमेश बो. हरा मौजूद थे।

# सीएम धामी के नारे लगा रहे कांग्रेस विधायक विकास की प्रतिध्वनि:खजान दास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस विधायक के सीएम धामी के नारे लगाने वाले वायरल वीडियो को विकसित होते उत्तराखंड की प्रतिध्व. नि बताया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता खजानदास ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के सवाल पूछने वाले आंदोलन पर भी तंज किया कि उन्हें अपनी पार्टी के विधायकों से ही अपना जबाब मिल गया होगा।

उन्होंने पार्टी मुख्यालय में इस वायरल वीडियो को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह वह सच है जिसे पूर्व सीएम हरीश रावत और कांग्रेस मुंह मोड़ने से भी बच नहीं सकते हैं। कांग्रेस विधायक ने मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर सार्वजनिक तौर पर जो नारे लगाए, वह स्वागत योग्य है। क्योंकि राज्य में हो रहे विकास एवं जन कल्याण के अच्छे कार्यों को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता है। सब देख रहे हैं कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकसित उत्तराखंड की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में नकारात्मक राजनीति के स्पीड ब्रेकर लगाने से अब विकास की रफ्तार काम नहीं होने वाली है। कांग्रेस के बहुत से विधायकों को इस सच्चाई का एहसास है, लिहाजा पहले भी जन दबाव में उनके कई विधायक सीएम धामी की सार्वजनिक तारीफ कर चुके हैं और अब नारे लगाना भी इसकी एक कड़ी है।

वहीं उन्होंने इस वायरल वीडियो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत पर भी तंज किया कि उन्हें अपनी पार्टी के विधायकों से प्रदेश के विकास को लेकर पहले ही चर्चा करनी चाहिए थी। क्योंकि अपने तथाकथित आंदोलन में वह जो भी सवाल प्रदेश सरकार से पूछ रहे हैं उनके जवाब तो उन्हें अपने विधायकों से ही मिल जाते। उन्होंने सुझाव दिया कि बेहतर है वह अपने सहयोगी विधायकों से प्रदेश हित में सकारात्मक राजनीति का सबक लें। वहीं हरदा पर कटाक्ष किया कि मुंह आंख कान बंद करने से सच्चाई छिप नही सकती है, क्योंकि ये तो पब्लिक है ये सब जानती है।

**■ कहा -विकास कार्यों से प्रभावित होकर सार्वजनिक तौर पर जो नारे लगाए, वह स्वागत योग्य**

# सरकार के तीन साल पूरे होने पर लाखों लोगों तक पहुंचा प्रशासन

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने गत सप्ताह तीन साल का सफल कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष थीम पर बहुउद्द्श्यीय शि. विर आयोजित किए गए। जिसमें हजारों की संख्या में प्रदेशवासियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया।

साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से सफलता के मॉडल स्थापित करने वाले लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

**■ बहुद्देश्यीय शिविर के जरिए प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का मिला लाभ, शिवि. रों के तहत विभिन्न योजनाओं के चेक और उपकरण भी वितरित किए गए**

### किसान संघ को वित. रित किया ड्रोन

इस दौरान चम्पावत में कृषि विभाग द्वारा गोल्ज्यू किसान उत्पादक संघ को 75 प्रतिशत अनुदान पर ड्रोन वितरित किया गया।

फार्म मशीनरी बैंक झालाकुड़ी के जय भूमियाल देवता स्वयं सहायता समूह को तीन पावर वीडर, तीन आटा चक्की सब्सिडी पर वितरित की गई। इसी तरह नंदा गौरा योजना के पांच लाभार्थियों को 50 ख्र 50 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए। लोहाघाट



में अटल आवास योजना के 10 और बाराकोट में चार लाभार्थियों को 60 ख्र 60 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए। हरिद्वार जनपद में 11 शि. विरों का आयोजन किया गया, जिसमें 21 हजार से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

### यूसीसी पंजीकरण और रोजगार

प्रदेश सरकार हर तरह से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इसके लिए अधिकारियों को लगातार जन संवाद और दूर दराज के क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी सरकार अंतोदय के विकास के लिए समर्पित है। **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

बहुउद्देशीय शिविरों के तहत बड़ी संख्या में समान नागरिक संहिता के तहत पंजीकरण भी किए गए। अकेले उधमसिंह नगर में यूसीसी के तहत 23 पंजीकरण सम्पन्न किए गए। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में आयोजित शिविर में सेवायोजन विभाग की ओर से 128 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया गया। इस दौरान प्रदेश में 236 से अधिक दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए साथ ही करीब 300 दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए।

### महिला समूहों की बिक्री

टिहरी जिले में आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों में महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल लगाए गए, जिसके जरिए समूहों की कुल चार लाख 34 हजार रुपए की बिक्री हुई। इस दौरान उत्तरकाशी जिले में 92 महिला स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के चेक वितरित किए गए, पौड़ी जिले में भी 10 स्वयं सहायता समूहों को कुल 15 लाख की धनराशि के चेक वितरित किए गए।

सहकारी समिति की ओर से भी सात लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के 09 लाख 40 हजार का ऋण वितरित किया गया।

## एक नजर .......

### डीएवी कॉलेज में छात्रों का फूटा गुस्सा प्राचार्य कार्यालय पर जड़ा ताला!



**देहरादून।** डीएवी महाविद्यालय में आज छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। छात्रसंघ ने कॉलेज प्रशासन पर विकास कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्राचार्य कार्यालय में तालाबंदी कर दी। छात्रसंघ पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दो सालों से लाइब्रेरी के पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन अभी तक छात्रों को रीडिंग रूम उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्राचार्य ने मार्च अंत तक लाइब्रेरी को सुचारू रूप से शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उनकी लापरवाही के कारण छात्रों को लाइब्रेरी की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।इसके अलावा, कॉलेज में वाई-फाई सुविधा भी पिछले दो सालों से ठप पड़ी है, और प्रशासन इस पर ध्यान देने में नाकाम रहा है। छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि, "हमने पहले भी कई बार प्रशासन को चेताया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब हम अनिश्चितकालीन तालाबंदी करेंगे जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं।" छात्रों ने विरोध स्वरूप प्राचार्य की कुर्सी को कार्यालय के मुख्य द्वार पर रख दिया। इस प्रदर्शन में छात्रसंघ महासचिव सुमित कुमार, उपाध्यक्ष अनुज शाह, गौतम राणा और कई अन्य छात्र शामिल थे।

### पत्रकार के पिता के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार राकेश भाटी के पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी राकेश भाटी के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

# डा. नरेश बंसल ने चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर किया कन्या पूजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने चौत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथी पर देहरादून स्थित आवास मे सपरिवार कन्या पूजन के दौरान मां दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे और विधि-विधान से उनका पूजन किया।डा. नरेश बंसल ने कन्याओ को तिलक कर मौली बांधी व पूजन किया।डा. नरेश बंसल ने कन्याओं को मंदिर में बना ताजा भोजन परोसा और दक्षिणा व उपहार प्रदान किए। डा. नरेश बंसल के इस स्नेह और सत्कार से बच्चों में खासा उत्साह दिखा। डा. नरेश बंसल मातृ शक्ति के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और उन्हें समाज मे शक्ति स्वरूप में प्रतिष्ठित करने की पहल को एक बार फिर मजबूत करते दिखे।

डा. नरेश बंसल ने रामनवमी के पर्व पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।डा. नरेश बंसल ने कहा कि रामनवमी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव है।भगवान श्रीराम का चरित्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करता है। उनका जीवन चरित्र आदर्श जीवन के साथ ही आचरण की शुद्धता के लिए प्रेरित करता है। मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादाओं के पालन और कर्तव्य परायणता की सीख देता है। उनके महान चरित्र की उच्च वृत्तियां जन मानस को शांति और आनन्द प्रदान करती हैं। उनके चरित्र में पग-पग पर मर्यादा, त्याग, प्रेम और लोक व्यवहार के दर्शन होते हैं।रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्म को श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाने के साथ ही, हमें इस तथ्य का भी बोध होना चाहिए कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता है।

**■ राज्यसभा सांसद ने रामनवमी के पर्व पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाए**

# महापौर व नगर आयुक्त ने शंकरपुर गौशाला में मारा छापा





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महापौर सौरभ थपलियाल,नगर आयुक्त व नगर निगम की टीम ने शंकरपुर स्थित गौशाला में छापा मारा। छापे के दौरान गौशाला में जो नजारा महापौर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल को देखने को मिला ,वह वाकई हैरान करने वाला था। गौशाला में चारों ओर खामियों का भंडार नजर आया। शंकरपुर स्थित गौशाला के निरीक्षण में अधिकतर पशु दयनीय स्थिति में पाये गये। नगर निगम द्वारा संस्था को वर्ष सितम्बर 2023 में गौशाला का कार्य आवंटित किया गया था, लेकिन मौके पर पशुओं की संख्या बहुत कम पायी गयी। मौके पर पशुओं के प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नही थी, पशुओं के लिए कोई एम्बुलेंस व स्टेचर उपलब्ध नही था व पशुओं को दी जाने वाली दवाईयां एक्सपाईरी पायी गयी। गौशाला में कोई भी अद्यतन रिकार्ड सत्यापित नही पाये गये। गौशाला ने मृत पशुओं के कान पर लगे छल्ले तक नही लौटाए। इन परिस्थितियों व सभी तथ्यों के दृष्टिगत संस्था पर सुसंगत धाराओं के अतंर्गत एफआईआर दर्ज करने व पशु चिकित्सक का स्पष्टीकरण मांगे जाने व कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

**■ खामियां ही खामियां मिली, अधिकतर पशु दयनीय स्थिति में पाये गये,मौके पर पशुओं की संख्या बहुत कम पायी गयी, पशुओं के प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नही थी,पशुओं को दी जाने वाली दवाईयां एक्सपाईरी पायी गयी**

# रामगढ़ ब्लॉक प्रमुख सीट आरक्षित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामगढ़ विकासखंड की अनुसूचित जाति समुदाय की जनता ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख की सीट को चक्रीय क्रम में अनुसूचित जाति पुरुष के लिए आरक्षित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी भीमताल को प्रेषित किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रामगढ़ क्षेत्र पंचायत की स्थापना 1962 में हुई थी, और तब से अब तक क्षेत्र पंचायत प्रमुख की सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित थी, जो 2003 से 2008 तक बनी रही। इसके बाद 16 वर्ष बीत चुके हैं, और अब चक्रीय क्रम में यह सीट अनुसूचित जाति पुरुष के लिए आरक्षित होनी चाहिए, ताकि एससी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। रामगढ़ क्षेत्र पंचायत में अनुसूचित जाति समुदाय की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक है, ज्ञापन में कहा कि रामगढ़ क्षेत्र प्रमुख की सीट को अनुसूचित जाति पुरुष के लिए आरक्षित करने का आदेश पारित किया जाए, जिससे समुदाय को उचित और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। सामाजिक कार्यकर्ताओं जीआर टम्टा, प्रकाश चन्द्र प्रेम पथिक, गणेश आर्या, त्रिलोक चन्द्र, जगदीश चन्द्र जीतू, ईश्वरी लाल, दीप चन्द्र, ऋषभ कुमार, राकेश चन्द्र, हरीश लाल, आदि मौजूद रहे।

# गर्मियों में बिजली-पानी की समस्या न हो: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ग्रीष्मकाल में पेयजल और बिजली की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिलाधिकारी वंदना

### जिलाधिकारी वंदना ने अधिकारियों के साथ की बैठक

ने शनिवार को हल्द्वानी कैंप कार्यालय में जल संस्थान, विद्युत और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रीष्मकाल में जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली पेयजल और विद्युत आपूर्ति की किल्लत को दूर करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश



दिए कि पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से वैकल्पिक आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, नलकूप और पंपिंग स्टेशनों पर विद्युत बाधित होने पर जनरेटर सेट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अवैध जल संयोजनों को हटाने और पानी की बर्बादी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात भी कही। विद्युत विभाग को ग्रीष्मकाल में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने और अवैध विद्युत संयोजनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने हल्द्वानी में विद्युत चोरी रोकने के लिए 20 से 25 टीमें गठित करने की बात कही। बैठक में जिलाधिकारी ने भवाली क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए आगामी 20 वर्षों के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस योजना में शिप्रा नदी में चैकडैम बनाने और जल संवर्धन टैंक स्थापित करने की बात की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान विशाल सक्सेना सहित जल संस्थान, पेयजल निगम, विद्युत और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की खण्डवार समीक्षा

**हल्द्वानी।** शनिवार को जिलाधिकारी वन्दना ने कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की खण्डवार समीक्षा की। उन्होने वर्तमान में जिले में कुल लम्बित 187 योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो योजनाऐ पूर्ण हो गई हैं उनकी ऑनलाइन रिपोर्ट सम्बन्धित पोर्टल में भी अपलोड की जाय। जिलाधिकारी ने खण्डवार लंम्बित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि दो माह के भीतर सभी लंम्बित कार्यो/योजनाओं को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस हेतु सभी अधिकारी कम से कम एक दिन में एक योजना की समीक्षा व योजना का स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने जिन कार्यो में धीमी प्रगति है या सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उनके बॉण्ड निरस्तीकरण और नई निविदा के तहत कार्य शीघ्र प्रारम्भ किए जाने की भी समीक्षा की जिलाधिकारी ने कहा कि वह स्वयं प्रत्येक सप्ताह जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करेंगी, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन खण्डों में अधिकारियों द्वारा धीमी प्रगति से कार्य किया जा रहा है उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि हेतु पत्रावली संस्तुति के साथ प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन योजनाओं में कार्य करने में क्षेत्र/ग्रामीण स्तर पर समस्या आ रही है उन क्षेत्रों में अधिकारी स्वयं जाकर स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान कर कार्य/योजना को शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, एसई जल संस्थान, विशाल सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केवी आईडीपीएल के नाम होगी स्कूल की भूमि

## सांसद त्रिवेंद्र के आग्रह पर केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्री भूपेंर्द चौधरी ने किए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार सांसद एवं पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के आग्रह पर केंद्रीय वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल के बंद होने से बच्चों के भविष्य को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश के सुचारू संचालन के लिए स्कूल भूमि का हस्तांतरण केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश के नाम करने के आदेश दिए हैं। इससे इस केंद्रीय विद्यालय में पुन: बच्चों को दाखिला मिलने के साथ ही स्कूल का नियमित तौर पर सुचारू संचालन शुरू हो सकेगा।



हरिद्वारा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र चौधरी को लिखे पत्र में अवगत कराया था कि हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ऋषिकेश में केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश को भूमि हस्तांतरण करने की मांग की गई थी। केंद्रीय विद्यालय आईडीपीएल ऋषिकेश के विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 1978 में किया गया था। यह स्कूल आईडीपीएल ने बनाया था। वर्तमान में आईडीपीएल ऋषिकेश बंद होने से उक्त भवन को खाली करवाने और विद्यालय सूचारू रुप से चल रहा है। इस स्थल पर कोई भी वृक्ष नहीं है। इस भूमि पर आईडीपीएल ने ही पूर्व से ही विद्यालय भवन बनाया हुआ है।

विद्यालय सिविल स्कूल के रूप में 29 मार्च, 2023 को आईडीपीएल कैंपस में ही फिर से संचालन शुरू हो गया। वर्तमान में स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा वार्ता व कई सालों से पत्राचार के बाद भी विद्यालय को भूमि हस्तांतरण न होने के कारण नई दिल्ली स्थित केंद्रीय विद्यालय मुखयालय द्वारा इस साल 2025-26 में कक्षा एक में प्रवेश की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। इस कारण क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों में काफी रोष है। इसलिए आग्रह है कि इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए बच्चों के भविष्य और जन भावना को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश को भूमि हस्तांतरण कर दी जाए। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने आईडीपीएल स्थित स्कूल की भूमि केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश के नाम हस्तांतरण करने के आदेश जारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# यज्ञ के साथ शुरू हुआ आर्य समाज मंदिर लक्सर का 90वें वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका क्षेत्र आर्य समाज मंदिर लक्सर के 90 वे वार्षिक कोत्सव के प्रथम दिवस पर प्रारंभ यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य अनुज शास्त्री जी वह आज के मुख्य अजमान अजय वर्मा तहसील अध्यक्ष व्यापार मंडल लक्सर अपनी धर्मपत्नी सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री राहुल अग्रवाल एवं व्यवस्था कोषाध्यक्ष गौरव तायल व शह कोषाध्यक्ष भूपेंद्र निगम ने किया।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र आर्य समाज मंदिर लक्सर के 90 वे वार्षिक कोत्सव के प्रथम दिवस पर प्रारंभ यज्ञ के साथ हुआ। आचार्य अनुज शास्त्री ने यज्ञ के दैनिक जीवन में महत्व के बारे में वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह जिस वातावरण में उपस्थित प्रदूषण समाप्त होता है। मंत्र जाप से व्यक्ति का मानसिक विकास होता है। वह समाज में उत्तम कार्य करने के लिए प्रेरित होता है।

प्रसिद्ध भजन उपदेशक पंडित रिशिपाल पथिक ने भजन के माध्यम से किस प्रकार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी वह योगीराज श्री कृष्ण जी प्रतिदिन यज्ञ करते थे वह यज्ञों की रक्षा करते थे भजनों के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति देकर बताया। भजन उपदेशक रमेश चंद्र स्नेही वह अंशुल आर्य ने भी सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस के कार्यक्रम में समाजसेवी आदेश यादव, दिनेश चौहान, मास्टर ईलम चंद गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, रमेश चंद धीमान, रामकुमार चौधरी, सेवाराम सिंघल, सौरभ वर्धन सिंघल, राम सिंह वाल्मीकि,राकेश त्यागी, लक्ष्य अग्रवाल, विनय सिंघल, विजय ढल, सुरेश आर्य,बीरबल आर्य, सुखपाल आर्य, राजेश कुमार,रामपाल गुप्ता, राजेश जंडवाणी, अरुण धीमान,हरी भारद्वाज, सुनीता वर्मा, मोनिका कश्यप ,सारिका कश्यप, ममता उपाध्याय, विमल देवी आदि आर्य बंधु ,मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट में धमकाने का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के महमूदपुर में एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट करने के मामले में एक युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मूकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

पिरान कलियर के महमूदपुर निवासी मुराद अली ने तहरीर देकर बताया कि दो मार्च को वह अपने घर पर था।तभी आबाद निवासी महमूदपुर अपने हाथ मे तमंचा लेकर उसके घर मे घुस आया और उसके साथ गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगा जब उसने इसका विरोध किया तो उसने तमंचे से उसके ऊपर फायर कर दिया। जिसमें वह बाल बाल बच गया। जब उसकी पत्नी ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आबाद निवासी महमूदपुर के खिलाफ घर मे घुसकर गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुदकमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# आठ किलो गोमांस सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा 08 किलोग्राम गौ0 मांस सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनसुार दिनांक-04/04/2025 को थाना भगवानपुर पुलिस को मुखबीर खास द्वारा सूचना दी गयी की ग्राम सिकरौडा गांव के कुर्बान पुत्र सगीर व सत्तार पुत्र बुद्दु जो सिकरौडा में गाय काटते हैं। उन्होने गाय को काटकर उसके मांस को खेलडी गांव की अनीशा पत्नी कल्लू को दिया है अनीशा अभी गो मांस को अपने घर से ही बेच रही है अगर आप जल्दी करो तो पकडी जा सकती हैं। मुखबिर की सूचना पर यकीन कर पुलिस कर्म0गण मुखबिर को साथ लेकर मुखबिर के बताये अनुसार प्राथमिक विद्यालय खेलडी गांव के पास से अन्दर दाहिनी तरफ जाने वाले रास्ते पर अन्दर खेलडी गांव में अन्दर गये तो एक घर से लगभग 20-25 कदम पहले रोककर मुखबिर खास ने सामने घर की ओर ईशारा कर बताया कि ये जो सामने घर है इसमें ही अनीशा गाय का मांस बेच रही है। पुलिस कर्मी धीरे धीरे कदमों से सामने घर की तरफ जाने लगे तो घर के गेट के सामने की एक महिला जिसके सामने एक प्लास्टिक का कट्टा रखा था। पुलिस कर्म0गण को देखकर एकदम से उठकर भागने लगी तो म0हो0गा0 बबीता, म0हो0गा0 सर्विष्ठा द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर उक्त महिला को मौके पर ही पकड लिया। पकडे जाने पर महिला ने अपना नाम अनीशा पत्नी कल्लू निवासी ग्राम खेलडी थाना-भगवानपुर जिला हरिद्वार बताया और कहने लगी कि यह गाय का मांस है जिसे सिकरोडा गांव के कुर्बान पुत्र सगीर व सत्तार पुत्र बुद्दु ने गाय को काटकर मेरे पास बेचने के लिए लाया था कुछ मांस को मैने इधर उधर बेच दिया है। कुछ बचा हुआ है जिसमें से कुछ में अपने खाने के लिए रखती व कुछ को बेच देती। मौके से बरामद गौमांस बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता अनीशा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया व अनीशा व कुर्बान पुत्र सगीर व सत्तार पुत्र बुद्दु के विरूद्ध मु0अ0सं0 109/25 धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गोवंश अधि0 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता नाम व पता' 1- अनीशा पत्नी कल्लू निवासी ग्राम खेलडी थाना-भगवानपुर जिला हरिद्वार। उससे बरामदगी में 08 किलो गौ0मास प्राप्त किया। वॉछित अभि0 नाम पता'''1कुर्बान पुत्र सगीर निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार। 2-सत्तार पुत्र बुद्दु निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार।

पुलिस टीम 1-अपर उ0नि0 प्रदीप चौहान थाना भगवानपुर 2-कानि0 राहुल खथाना भगवानपुर 3- कानि0 अजय जोशी थाना भगवानपुर 4-म0हो0गा0 सर्विष्ठा थाना भगवानपुर शामिल रहे।

# डंपर की टक्कर से घायल के चाचा की तहरीर पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने डंपर में टकराकर घायल हुए बाइक सवार युवक के चाचा की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ तेज गति और लापरवाही से डंपर चलाने में मूकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

सोहलपुर निवासी लोकेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा अरविंद दो मार्च को अपनी बाईक से सवार होकर सोहलपुर से कंपनी में जा रहा था। जैसे ही वह बेडपुर चौक के पास पहुंचा तो पर चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। जिससे उसकी बाईक डंपर से टकरा गई। जिससे अरविंद सड़क पर गिरकर गम्भीर घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया था।पीड़ित ने तहरीर देकर डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ तेजगति और लापरवाही से वहान चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# भगवानपुर में महर्षि कश्यप जयंती शोभायात्रा निकाली

# सुबोध राकेश का कश्यप समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आज भगवानपुर में बड़े ही धूमधाम से महर्षि कश्यप जयंती शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अनेक लोग शामिल हुए।



इस अवसर पर भगवानपुर विधानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश ने पहुंच कर महर्षि कश्यप जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए। और कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए उन्होंने कहा कि हमारे सभी महापुरुषों ने हमें सच्चाई का मार्ग दिखाया है और सृष्टि की रचना उनके द्वारा की गई है। कार्यक्रम में समस्त भगवानपुर के कश्यप समाज और सर्व समाज मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान महर्षि कश्यप की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद लक्सर क्षेत्र में भगवान महर्षि कश्यप की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग बढ चढकर शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार लक्सर समाजसेवी विशन कश्यप ने कहा कि आज जो भगवान महर्षि कश्यप की जयंती मनाई जा रही है यह हमारे लिए बहुत ही अच्छी बात है। उन्होंने कहा पूरे भारत में आज सृष्टि के रचेता भगवान महर्षि कश्यप की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा आज जयंती के मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए हैं वही राधेश्याम कश्यप ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप की जयंती पूरे भारत में ही नहीं विश्व में मनाई जाती है। क्योंकि भगवान महर्षि कश्यप सृष्टि के रचेता हैं। उन्होंने कहा आज लक्सर नगर पालिका क्षेत्र कश्यप कॉलोनी से होते हुए लक्सर में जुलूस निकाला गया है जो सोसायटी रोड पर समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि सभी को हम धन्यवाद देते हैं की सृष्टि के रचेता भगवान महर्षि कश्यप की जयंती में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# एससी-एसटी शिक्षक एसो. के खानपुर ब्लॉक अध्यक्ष बने नरेश

**खानपुर।** खानपुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन खानपुर इकाई खानपुर का त्रिवार्षिक निर्वाचन जिलाध्यक्ष वीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इसका संचालन मुखराम ने किया। इसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में ज्योति राम, धर्मेंद्र कुमार और विजय प्रताप सिंह रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से राप्राविं डेरियों के शिक्षक नरेश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष राप्रावि जोगावाला के गजेंद्र कुमार, मंत्री राप्रावि दल्लावाला के संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष राप्रावि टांडा जलालपुर की दीपा रानी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

# पुतला दहन के दौरान बच्चे को आग की ओर धक्का देने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष का पुतला दहन के दौरान बच्चे को आगे करने वाले युवक का शांतिभंग में चालान कर कोर्ट पेश किया वही पुतला दहन करने वाले को अज्ञात युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया की शुक्रवार को पिरान कलियर में पीपल चौक पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष का कुछ संगठनों ने पुतला दहन किया था इस दौरान वीडियो में एक युवक पुतला दहन के दौरान बच्चे को आगे की ओर करता हुआ दिखाई दे रहा हैं।जिसमें मुंतहीद के खिलाफ शांतिभंग में चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है और अन्य अज्ञात प्रदर्शन कर रहे युवको के खिलाफ नाबालिक बच्चे को जलते हुए पुतले की ओर धकेलने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।टीम में एसएसआई बीएस चौहान, ईमली खेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार, जमशेद अली,सुनील चौहान आदि शामिल रहे।

# लक्सर चीनी मिल ने किया 55 करोड़ का गन्ना भुगतान

**लक्सर।** राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल लक्सर के प्रधान प्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि मिल द्वारा इस वर्ष 17 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान पूर्व में किसानों को अदा किया जा चुका है। शुक्रवार में 18 से 31 मार्च के बीच खरीदे गए गन्ने का कुल भुगतान 54.99 करोड़ रुपए भी गन्ना समितियों को उपलब्ध करा दिया गया है। लक्सर गन्ना समिति के प्रभारी सचिव सूरजभान सिंह ने बताया कि चीनी मिल से मिले पैसे को अगले दो से तीन दिन के भीतर किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

# तमंचा दिखाकर रोग गालिब करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा तमंचा दिखाकर लोगों पर रोब गालिब करने वाले को गिरफ्तार किया है उससे एक अवैध जिंदा कारतूस व एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है जानकारी पर राजीव रौथाण लक्सर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी जनपद के कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया था जिसमें 4 अप्रैल 2025 को पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक 315 बोर का कारतूस एवं 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम एकांन्त पुत्र अनिल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम साचलू थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान कांस्टेबल संदीप सिंह अमित रावत शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# वन माफियाओं ने रातों रात काट दिए जंगल से कीमती पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इब्राहिमपुर में वन क्षेत्र से कुछ लोगों ने बीती रात खेर और सिरस के दस पेड़ों पर आरी चला दी। अगले दिन सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच की। इसमें पाया कि मौके से नौ खेर के और एक पेड सिरस का काटा गया है। वन विभाग ने मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

रुड़की के पास इब्राहिमपुर में काफी इलाका वन क्षेत्र का आता है। यहां पर विभिन्न प्रजातियों के कीमती पेड़ खड़े हुए हैं। बीती रात कुछ लोगों ने यहां पर कुछ पेड़ों पर आरियां चला दी। साथ ही रातोंरात लकड़ियों को उठाकर ठिकाने भी लगा दिए गए। सुबह आसपास से गुजर रहे लोगों ने जंगल में सुनापन देखा। उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर वन विभाग की एसडीओ पूनम सिलोरी अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान टीम ने मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने पर वहां लकड़ियां नहीं मिली। जबकि केवल ठूंढ थे। उन्होंने बताया कि जांच में पाया कि मौके से नौ पेड़ खेर के और एक पेड़ सिरस का काटा गया है। उन्होंने बताया कि काटी गई लकड़ियों को कहां पर ले जाया गया है, इसकी जांच की जा रही है। साथ ही मामले में संबंधित थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले में एक जांच टीम का गठन किया जा रहा है, जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**PUBLIC NOTICE**

निम्नलिखित सूचना से जनसाधारण को अवगत कराया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविल लाइंस, रुड़की शाखा, निम्नलिखित संपत्ति को स्वीकार करने का इरादा रखता है, जो वर्तमान में श्रीमती उर्मिला, पत्नी श्री नरेश कुमार, मकान नंबर 28, आवास विकास, रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड-247667 के नाम पर दर्ज है। यह संपत्ति श्री सक्षम कंसल, पुत्र श्री शरद कंसल, 21बी, भागीरथी कुंज, रेलवे रोड, रुड़की-247667 को बेची जाने का प्रस्ताव है।
यदि किसी व्यक्ति का उपरोक्त संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वार्थ/शीर्षक/दावा है, तो वे आवश्यक प्रमाणों के साथ 07 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें, जिससे उनके दावे को साबित किया जा सके। यदि 07 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि संपत्ति किसी भी शुल्क/दावे/बाधा से मुक्त है और बैंक गिरवी रखने की प्रक्रिया जारी रखेगा।
**संपत्ति का विवरण:-** एक फ्रीहोल्ड आवासीय मकान, जिसमें भूखंड का क्षेत्रफल 168.49 वर्ग मीटर है, स्थित मकान नंबर 28, आवास विकास, रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड-247667
**खोए हुए मूल दस्तावेजों का विवरण:-**मूल बिक्री विलेख 20 अक्टूबर 1999 का, जो दस्तावेज संख्या 4871, वॉल्यूम संख्या 2551, पृष्ठ संख्या 387 से 394 पर दर्ज है, जो उप-पंजीयक, रुड़की के कार्यालय में दर्ज हुआ था। यह विलेख श्रीमती उर्मिला, पत्नी श्री नरेश कुमार के पक्ष में निष्पादित किया गया था।
**शाखा विवरण/संपर्क नंबर:-**
बैंक ऑफ बड़ौदा
सिविल लाइंसए रुड़की
(9651044100)
**वकील के संपर्क विवरण:-**
एडवोकेट सुनील कुमार गोयल, चेंबर नंबर 46, पुरानी अदालत, हरिद्वार रोड, रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड-247667, मो. 9412971408

# पुलिस ने ई रिक्शाओं पर की कार्रवाई

**रुड़की।** गंगनहर पुलिस ने शनिवार को ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बिना परमिट घूम रही दर्जनों ई-रिक्शाओं के चालान काटे गए। गंगनहर कोतवाली प्रभारी अमरजीत के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार को अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान ई-रिक्शाओं के रजिस्ट्रेशन, चालकों के ड्राईविंग लाइसेंस, परमिट आदि को चौक किया गया। ऐसे में बिना परमिट घूम रही दर्जन भर ई-रिक्शाओं के चालान किए गए।

# मारवाड़ कन्या पाठशाला में आपसी सहमति से चुनाव संपन्न

# राकेश अग्रवाल अध्यक्ष व ललित मोहन अग्रवाल बने प्रबंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री मारवाड कन्या पाठशाला इन्टर कॉलेज रूडकी छावनी की प्रबन्ध समिति का चुनाव कॉलेज में सम्पन्न हुआ। साधारण सभा ने आपसी सहमति बनाते हुए अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल एवं प्रबंधक ललित मोहन अग्रवाल को चुना। इसके अलावा अन्य पदों पर भी पदाधिकारी चुने गए।

जानकारी के अनुसार चुनाव अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि साधारण सभा के उन्तालिश सदस्यों में तीस सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें प्रबन्ध समिति के पांच पदाधिकारियों तथा सात प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव विभागीय पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज दौलतपुर राम मिलन की देख-रेख में कराया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यक्ष पद के लिये राकेश कुमार अग्रवाल,उपाध्यक्ष पद के लिये अशोक कुमार खण्डेलवाल, प्रबन्धक पद के लिये ललित मोहन अग्रवाल,उप प्रबन्धक पद हेतु अशोक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद हेतु जयचन्द गोयल निविर्विरोध निर्वाचित हुए।उन्होंने बताया कि प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी सदस्यों में सात पदों के लिए आठ सदस्यों के द्वारा अपना नामांकन भरा गया। जिसमें सुरेश कुमार अग्रवाल के द्वारा



नाम वापस लेने के बाद राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पवन कुमार गुप्ता, रामगोपाल अग्रवाल, रविन्द्र कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता,गौरव अग्रवाल, रिपु सुदन भी निविर्विरोध सदस्य चुने गए। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित प्रधानाचार्या भारती अग्रवाल द्वारा नई नई प्रबन्ध समिति कार्यकारिणी को बधाई दी। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# मदरसों पर कार्रवाई को लेकर उलेमाओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सरकार द्वारा मदरसों पर हो रही कार्रवाई को लेकर मदरसा इमदादुल इस्लाम में उलेमाओं की बैठक हुई। इस दौरान कहा गया कि मदरसों के साथ ट्यूशन सेंटरों को भी असंवैधानिक तरीके से सील किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा मदरसों पर हो रही कार्रवाई को लेकर मदरसा इमदादुल इस्लाम में उलेमाओं की बैठक हुई। शनिवार को मदरसा इमदादुल इस्लाम में उलेमाओं और गणमान्य लोगों की बैठक हुई। इस दौरान जमीअत उलेमा ए हिंद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती रियासत अली ने कहा कि प्रदेश में काफी जगहों पर धार्मिक शिक्षा ग्रहण कराने के लिए ट्यूशन सेंटर चल रहे है। कहा कि प्रशासन की ओर से करीब सौ ट्यूशन सेंटरों को सील करने के लिए नोटिस थमाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्यूशन सेंटरों पर भी मदरसों की तर्ज पर सील करने की कार्रवाई की जा रही है। जो असंवेधानिक है। मुफ्ती ने कहा कि जल्द ही हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से सरकार और प्रशासन को जवाब



दिया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक उमेश कुमार ने उलेमाओं को इस मामले में हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया। इस दौरान एडवोकेट अब्दुल शमी, मास्टर अहसान, मौलाना नवाब अली, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. नसीम, हाजी सलीम, निजामुद्दीन, कारी मुजस्सम, हिफजुर्रह्मान समेत बीस से अधिक गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# IMF ने पाक में दूसरा भ्रष्टाचार निरोधक दल भेजा

## व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए काम करेगी टीम

इस्लामाबाद, वार्ता



**दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होगी**

**अंतर्राष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार, धन शोधन, व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए पाकिस्तान में दूसरा भ्रष्टाचार निरा.धक दल भेजा है।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे भ्रष्टाचार निरोधक दल की चार अप्रैल से 14 अप्रैल तक पाकिस्तान में रहेगा। इस दौरान दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी। आईएमएफ टीम पाकिस्तान शुगर मिल्स एसोसिएशन (पीएसएमए) के साथ बैठक करेगी, ताकि मूल्यों में हेरफेर जैसे मामलों की चल रही जांच पर चर्चा की जा सके। जिसके कारण पाकिस्तान के प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीपी) ने मूल्य हेरफेर और कार्टेलाइजेशन के लिए एसोसिएशन पर अरबों रुपये का जुर्माना लगाया है। अब तक मिशन ने कराची में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के साथ बैठकें की हैं, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र के विनियमन, संदिग्ध लेनदेन और धन शोधन के मुद्दों पर चर्चा की गई है। इससे पहले गत फरवरी में अपनी यात्रा के दौरान भ्रष्टाचार निरा.धक टीम ने न्यायिक नियुक्तियों और अन्य कानूनी मामलों पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी से भी मुलाकात की थी। इस बार आईएमएफ मिशन न्यायिक दक्षता और न्यायाधीशों की जवाबदेही पर चर्चा करने के लिए एससीपी के रजिस्ट्रार से मुलाकात करेगा, और इन मामलों के न्यायिक संचालन पर अपडेट प्राप्त कर सकता है। मिशन पाकिस्तान सॉवरेन वेल्थ एक्ट में संशोधन पर भी चर्चा करेगा, जो पिछले आईएमएफ कार्यक्रम समीक्षा मिशन का हिस्सा था। आईएमएफ ने बजट निष्पादन, ट्रेजरी सिंगल अकाउंट और ऋण प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को भी एक मिशन में शामिल किया है जो ज्यादातर आईएमएफ के भीतर कानूनी मामलों से निपटता है। मिशन का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र पाकिस्तान का सूचना तक पहुंच का अधिकार है जो सरकार द्वारा करदाताओं से जानबूझकर जानक.ारी छिपाने के कारण बेहद कमजोर बना हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक दल इस क्षेत्र में सुधार की सिफारिश करेगा और अपने निष्कर्षों के आधार पर एक अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसे पाकिस्तान को जुलाई या अगस्त के अंत तक प्रकाशित करना होगा।

## अमेरिका ने गलती से यूक्रेनवासियों को ईमेल भेजकर देश छोड़ने को कहा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने गलती से अमेरिका में रह रहे यूक्रेनी शरणार्थियों को देश छोड़ने के लिए कहा, क्योंकि उनकी कानूनी स्थिति रद्द कर दी गई है। यह ईमेल, संचार त्रुटि के कारण गलती से आंतरिक सुरक्षा विभाग द्वारा भेजा गया जिसमें उन्हें जाने के लिए कहा गया। सीबीएस न्यूज़ के अनुसार, तीन अप्रैल को भेजे गए नोटिस में लिखा था कि डीएचएस अब आपके पैरोल को समाप्त करने के लिए अपने विवेक का प्रयोग कर रहा है, जिसे बाइडन प्रशासन के अंतर्गत यूक्रेनी शरणार्थियों को अस्थायी पैरोल प्रदान किया गया था। इसमें आगे कहा गया कि अगर यह पहले समाप्त नहीं होता, तो आपकी पैरोल इस सूचना मिलने के सात दिनों बाद समाप्त हो जाएगी। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूक्रेनवासियों को यह संदेश प्राप्त हुआ।




नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए विरोध करते छात्र।

## स्पेन में शक्तिशाली तूफान के कारण गोदाम ढहने से तीन लोगों की मौत

**मैड्रिड।** दक्षिणी स्पेन में एक शक्तिशाली तूफान के कारण एक कृषि गोदाम ढह गया, जिससे वहां काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि उन्हें अंडालूसिया क्षेत्र में सेविले के पास डॉस हरमनोस शहर के पास घटना की जानकारी मिली। तूफान के कारण गोदाम की छत उड़ गई और इमारत ढह गई। अंदर काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। स्पेन के श्रम और सामाजिक अर्थव्यवस्था मंत्री ने कहा कि एक निरीक्षण दल घटना की जांच कर रहा है। सेविले के श्रमिक संघ, को. मिसियोनेस ओब्रेरास (श्रमिक आयोग) के सचिव कारमेन तिराडो ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में कंपनियों को काम समायोजित या निलंबित करना कानूनी रूप से आवश्यक है, अन्यथा त्रासदियां हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 22 हजार सैनिकों ने जान गंवाई

**कुर्स्क।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं के 22 हजार सैनिक अपनी जान गंवा चुके हैं। सेवर (उत्तर) समूह बल के सूत्रों के मुताबिक दुश्मन को कुल 72 हजार से अधिक लोगों का नुकसान हुआ, जिनमें से 22 हजार लोग मारे गए और 50 हजार से अधिक घायल हुए। ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। मार्च में, रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण कर सुदज़ा और अन्य इलाकों को मुक्त कराया। वर्तमान में, उत्तरी समूह की सेना कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी समूहों को बाहर खदेड़ रही है।

### रूस के उप प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**हवाना।** रूस के उप प्रधानमंत्री दिमित्री चेर्निशेंको ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल से मुलाकात की है। दिमित्री क्यूबा की यात्रा पर हैं। डियाज़-कैनेल ने दिमित्री को यात्रा के लिए और साथ ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने के लिए धन्यवाद दिया। क्यूबा के नेता ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जो हालात हैं उन्हें देखते हुए हम आपकी यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। इन सबके संदर्भ में हम संबंधों के विकास और हमारे सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ वर्तमान चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करने के लिए इन संबंधों के महत्व पर विशेष ध्यान देते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी दूर किम्बे पूर्व-दक्षिण-पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि किम्बे, पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय समय 20:04:41 पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 6.18 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.59 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 33.0 किमी की गहराई पर था।

# चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया

## चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के चलते लिया बड़ा फैसला



बीजिंग/ लॉस एंजिल्स, वार्ता

**चीन** ने हाल ही में चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के कारण टिकटॉक की अमेरिकी परिसंपत्तियों को अलग करने के सौदे को मंजूरी नहीं दी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा दो अप्रैल तक काफी हद तक अंतिम रूप ले चुका था और इसमें सोशल मीडिया के अमे.रिकी परिचालन को एक नई अमेरिकी-आधारित कंपनी में बदलना शामिल था जिसमें अमेरिकी निवेशकों की बहुलांश हिस्सेदारी थी। इस सौदे में बाइटडांस की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे को टिकटॉक के मौजूदा और नए निवेशकों, बाइटडांस और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। अमे.रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिससे टिकटॉक को अमेरिका में अगले 75 दिनों तक परिचालन जारी रखने की अनुमति मिल जाएगी। इसके अधिग्रहण की प्रगति के बारे में बात.चीत चल रही है। बाद में, टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस ने कहा कि वह वीडियो ऐप कंपनी के अमेरिका में संचालन से संबंधित चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए संभावित तरीके पर अमे.रिकी सरकार के साथ चर्चा कर रही है। ट्रम्प ने बुधवार को पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत आधार शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जबकि उन देशों और क्षेत्रों पर उच्च, पारस्परिक शुल्क लगाए गए जिनके साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, नौ अप्रैल से प्रभावी होंगे।

**लॉस एंजिल्स बंदरगाह जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10% गिरावट: सेरोका**

**आयात शुल्क में जापान पर 24%, द. कोरिया 25% व चीन पर 34% का अतिरिक्त शुल्क शामिल**

एनबीसी न्यूज ने बताया कि ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क की घोषणा ने टिकटॉक के अमे.रिकी डिवीजन के लिए एक सौदे को बाधित कर दिया जिसे पहले ही चीनी सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा चुका था। वहीं अमेरिका में सबसे बड़े बंदरगाह लॉस एंजिल्स बंदरगाह के कार्यकारी निद.शक जीन सेरोका ने आयात शुल्क पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इस साल के अंत में बंदरगाह से होकर जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

सेरोका ने अमेरिकी डिजिटल समाचार पत्र पोलिटिको को दिए साक्षात्कार में कहा कि हमें कनाडा से लकड़ी, मेक्सिको से उपकरण, चीन से एल्युमिनियम, स्टील, तांबा और फर्नीचर की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कल की घोषणा में इन सभी वस्तुओं और अन्य वस्तुओं पर अब तक का सबसे अधिक कर लगाया गया है तथा बंदरगाहों पर कोई भी मंदी एल-ए-क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गहराई तक प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस साल की दूसरी छमाही में हम कार्गो में गिरावट देखना शुरू कर देंगे। मुझे लगता है कि लॉस एंजिल्स में देश के सबसे बड़े बंदरगाह पर यह गिरावट कम से कम 10 प्रतिशत होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नए शुल्कों की घोषणा की जिसमें पांच अप्रैल से शुरू होने वाले सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ लगाया गया और उन व्यापारिक साझेदारों पर व्यक्तिगत पारस्परिक उच्च दरें लगाई गईं जिनके साथ अमेरिका का 'सबसे बड़ा व्यापार घाटा है' जो 09 अप्रैल से लागू होगा। आयात शुल्क में जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क शामिल था।

इसके अतिरिक्त चीन का नया टैरिफ ट्रम्प द्वारा तथाकथित फेंटेनाइल मुद्दे पर चीन पर लगाए गए 20 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त लगाया गया था। इससे चीन पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया। लॉस एंजिल्स काउंटी आर्थिक विकास की एक रिपोर्ट के अनुसार व्यापार, परिवहन और उपयोगिता क्षेत्र एल-ए-काउंटी के सबसे बड़े रोजगार समूहों में से एक है जिसने पिछले साल अनुमानित 830000 श्रमिकों को रोजगार दिया था। लॉस एंजिल्स के बीकन इकोनॉमिक्स के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सलाहकार अर्थशास्त्री जॉक ओ' कॉनेल ने कहा कि बंदरगाहों पर और बंदरगाहों से इनलैंड एम्पायर तक जाने वाली आपूर्ति श्रृंखला में रोजगार के अवसर कम होंगे जहां हर दिन बड़ी संख्या में कंटेनर संसाधित किए जाते हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन देशों के साथ टैरिफ वार्ता शुरू की


वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वियतनाम, भारत और इजरायल के प्रतिनिधियों के साथ आयातित वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में बात.चीत की है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प अलग-अलग व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए देशों के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिससे अगले सप्ताह की समय-सीमा से पहले प्रस्तावित टैरिफ में नरमी लाई जा सके।

गौरतलब है कि बुधवार को, ट्रम्प ने पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेस टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जबकि जिन देशों और क्षेत्रों के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उन पर उच्च, पारस्परिक टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होंगे। कुछ देशों ने टैरिफ वृद्धि के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के अपने इरादे पहले ही घोषित कर दिए हैं, जिसमें चीन ने कहा है कि वह 10 अप्रैल से संयुक्त राज्य अमेरिका से सभी आयातों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जिसके बाद, अमेरिकी शेयर बाजार में दो दिनों में 6-6 खरब डॉलर का नुकसान हुआ, जो इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं अमेरिका में संघीय सरकार में रोजगार घटने के बावजूद इस साल मार्च में करीब 228000 नौकरियां निकाली गई हैं, जबकि बेरोज़गारी दर 4.2 प्रतिशत तक बढ़ गई। श्रम विभाग के श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सहायता, परिवहन और गोदामों में रोजगार में वृद्धि हुई। खुदरा व्यापार में भी रोजगार बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में 11 हजार नौकरियों के नुकसान के बाद मार्च में संघीय सरकार में चार हजार नौकरियां कम हुई और यह कि वे कर्मचारी जो वेतन पर छुटी पर हैं या निरंतर टुकड़ो में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें भी नियोजित माना जाता है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत संघीय कार्यबल में लगातार कटौती की जा रही है, जिससे आने वाले महीनों में यह डेटा नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकता है। मार्च में, निजी गैर-खेत क्षेत्र में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की औसत घंटा दर नौ सेंट, यानी 0.3 प्रतिशत बढ़कर 36.00 अमेरिकी डॉलर हो गई।

# अफगान नागरिकों को जबरन वापस भेजने का विरोध

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने इस्लामाबाद के फैसले पर किया एजराज



**अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं**

इस्लामाबाद, वार्ता

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने देश में रहने वाले अफगान नागरिकों को अधिकारियों द्वारा जबरन अफगानिस्तान वापस भेजने की निंदा की है। इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि जब तक अफगान सरकार उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होती, हम अप्रवासियों को अफगानिस्तान वापस नहीं भेजेंगे। समा टीवी के अनुसार पाक तहरीक-ए-इस्लाम के मुख्यमंत्री ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस किसी को भी जबरन उसके घर से बाहर नहीं निकालेगी। अफगानिस्तान के साथ बातचीत किए बिना देश शांति प्राप्त नहीं कर सकता।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब संघीय सरकार ने गैर-दस्तावेजी शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, क्योंकि उनकी स्वैच्छिक वापसी की समय सीमा 31 मार्च, 2025 को समाप्त हो चुकी थी। बाद में समय सीमा कुछ दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। जो शरणार्थी स्वेच्छा से जाना चाहते हैं, उन्हें सम्मान के साथ वापस लौटने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। 'द न्यूज इंटरनेशनल' के अनुसार, मुख्यमंत्री ने संघीय सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अभी भी अफगान तालि.बान के नेतृत्व वाली अंतरिम अफगानिस्तान सरकार के साथ वार्ता शुरू करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को मंजूरी देने का इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रवासियों को परेशान करने के कारण, जिसमें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई भी शामिल है, यह मुद्दा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद का विषय बन चुका है।

### पाकिस्तान सेना के अभियान में दो आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के केच जिले में सेना के अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुलेदा इलाके में अभियान चलाया। अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकाने पर कब्जा कर लिया गया। बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्षेत्र में कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## मोदी-यूनुस की वार्ता सकारात्मक साबित होगी: फखरुल

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने उम्मीद जताई है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर दोनों देशों के लिए सकारात्मक साबित होगी। थाईलैंड के बैंकॉक में शुक्रवार को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर भारत और बंगलादेश के नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक पर दोनों देशों की नजर थी तथा बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने इसे उत्पादक और पारस्परिक रूप से लाभकारी बताया है। 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, फखरुल ने कल शाम को बीएनपी अध्यक्ष के गुलशन कार्यालय में संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि इससे निस्संदेह बंगलादेश और भारत के लोगों को फायदा होगा।

# नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमलों में 52 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में संदिग्ध बंदूकधारियों ने इस सप्ताह के दौरान कम से कम 52 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बुधवार रात से हुए हमलों ने प्लेट्यू राज्य के बोक्कोस स्थानीय सरकार क्षेत्र में समुदायों में दहशत पैदा कर दी है। बोक्कोस सांस्कृतिक विकास परिषद वैनगार्ड के प्रमुख फार्मासुम फुडांग ने राज्य की राजधानी जोस में संवाददाताओं को बताया कि हमलावरों ने स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और घरों में आग लगा दी। हमलों में कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फुडांग शवों की तलाश में आस-पास की झाड़ियों की तलाशी लेने में अन्य स्वयंसेवकों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कम से कम 31 लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया। फुडांग ने बताया कि गुरुवार को ही हुर्ती गांव में पांच युवा पीड़ितों के शव मिले तथा बोक्कोस क्षेत्र के कई गांवों में तलाशी के दौरान 16 अन्य शव मिले। गौरतलब है कि ताजा खून-खराबे का मकसद अज्ञात है। बोक्कोस प्लेट्यू में सबसे अधिक बार हमले की जद में आने वाले क्षेत्रों में से एक है, जो देश के मुस्लिम-बहुल उत्तर और ईसाई-बहुल दक्षिण के बीच के मध्य क्षेत्र में है। एक बयान में, प्लेट्यू पठार राज्य सरकार ने हमलों की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही 'दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम' के संबंध में कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत-श्रीलंका ने किया हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग

कोलंबो, वार्ता

**भारत** एवं श्रीलंका ने हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग बढ़ाने, त्रिकोमाली ऊर्जा हब के रूप में विकसित करने तथा डिजिटल तकनीक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के बीच यहां द्विपक्षीय शिखर बैठक में इन फैसलों के साथ सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया।

दोनों नेताओं ने पांच परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने को सराहनीय बताया। यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने त्रिकोमाली में तिरुकोनेश्वरम मंदिर, नुवारा एलिया में सीता एलिया मंदिर और अनुराधापुरा में सेक्रेड सिटी कॉम्प्लेक्स परियोजना के विकास के लिए भारत की अनुदान सहायता अंतर्राष्ट्रीय वेसाक दिवस 2025 पर श्रीलंका में भगवान बुद्ध अवशेषों का प्रदर्शन के अलावा ऋण पुनर्गठन पर द्विपक्षीय संशोधन समझौतों का समापन का भी ऐलान किया। दोनों देशों के बीच जिन 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें बिजली के आयात/निर्यात के लिए एचवीडीसी इंटरकनेक्शन के कार्यान्वयन के लिए करार, डिजिटल परिवर्तन के लिए जनसंख्या पैमाने पर लागू सफल डिजिटल समाधान साझा करने के क्षेत्र में समझौता, त्रिकोमाली के ऊर्जा हब के रूप में विकास में सहयोग, रक्षा सहयोग, पूर्वी प्रांत के लिए बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता पर समझौता ज्ञापन, स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग और फार्माकोपियाल सहयोग पर समझौता ज्ञापन शामिल है। जिन पांच परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाना है उनमें महो-ओमानथाई रेलवे लाइन के उन्नत रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का निर्माण का शुभारंभ, सम्पुर सौर ऊर्जा परियोजना (वर्चुअल) का भूमि पूजन समारोह, दाम्बुला (आभासी) में तापमान नियंत्रित कृषि गोदाम का उद्घाटन तथा श्रीलंका भर में 5000 धार्मिक संस्थानों (आभासी) के लिए सौर छत प्रणालियों की आपूर्ति का शुभारंभ शामिल है।मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायक द्वारा उन्हें 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किए जाने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है। यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्रीलंका का यह मेरा चौथा दौरा है। 2019 की मेरी पिछली यात्रा, एक बहुत ही संवे.दनशील समय पर हुई थी।



**नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की**

# इजरायल ने हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर खुदारी को मार गिराया

**2023 के बाद हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था**

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया जो कथित तौर पर गाजा शहर में हमास का प्रमुख मनी एक्सचेंजर था।

आईडीएफ के अनुसार खुदारी की गुरुवार को हत्या कर दी गई, 'हमास के भीतर आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रमुख सूत्रधार था।' आईडीएफ ने कहा कि मनी एक्सचेंजर के रूप में अपनी भूमिका के दौरान खुदारी अल वेफाक कंपनी फंड का प्रमुख था जिसे इजरायली सरकार ने 'आतंकवादी संस्थाओं को धन पहुंचाने में इसकी संलिप्तता के कारण' आतंकवादी संगठन घोषित किया था। आईडीएफ के अनुसार खुदारी पिछले कुछ वर्षों में खास तौर पर सात अक्टूबर, 2023 के बाद 'हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था।' आईडीएफ ने कहा कि 2019 में अपने भाई हामिद खुदारी की हत्या के बाद उसकी संलिप्तता बढ़ गई जिसने हमास के सैन्य अभियानों के लिए प्राथमिक वित्तीय माध्यम के रूप में भी काम किया था। आईडीएफ ने दो अन्य बयानों में कहा कि उसने फलस्तीनी मुजाहिद.ीन आंदोलन के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर मोहम्मद हसन मोहम्मद अवद को मार गिराया है।

# सलमान-रश्मिका के ऐज-गैप पर अमीषा का रिएक्शन



## बोली- फिल्में चल जाती हैं, तो सब माफ, सनी देओल संग अपनी जोड़ी का दिया उदाहरण

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले दोनों के बीच उम्र के अंतर को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। अब इस मामले में अमीषा पटेल ने अपना रिएक्शन देते हुए सनी देओल के साथ अपनी जोड़ी का उदाहरण भी दिया।

मुंबई में एक इवेंट में आईएएनएस ने अमीषा पटेल से सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के अंतर को लेकर राय पूछी।

इसके जवाब में उन्होंने कहा, मेरे और सनी जी के बीच भी उम्र का बड़ा अंतर है, लगभग 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म काम करती है, तो सब कुछ माफ कर दिया जाता है। दरअसल, अमीषा पटेल ने सनी देओल के साथ दो बार गदर: एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई हैं। वहीं, सलमान खान ने भी इस मामले में ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'जब हीरोइन को प्राब्लम नहीं हो रही है तो आपको क्यों हो रही है। इनकी शादी होगी, बच्ची होगी, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी। सलमान और रश्मिका के अलावा, फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, सुनील शेट्टी, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आए।


इस फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास है। जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है।



# खाकी के सेट पर घबरा गई थीं चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की खाकी-द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज हाल ही में रिलीज हुई। सीरीज के रिलीज होने के बाद एक्ट्रेस ने शूटिंग के कुछ किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के समय 400 लोगों के सामने काफी नर्वस फील कर रही थीं। चित्रांगदा सिंह ने सेट के किस्से शेयर करते हुए कहा कि कुछ मोमेंट ऐसे हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल पाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चित्रांगदा ने बताया, 'एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा चेलेंजिंग किरदारों को चुनती हूं। नार्मल किरदार निभाना कामिक बुक जैसा लगता है।' चित्रांगदा ने कहा कि निबेदिता बसाक की भूमिका निभाना मुश्किल था। एक स्पेशल सीन को करते हुए एक्ट्रेस को काफी घबराहट हुई। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर मुझे करीब 400 लोगों के सामने भाषण देना था। इस सीन को विक्टोरिया मेमो. रियल के ठीक सामने एक बड़े मैदान में शूट किया गया था। मैंने डायरेक्टर के साथ वैन में अपने भाषण की प्रैक्टिस की, लेकिन जैसे ही मैं स्टेज पर चढ़ी और रेडी टू रोल सुना, मुझे काफी घबराहट होने लगी और मैं कुछ सेकेंड के लिए फ्रिज हो गई थी। हालांकि, भीड़ की एनर्जी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। यह मोमेंट मुझे हमेशा याद रहेगा। चित्रांगदा ने साल 2005 में हजारों ख्वाहिश ऐसी से अपना डेब्यू किया था। खाकी: द बंगाल चैप्टर नेटफ्लिक्स पर हिंदी और बंगाली में एक साथ स्ट्रीम होने वाली पहली हिंदी सीरीज है। इसमें चित्रांगदा सिंह, निबेदिता बसाक की भूमिका में नजर आ रही हैं। इनके अलावा जीत मदनानी, प्रोसेनजीत चटर्जी, परमब्रत चटर्जी भी लीड रोल में हैं। खाकी: द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज 20 मार्च 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। यह सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर का स्टैंड अलोन सीक्वल है। इसको नीरज पांडे ने क्रिएट किया है।



**एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना था, पहली बार पालिटिशियन के किरदार में दिखीं**

## रिलीज डेट्स

### 14 अगस्त को रिलीज होगी रजनीकांत की फिल्म 'कुली'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म कुली 14 अगस्त को रिलीज होगी। रजनीकांत एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म कुली की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में। सामने आए पोस्टर में रजनीकांत सीटी बजाते नजर आ रहे हैं। कुली में रजनीकांत के साथ आमिर खान भी नजर आएंगे। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर की भी अहम भूमिका होगी। पूजा हेगड़े इस फिल्म में स्पेशल आइटम नंबर करती नजर आएंगी।

### 14 अप्रैल से शुरू होगा केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन

**मुंबई।** लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति केबीसी सीजन 17 के लिए 14 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। कौन बनेगा करोड़पति ऑफिशियिली तौर पर अपने 17वें सीजन के साथ लौट रहा है।इस बात का खुलासा शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर किया है। प्रोमो में बॉलीवुड के महानायक और केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं।

वही इस प्रोमो में बताया जा रहा है कि इस शो को रजिस्ट्रेशन जल्द ही शुरू होने वाला है। इस प्रोमो वीडियो में अमिताभ बच्चन एक मरीज के रूप में डॉक्टर के सामने दिखाई दे रहे हैं। उनके पेट में दर्द होता है। ऐसे अमिताभ से डॉक्टर पूछते हैं कि उन्होंने ऐसा क्या खाया कि उनके पेट में दर्द होने लगा। फिर डॉक्टर कहते हैं कि आपके पेट में कुछ बात है, जिसकी वजह से आपके पेट में दर्द हो रहा है। इस पर अमिताभ कहते हैं कि छोटी मोटी बात नहीं है एक सरप्राइज है। इसके बाद वो खुलासा करते हैं कि केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल से रात 9 बजे शुरू होने वाले हैं। इस वीडियो को शेयर कर सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन ने कैप्शन में लिखा, 'तैयार हो जाइए 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले ही हैं। यह रजिस्ट्रेशन सोनी एंटरटेनमेंट और सोनी लिव पर शुरू होंगे।

# रूमर्ड बायफ्रेंड वेदांग रैना के साथ दिखीं खुशी

**मुंबई।** जाने-माने फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। काफी वक्त से चर्चा है कि खुशी अपनी डेब्यू फिल्म द आर्चीज के को-अभिनेता वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। इसी बीच दोनों साथ में एयरपोर्ट के बाहर स्पाट हुए। इस समय खुशी और वेदांग के साथ बोनी कपूर और जान्हवी कपूर भी नजर आए। दरअसल, जान्हवी कपूर गुजरात के जामनगर में अपने बायफ्रेंड शिखर पहाड़िया का बर्थडे सेलिब्रेट करने पहुंची हैं। फैमिली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में जान्हवी और बोनी कपूर मुंबई के एक एयरपोर्ट पर दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो में खुशी कपूर को वेदांग के साथ देखा गया। खुशी ने अपने पालतू कुत्ते को भी गोद में उठा रखा था। इसके बाद सभी का एक और वीडियो में सामने आया, इसमें वह जामनगर एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। खुशी की बेस्ट फ्रेंड मुस्कान भी कपूर फैमिली के साथ नजर आईं। खुशी कपूर और वेदांग रैना ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बालीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद से अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिलेशनशिप को आफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो खुशी इस साल दो फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने 2025 की शुरुआत अद्वैत चंदन की रोमांटिक-कामेडी फिल्म लवयापा से की।

इस फिल्म से उन्होंने आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ थिएटर में डेब्यू किया। इसके बाद वह डायरेक्टर शौना गौतम की फिल्म नादानियां में नजर आईं। इसमें खुशी के साथ सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्रा. हिम अली खान भी हैं। इब्राहिम ने इस फिल्म से बालीवुड में डेब्यू किया।

# मंदिर जाने के कारण ट्रोल हो गई सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकार सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस नवरात्रि के मौके पर गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंची। सारा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की। इसके बाद से सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया जा रहा है। सारा अली खान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। फोटोज में सारा सफेद कुर्ता, पायजामा और दुपट्टा पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग काफी भड़क गए हैं। कुछ लोग एक्ट्रेस को नसीहत दे रहे हैं कि वह अपना नाम बदलकर सीता रख लें। सारा को यूजर्स एडवाइस दे रहे हैं कि वह या तो अपना नाम चेंज कर लें या फिर धर्म बदल लें। एक यूजर ने एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, यह सब नाटक हैं। तो वहीं एक ने सवाल किया कि सारा कभी इस्लामिक जगहों पर क्यों नहीं जाती हैं? दूसरे ने लिखा, आप इस तरह इस्लाम को बदनाम नहीं कर सकती। इस पहले फरवरी में सारा अली खान झारखंड के देवघर में बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर गई थीं। सारा ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, जय बाबा बैद्यनाथ, जिसके कारण एक्ट्रेस को कमेंट करके ट्रोल किया जा रहा था।

## अकाल-द अनकॉन्क्वेर्ड

### अनकही कहानियों की कहानी है: गिप्पी ग्रेवाल

**नई दिल्ली।** जाने-माने अभिनेता गायक गिप्पी ग्रेवाल का कहना है कि उनकी फिल्म अकाल-द अनकॉन्क्वेर्ड अनकही कहानियों की कहानी है। हाल ही में अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, निमृत खैरा, निकितिन धीर और गुरप्रीत घुग्गी जैसे सितारे भी अपनी आनेवाली फिल्म अकाल : द अनकॉन्क्वेर्ड के प्रमोशन के सिलसिले में दिल्ली आए। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड की कहानी 1840 के दशक में सेट एक एक्शन ड्रामा है।

जिसमें पंजाब के योद्धा एक विशोधी सेना के खिलाफ खुद का बचाव करते हैं। गिप्पी ग्रेवाल ने बताया कि अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड ऐसी कहानियों के बारे में एक फिल्म है, जो अब तक अनकही रही हैं और इनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है अकाल का मतलब है कालातीत, यानी जिसे किसी भी काल में जीता नही जा सकता। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड का निर्माण करण जौहर (धर्मा प्रोडक्शंस) द्वारा किया गया है और यह फिल्म-10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499